राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 265
लखनऊ, गुरुवार 28 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मस्जिद व ईदगाह के अंदर ही अदा होगी नमाजः डीएम 10

पेट्रोल व ऊर्जा का उपयोग न्यूनतम किया जायेः जयवीर 03

## अवकाश सूचना

समस्त सम्मानित पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं वितरकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28 मई 2026, गुरुवार को बकरीद (ईद-उल-अजहा) के पावन पर्व पर अवकाश होने के कारण समाचार पत्र का प्रकाशन नहीं होगा।

अतः समाचार पत्र का अगला अंक 30 मई 2026, शनिवार को यथावत प्रकाशित होगा।

आप सभी को ईद-उल-अजहा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें।

आज्ञा से
संपादक

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की संवैधानिकता को बरकरार रखा

## यह व्यक्ति को नागरिकता के दावों से वंचित नहीं करता है

एजेंसी, नयी दिल्ली।

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की संवैधानिक वैधता बरकरार रखते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को अंजाम देना चुनाव आयोग की शक्तियों के अधीन है और यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोजित करने के संवैधानिक लक्ष्य के अनुरूप है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि बिहार से शुरू हुई और बाद में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक बढ़ायी गयी एसआईआर प्रक्रिया को केवल इसलिए अमान्य नहीं ठहराया जा सकता कि यह धारा 21(2) के साथ नियम 25 के तहत संशोधन के लिए सोची गयी सामान्य प्रक्रियाओं के हर पहलू के अनुरूप नहीं थी। पीठ ने कहा कि मतदाता सूचियों का संशोधन 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' का उल्लंघन नहीं करता है, बल्कि इसके विपरीत, 'यह धारा 21(3) द्वारा प्रदान किये गये सटीक वैधानिक माध्यम के ज़रिये अनुच्छेद 324 के संवैधानिक आदेश को संबल प्रदान करता है। इस विवादित मुद्दे पर कि क्या चुनाव आयोग मतदाता सूची में शामिल करने के लिए किसी व्यक्ति की नागरिकता की जांच कर सकता है।



▸ 'जिन लोगों के नाम 2003 की सूची से इसलिए हटा दिये गये हैं क्योंकि आयोग की राय में वे नागरिक नहीं हैं, आयोग ऐसे मामलों को चार हफ़्तों के भीतर नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत सक्षम प्राधिकारी को उनकी नागरिकता के निर्धारण के लिए भेजेगा

**आयोग अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन करते हुए मतदाता सूची में शामिल होने की पात्रता के बारे में खुद को संतुष्ट करने के उद्देश्य से नागरिकता के संबंध में सीमित जांच करने के लिए अधिकृत है**

फैसले में कहा गया, 'आयोग अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन करते हुए मतदाता सूची में शामिल होने की पात्रता के बारे में खुद को संतुष्ट करने के उद्देश्य से नागरिकता के संबंध में सीमित जांच करने के लिए अधिकृत है। ऐसी जांच को कड़े अर्थों में नागरिकता का निर्धारण नहीं माना जा सकता। इसके आधार पर की गयी कोई भी कार्रवाई केवल चुनावी परिणामों तक ही सीमित रहती है। उच्चतम न्यायालय ने कहा, 'इस तरह के निर्धारण का परिणाम भी उसी अनुपात में सीमित होता है। यह किसी व्यक्ति के मतदाता सूची में शामिल होने के अधिकार को प्रभावित करता है, और इस तरह चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के उसके अधिकार पर असर डालता है। यह व्यक्ति को नागरिकता के दावों से वंचित नहीं करता है, और न ही यह नागरिकता अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा उस सवाल के निर्धारण के रास्ते बंद करता है। चुनाव आयोग द्वारा की गयी एसआईआर प्रक्रिया की संवैधानिकता को सही ठहराते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'एसआईआर प्रक्रिया न तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और 1960 के नियमों के सीधे विरोध में है, और न ही यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक अनिवार्यता को कम करती है।

# भीषण गर्मी के बीच प्रधानमंत्री ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति के बीच नागरिकों से सतर्क रहने और सभी आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है। उन्होंने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, बाहर निकलते समय पानी साथ रखने और जरूरतमंदों को पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कई पोस्ट साझा करते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी सभी के लिए चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने लोगों को हीट एग्जॉशन के लक्षणों जैसे चक्कर आना, मतली और अत्यधिक थकान को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को कमजोरी, सिरदर्द या अस्वस्थता महसूस हो तो उसे तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर ले जाकर पानी और ओआरएस उपलब्ध कराना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग अत्यधिक गर्मी में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि लक्षणों की अनदेखी करने पर स्थिति गंभीर होकर हीटस्ट्रोक का रूप ले सकती है। मोदी ने लोगों से अपने माता-पिता, दादा-दादी और अन्य बुजुर्ग परिजनों का विशेष ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें नियमित रूप से फोन कर हालचाल लें और पर्याप्त पानी पीने, दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलने तथा पर्याप्त आराम करने की सलाह दें। प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों और जानवरों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि घरों, बालकनी, छत, दुकानों और कार्यालयों के बाहर पानी से भरे छोटे बर्तन रखना प्यासे पक्षियों और जानवरों के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री ने लिखा, 'देश के अलग-अलग हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही दैनिक जीवन में गर्मी से होने वाली कई कठिनाइयां भी बढ़ रही हैं। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि जितनी अधिक सावधानी बरत सकें, अवश्य बरतें। कृपया स्वयं को हाइड्रेटेड रखें, घर से बाहर निकलते समय पानी साथ रखें। ऐसे मौसम में आपकी संवेदनशीलता भी बहुत बड़ा सहारा बन जाती है। यदि संभव हो, तो किसी प्यासे व्यक्ति को एक गिलास पानी अवश्य दें। मैं ऐसे लोगों की सराहना भी करूंगा जो अपने घरों के और दुकानों के बाहर मटके में जल रखते हैं ताकि कोई भी उनसे पानी पी सके। एक अन्य पोस्ट में लिखा, 'जब भी संभव हो, अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी और अन्य प्रियजनों को फोन कर उनका हालचाल अवश्य पूछें। उन्हें पर्याप्त पानी पीने, दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलने और जितना हो सके, आराम करने की सलाह दें।' प्रधानमंत्री ने लिखा, 'इस प्रचंड गर्मी में हमें अपने आसपास के पशु-पक्षियों को भी नहीं भूलना चाहिए। अपने घर, बालकनी, छत, दुकान या ऑफिस के बाहर पानी से भरा एक छोटा-सा बर्तन रखना भी किसी प्यासे पक्षी के लिए जीवनदान बन सकता है।



## प्रधानमंत्री मोदी ने नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा,'' पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि''। उल्लेखनीय है कि 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद ( अब प्रयागराज) में जन्मे नेहरू ने 27 मई 1964 को अंतिम सांस ली। उन्होंने 15 अगस्त 1947 से अपने निधन तक लगातार 16 वर्ष और 286 दिन तक देश का नेतृत्व किया। उनकी पुस्तकों में ' भारत की खोज' महत्वपूर्ण कृति है। नेहरू का समाधि स्थल शांति वन है। यह नई दिल्ली में महात्मा गांधी के समाधि स्थल (राजघाट) के ठीक उत्तर में रिंग रोड पर यमुना नदी के किनारे स्थित है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध, अफवाहों पर न दें ध्यान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का कहना है कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त से अधिक भंडार है और घरेलू और औद्योगिक दोनों जरूरतों को पूरा करने में कोई समस्या नहीं है। देश की 22 चालू रिफाइनरियों की कुल स्थापित क्षमता 2581 लाख टन प्रतिवर्ष है। नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों, राज्य सरकारों और उद्योग निकायों के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, फिक्की तथा सीआईआई के साथ स्थिति की समीक्षा की है। समीक्षा में यह स्पष्ट हुआ कि किसी भी पेट्रोलियम उत्पाद की वास्तविक कमी नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी उथल-पुथल के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि का पूरा बोझ खुदरा ग्राहकों पर नहीं डाला।

### पराली से निकलने वाला धुआं उत्तर भारत के लोगों में बढ़ा रहा उच्च रक्तचाप का खतराः एम्स

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर भारत में रहने वाले लोगों के लिए पराली का धुआं न सिर्फ फेफड़े बल्कि रक्त चाप (बीपी) को भी बढ़ा सकता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शोधकर्ताओं के एक नए अध्ययन से पता चला कि फसल अवशेष(पराली) जलाने से निकलने वाला धुआं उत्तर भारत में रहने वाले लोगों में उच्च रक्तचाप का खतरा काफी बढ़ा सकता है। बुधवार को पत्रकार वार्ता में एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अंबुज रॉय ने बताया कि पराली के धुएं से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में अपेक्षाकृत स्वच्छ क्षेत्रों में रहने वालों की तुलना में उच्च रक्तचाप विकसित होने की संभावना लगभग 15 प्रतिशत अधिक पाई गई है।

# ईरान-अमेरिका समझौते के मसौदे पर बड़ा दावा



**एजेंसी, तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी बातचीत को लेकर ईरान की सरकारी मीडिया ने बड़ा दावा किया। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों के बीच तैयार किए जा रहे समझौता ज्ञापन (एमओयू) के मसौदे में अमेरिका द्वारा ईरान के आसपास से सैन्य बलों की वापसी और ईरानी बंदरगाहों पर लगे प्रतिबंध हटाने का प्रस्ताव शामिल हो सकता है। हालांकि इस संबंध में अमेरिकी पक्ष की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ईरानी सरकारी प्रसारण माध्यम की रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान भी बदले में एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर तक बहाल करने के लिए सहमत हो सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि समुद्री यातायात के संचालन और मार्ग निर्धारण का काम ईरान और ओमान के सहयोग से किया जा सकता है। हालांकि सैन्य जहाजों को इस व्यवस्था से बाहर रखने की बात कही गई है। सूत्रों के मुताबिक, समझौते की रूपरेखा अभी अंतिम रूप में नहीं पहुंची है और तेहरान ने स्पष्ट किया है कि किसी भी कदम से पहले ठोस सत्यापन आवश्यक होगा।

▸ समुद्री आवाजाही बहाल करने की तैयारी

### दक्षिणी लेबनान के टायर शहर के लिए इजराइल का निकासी आदेश, सैन्य अभियान का दायरा बढ़ा

**एजेंसी, यरुशलम/बेरूत।** इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के तटीय शहर टायर के निवासियों के लिए निकासी चेतावनी जारी की है। इसे शहर के लिए अब तक की सबसे बड़ी चेतावनियों में से एक माना जा रहा है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब इजराइली सेना लेबनान में अपने सैन्य अभियानों का दायरा लगातार बढ़ा रही है। इजराइली सेना के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान दक्षिणी लेबनान और बेक्का घाटी क्षेत्र में हिजबुल्लाह से जुड़े 150 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें टायर क्षेत्र भी शामिल बताया गया है। इससे पहले इजराइल ने नबातियेह शहर के लिए भी निकासी चेतावनी जारी की थी। यह शहर लितानी नदी के उत्तर में स्थित है।

## राष्ट्रीय महिला आयोग ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को मजबूती देने के लिए सौंपी अपनी रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने बुधवार को मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 'मुस्लिम महिलाओं के अधिकार ' विषय पर अपनी सिफारिश रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। यह रिपोर्ट गृह मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को भेजी गई है। आयोग ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुस्लिम महिलाओं के कानूनी, सामाजिक और संवैधानिक अधिकारों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख सिफारिशों में मुस्लिम पर्सनल लॉ का व्यापक संहिताकरण, विवाह का अनिवार्य पंजीकरण, बाल विवाह पर रोक, महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा, संपत्ति और विरासत में अधिकार मजबूत करना शामिल है। आयोग ने 'पारो सिस्टम' जैसी शोषणकारी प्रथाओं पर तत्काल रोक लगाने, पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास, पहचान और रोजगार सहायता की भी सिफारिश की है। इसके साथ आयोग ने कानूनी सहायता प्रणाली, हेल्पलाइन और जागरूकता अभियान को और मजबूत बनाने पर जोर दिया है, ताकि मुस्लिम महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके। आयोग ने संबंधित मंत्रालयों से इन सिफारिशों को प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की है, जिससे देशभर में मुस्लिम महिलाओं को न्याय, सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। आयोग ने बताया कि इस रिपोर्ट तैयार करने के संबंध में 1 अगस्त 2025 को नई दिल्ली में राउंड टेबल कंसल्टेशन आयोजित किया गया था, जिसमें केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, कानूनी विशेषज्ञ, शिक्षाविद, महिला अधिकार संगठनों के प्रतिनिधि, धार्मिक विद्वान और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में मुस्लिम महिलाओं से जुड़े विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता, बच्चों की कस्टडी और संपत्ति में अधिकार जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

## चारधाम यात्रा मार्गों पर घोड़ा-खच्चरों के संचालन के लिए नई एसओपी लागू

**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के साथ-साथ अश्ववंशीय पशुओं के संरक्षण एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए केदारनाथ धाम, यमुनोत्री धाम, हेमकुंड साहिब और आदि कैलाश यात्रा मार्गों पर घोड़ा-खच्चरों के संचालन के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू कर दी है। शासन की ओर से जारी यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगी। अपर सचिव संतोष बडोनी ने बुधवार को जारी एक शासनादेश में कहा गया है कि नई एसओपी उच्च न्यायालय नैनीताल और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई है। इसके तहत यात्रा मार्गों की वहन क्षमता निर्धारित की गई है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर अधिकतम पांच हजार, हेमकुंड साहिब मार्ग पर लगभग 1050 और यमुनोत्री मार्ग पर लगभग 595 अश्ववंशीय पशुओं के संचालन की अनुमति होगी।



नई व्यवस्था के तहत सभी घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का उत्तराखंड प्रवास

▸ संगठन, संत समाज और युवा संवाद पर रहेगा फोकस



**एजेंसी, देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के उत्तराखंड प्रवास के दौरान दो नए का र्यक्रम और जोड़े गए हैं। वे संगठनात्मक बैठकों, जनप्रतिनिधियों से संवाद व युवाओं से जुड़े कार्यक्रमों के साथ अब संत समाज और शिक्षाविदों से भी मुलाकात करेंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष परमार्थ निकेतन में गंगा आरती में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष संत समाज से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे और धार्मिक व सामाजिक विषयों पर संवाद भी करेंगे। चौहान ने बताया कि इसके साथ ही प्रवास के दौरान विभिन्न संगठनात्मक बैठकों, जनप्रतिनिधियों के संवाद और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 28 मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। यहां से वे प्रदेश पार्टी कार्यालय जाएंगे। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में नवीन प्रदेश कोर कमेटी और मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद नितिन नवीन 29 मई को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मुलाकात करेंगे। यहां से राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूरी के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और परिजनों से भेंट करेंगे। इसके बाद सांसदों और विधायकों के साथ बैठक होगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि इसी दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष की प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और जिलाध्यक्षों के साथ संगठनात्मक बैठक भी प्रस्तावित है। महापौरों, नगर निकाय प्रतिनिधियों, जिला पंचायत अध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों के साथ अलग बैठक होगी। शाम को मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी विभाग के कार्यकर्ताओं और प्रदेश प्रवक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम रखा गया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि 30 मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष टपकेश्वर मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद बूथ अध्यक्ष के आवास पर जलपान और बूथ समिति की बैठक में भाग लेंगे। कार्यक्रम के अनुसार डाकरा बाजार क्षेत्र में बूथ समिति के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी आयोजित की जाएगी। प्रवास के अंतिम दिन शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में 'विकसित भारत 2047 : उच्च शिक्षा की परिवर्तनकारी भूमिका' विषय पर प्रबुद्ध गोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल होंगे।

### व्यापार समझौते के लिए भारत आएगी अमेरिकी टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पारस्परिक और परस्पर लाभकारी व्यापार संबंधित अंतरिम समझौते के लिए मुख्य वार्ताकार के नेतृत्व में अमेरिकी टीम 1 से 4 जून तक भारत दौरे पर आएगी। वाणिज्य मंत्रालय ने आज इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने और बाजार पहुंच, गैर-टैरिफ उपाय, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन, आर्थिक सुरक्षा संरेखण जैसे कई क्षेत्रों पर व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका ने 7 फरवरी को संयुक्त वक्तव्य जारी कर पारस्परिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के ढांचे पर सहमति व्यक्त की थी।

# पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के स्लीपर सेल से जुड़े चार आतंकी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और एसटीएफ की सयुंक्त टीमों ने बुधवार को पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के स्लीपर सेल से जुड़े चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये अभियुक्त के सोशल मीडिया एवं वीडियो कॉलिंग के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे। जांच में यह भी पता चला है कि ये लोग संवेदनशील स्थलों की रेकी, युवाओं को जोड़ने और आतंकी-विध्वंसक गतिविधियों की साजिश में शामिल होने के तथ्य सामने आए हैं। उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था (एडीजी) अमिताभ यश ने बताया कि लगतार सूचनाएं मिल रही थी कि भारतीय युवाओं को भ्रमित कर एवं आर्थिक लाभ का प्रलोभन देकर एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत देश में सामाजिक सौहार्द, एकता, अखंडता, संप्रभुता एवं सुरक्षा को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न राज्यों में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के निर्देश पर पाकिस्तानी गैंगेस्टर शहजाद भट्टी एवं आबिद जट्ट के आतंकी नेटवर्क द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से स्लीपर सेल बनाने व आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उकसाने का कार्य किया जा रहा है। इस मामले को संज्ञान में लेने के बाद एटीएस एवं एसटीएफ टीम को सक्रिया किया और प्रदेश में लगभग 200 संदिग्धों को खंगाला गया, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण तथ्य मिले हैं। इसके आधार पर एटीएस ने चार अभियुक्त सहारनपुर जिले का रहन वाला महकाब, शाहरुख, मुजफ्फरनगर का रहने वाला गगनदीप उर्फ गुरी सिंह और उत्तराखंड निवासी मुशर्रफ को सहारनपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने पर महकाब और गगनदीप उर्फ गुरी ने बताया कि इंस्टाग्राम के माध्यम से पाकिस्तानी गैंगेस्टर शहज़ाद भट्टी एवं आबिद जट्ट से जुड़े थे। आबिद जट्ट ने लोगों को अन्य राज्य की एक राजनैतिक पार्टी के कार्यालय, अस्पताल व एक आदमी, जिसके कई स्कूल है, को निशाना बनाकर उड़ाने के लिए, रेकी करने के लिये कहा था। आबिद जट्ट ने यह भी कहा था कि यह काम हो जाने के बाद इन लोगों को अगला टारगेट दिया जाएगा। आबिद जट्ट ने इन लोगों को भारत में कई जगहों पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अधिक से अधिक नव युवकों को अपने साथ जोड़ने के लिए भी कहा था। गैंगेस्टर शहजाद भट्टी एवं आबिद जट्टके आतंकी मंसूबों को अंजाम देने के लिए महकाब और गगनदीप ने अपने साथ शाहरुख और मुशर्रफ को जोड़ा था। इन लोगों ने एक अस्पताल उड़ाने के लिए रेकी और हथियार आदि खरीदने की बात स्वीकारी है। यह भी बताया कि पिछले मार्च महीने में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से महकाब व गगनदीप ने नोएडा में मीटिंग की थी, जिससे वह अपने आतंकी मंसूबों को अंजाम दे सके। मीटिंग में अभियुक्तों के बीच पैसे व हथियार आदि लेने की बात हुई थी।



**वायरस** | गुजरात में इबोला का पहला संदिग्ध मामला

# वडोदरा का युवक अहमदाबाद में भर्ती

▸ अफ्रीकी देशों से गुजरात आने वालों को अनिवार्य क्वारंटीन किया जाएगा

**एजेंसी, अहमदाबाद।** अफ्रीकी देश कांगो में इन दिनों इबोला वायरस का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। कांगो के पूर्वी इतुरी प्रांत में अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 246 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है। इसी के चलते गुजरात सरकार भी सतर्क हो गयी है और अफ्रीकी देशों से आने वाले लोगों को होम आइसोलेशन में रखा जा रहा है। मुंबई के रास्ते वडोदरा पहुंचे 37 वर्षीय युवक में इबोला जैसे संदिग्ध लक्षण मिलने के बाद उसे अहमदाबाद की सिविल अस्पताल में भर्ती कर 11 दिनों के लिए क्वारंटीन किया गया है। उसके ब्लड सैंपल लेकर विभिन्न जांचें की जा रही हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पानसेरिया ने बताया कि युवक कांगो से मुंबई होते हुए वडोदरा पहुंचा था। एहतियात के तौर पर उसे निगरानी में रखा गया है। अब तक उसकी किसी भी रिपोर्ट में इबोला की पुष्टि नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार संदिग्ध मरीज के संपर्क में आए एक डॉक्टर और दो अन्य लोगों को भी सावधानी के तौर पर क्वारंटीन किया गया है। सरकार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि फिलहाल भारत या गुजरात में इबोला का कोई भी कन्फर्म केस सामने नहीं आया है। अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (एएमसी) ने भी विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। युगांडा, दक्षिण सूडान और कॉंगो से अहमदाबाद आने वाले लोगों की एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग की जा रही है और उन्हें होम आइसोलेशन में रखा जा रहा है। एसवीपी अस्पताल में इबोला संदिग्ध मरीजों के लिए 60 बेड का अलग वार्ड तैयार किया गया है।एएमसी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. भाविन सोलंकी ने बताया कि राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार एयरपोर्ट, सिविल अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय बनाकर निगरानी की जा रही है। पिछले तीन दिनों में युगांडा से 11 लोग अहमदाबाद पहुंचे हैं। इनमें थलतेज के 10 और जोधपुर क्षेत्र का 1 व्यक्ति शामिल है। सभी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। किसी में भी फिलहाल कोई लक्षण नहीं पाए गए हैं और न ही वे किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं।



# खेत में पानी लगा रही महिला पर तेंदुआ ने किया हमला

**हमला करने के बाद पेड़ पर बैठा तेंदुआ, पकड़ने के लिए वन कर्मी तैनात**





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को खेत में काम कर रहे पति-पत्नी पर तेंदुए ने हमला कर दिया। उन्हें बचाने दौड़े एक युवक पर भी झपट्टा मारा। हमले में तीनों गंभीर घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। घायल दंपती और युवक को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 7 घंटे हो गए लेकिन वन विभाग की ओर से तेंदुए को पकड़ने की अभी तक कोई ठोस तैयारी नहीं की गई है। तेंदुआ सुबह 10.45 बजे से पेड़ पर चढ़ा है। मौके पर दो थाने की पुलिस तैनात है। वन रेंजर एसके तिवारी ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है। तब तक लोगों को सतर्क रहने और अकेले खेतों में न जाने की सलाह दी गई है। मामला मोतीपुर वन रेंज क्षेत्र का है।दरअसल, दलजीतपुरवा के मजरा पंडित पुरवा निवासी रामावती (45) अपने पति रामेश्वर पासी (50) के साथ सुबह करीब 10 बजे गन्ने के खेत में पानी लगाने गई थीं। दोनों खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक पीछे से आए तेंदुए ने रामावती पर हमला कर दिया। वह गिर पड़ीं। उनके चेहरे, गर्दन और हाथ पर चोट आई है। पत्नी बचाने के लिए पति रामेश्वर चिल्लाते हुए मौके पर पहुंचे। तेंदुए ने उन पर भी हमला कर दिया। शोर सुनकर बगल के खेत में काम कर रहा गोलू (17) पुत्र पेशकर आर्या दौड़ पड़ा। तेंदुए ने उस पर भी झपटा मारा। तीनों की चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने हाक लगाते हुए शोर मचाया, जिसके बाद तेंदुआ भागकर पास के एक पेड़ पर चढ़ गया। घायल दंपती और युवक को आनन-फानन में मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही खैरीघाट और मोतीपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और इलाके में निगरानी शुरू कर दी।घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। उनका कहना है कि क्षेत्र में जंगली जानवरों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में खेतों में काम करना भी जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि 7 घंटे हो गए लेकिन वन विभाग की ओर से तेंदुए को पकड़ने की अभी तक कोई ठोस तैयारी नहीं की गई है। तेंदुआ सुबह 10.30 बजे से पेड़ पर चढ़ा है। वहीं, रेंजर मोतीपुर एसके तिवारी ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम पिंजड़ा लगा रही है।

## परागीबेली पुल के पास बड़ा हादसाः ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल के नीचे गिरी, चालक की दर्दनाक मौत

**नानपारा गल्ला मंडी से घर वापस लौटते समय हुआ हादसा**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के थाना खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत परागीबेली पुल के पास मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पाठक पुरवा निवासी डिसी सिंह पुत्र देसराज सिंह ने थाना खैरीघाट में सूचना दी कि उनका भाई बलराम सिंह (32 वर्ष) पुत्र देसराज सिंह सोमवार रात करीब 11:45 बजे नानपारा गल्ला मंडी से अपने सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान परागीबेली गांव के पास चौकसाहार क्षेत्र स्थित पुल के निकट ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और पुल के नीचे जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर के नीचे दबने से बलराम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना खैरीघाट पुलिस मौके पर पहुंची।

## बकरीद त्योहार के मद्देनजर महिला आरक्षी प्रियंका पाण्डेय ने महिलाओं को पढ़ाया मिशन शक्ति का पाठ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



देहात कोतवाली की मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को मिशन शक्ति का पाठ पढ़ाया। महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला आरक्षी प्रियंका पांडेय ने कहा कि महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा और सम्मान की शुरुआत हर घर से होनी चाहिए। बेटी-बेटा में कोई भेद-भाव नहीं करना चाहिए। कोख में बेटियों की भ्रूण हत्या और बाल-विवाह की सार्वजनिक रूप से निंदा होनी चहिए। महिला आरक्षी शिव वती ने बताया कि महिलाओं व युवतियों को अपने खिलाफ होने वाली हिंसा या अपराध की शिकायत जरूर करना चाहिए। इसके लिए 1090, 1070, 189 हेल्पलाइन नंबर सरकार द्वारा जारी किए गए हैं। अगर किसी को कहीं भी महिला या बेटी के साथ बदसलूकी होते हुए दिखाई दे तो वह तुरंत ही महिला हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करके पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं,उत्तर-प्रदेश पुलिस आप सब की सेवा में सदैव ततपर मिलेगी।इस अवसर पर उप निरीक्षक रवि यादव,जय प्रकाश कुशवाहा, आरक्षी अखिलेश वर्मा, निखिल मौर्य, महिला आरक्षी प्रियंका, अंकिता, कोमल, सुप्रिया व अभिलाषा मौजूद रही।

## बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट

**कस्बों और गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए कैसरगंज पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव के निर्देश पर थाना अध्यक्ष राजेश शुला के नेतृत्व में बुधवार को थाना क्षेत्र में व्यापक लैग मार्च निकाला गया। लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के विभिन्न कस्बों और गांवों में भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि बकरीद के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने, अफवाह फैलाने या किसी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सत कार्रवाई की जाएगी।

## मकानों की शत-प्रतिशत गणना पूर्ण करने वाले 200 प्रगणक होंगे सम्मानित

**जिला जनगणना अधिकारी के हाथों सम्मानित हुईं 2 प्रगणक**

**20 जून तक चलेगा मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** तहसील नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड रिसिया के प्राथमिक विद्यालय बड़गांव प्रथम की सहायक अध्यापिका ज्योति गौड़ व प्राथमिक विद्यालय पड़रीतारा की सहायक अध्यापिका सीमा पाल द्वारा समय से पूर्व मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एच.एल.बी.) का कार्य पूर्ण करने पर कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी अमित कुमार द्वारा सम्मानित किया गया है। श्री कुमार ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य प्रगणकों को तहसील स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर/ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी भी मौजूद रहे। एडीएम श्री कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 6233 प्रगणकों को जनगणना कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें से 200 प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एच.एल.बी.) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एडीएम श्री कुमार ने जनपदवासियों से अपील की है कि जनगणना कार्य में लगे हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरा सहयोग प्रदान करें। जनगणना ही विकास योजनाओं की नींव तैयार करने का आधार है। जनगणना की पूरी प्रक्रिया सुरक्षित है और जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी गोपनीय रखी जाती है।

## अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाईः ताजपुर में देर रात छापेमारी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ राजस्व विभाग ने मंगलवार रात बड़ी कार्रवाई की। नायब तहसीलदार हर्षित पाण्डेय के नेतृत्व में राजस्व टीम ने ताजपुर क्षेत्र में छापेमारी कर एक मड लोडर और तीन ट्रैक्टर जब्त किए। कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मौके से फरार होने में सफल रही। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब 10 बजे नायब तहसीलदार हर्षित पाण्डेय रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान ताजपुर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर टीम ने छापा मारा। मौके पर एक मड लोडर, एक ट्रैक्टर और तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मिट्टी खनन में लगी मिलीं। राजस्व टीम को देखकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन लेकर भाग निकला, जबकि अन्य वाहनों को मौके पर पकड़ लिया गया। जब्त वाहनों से निकाली गई मिट्टी खेत में ही गिरा दी गई। सभी वाहनों को कब्जे में लेकर नानपारा कोतवाली में खड़ा कराया गया है। जब्त किए गए ट्रैक्टरों में 540 छ्रुङ्ग, सोनालिका छ्ठ्ठ 35 ऋङ्ग और सोनालिका छ्ठ्ठ 50 ऋङ्ग शामिल हैं। मामले में कलामुद्दीन पुत्र जाबिर अली, अरशद खान पुत्र नूर मोहम्मद और शाहिद पुत्र साबिर के बयान दर्ज किए गए हैं। सभी आरोपी टेडिया और पचपेड़वा गांव के निवासी बताए गए हैं। राजस्व विभाग के अनुसार, चालकों ने शपथपूर्वक स्वीकार किया कि वे बिना अनुमति मिट्टी का खनन कर उसे बेच रहे थे। नानपारा तहसील क्षेत्र में लगातार अवैध खनन की शिकायतें मिल रही हैं। प्रशासन की ओर से समय-समय पर कार्रवाई के बावजूद खनन माफिया सक्रिय बने हुए हैं।

## खबरें एक नजर में

### पिकअप टैंपो की जबरदस्त भिड़ंत में एक महिला की मौत, दो घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लखनऊ मार्ग स्थित बाल पुर जाट ग्राम के पास मंगलवार की देर रात्रि में एक टैंपो और पिकअप में जबर दस्त टक्कर हो गई। जिस में एक महिला का हाथ कट कर अलग हो गया।इलाज के दौरान उस की मेडिकल कालेज में मौत हो गई। बाकी एक महिला और एक वृद्ध को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गय है। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर अमरहा सिकहा गांव के निवासी 60 वर्षीय मीरा देवी पत्नी गोपाल अपने पड़ोसी सविता देवी पत्नी अर्जुन उसी थाना क्षेत्र के कस्तूरी परसा महेश्वरी गांव के निवासी 60 वर्षीय देवी दयाल तिवारी पुत्र भुल्लर टैंपो में सवार हो कर कर्नल गंज आ रहे थे।तभी मंगलवार की देर रात्रि में विपरीत दिशा से आ रही पिकअप से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंपो अनियंत्रित हो कर पलट गई। उस में सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए। टैंपो में सवार मीरा देवी का एक हाथ कट कर अलग हो गया। घायल अवस्था में ही सड़क पर तड़प रही थी। आसपास के लोगों ने इस की जानकारी पुलिस को दिया। मौके पर पुलिस पहुंच गई और सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज एम्बुलेंस से भेजवाया गया। करीब दो घंटा तक इलाज चलने के बाद घायल महिला मीरा देवी की मौत हो गई। मृतका मीरा देवी अपने पड़ोस के सविता देवी गर्भवती है उस को दिखाने महिला अस्पताल आई थी। दिखा कर वापस टैंपो में सवार हो कर घर जा रही थी।इस घटना की जानकारी घर वालो को मिलते ही घर में कोहराम मच गया। नगर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### महिला का मंगलसूत्र छीनने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि काजल पासवान पत्नी सन्तोष पासवान निवासी ग्राम टेढवा गुलाम थाना इटियाथोक द्वारा नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि सोमवार को समय करीब 3ःबजे दोपहर ठठेरी बाजार से सामान खरीदकर वापस जाते समय गुड्डू मल चौराहे के पास एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके गले में पहना लाल रंग के मोतियों वाला मंगलसूत्र झपट्टा मारकर छीन लिया गया तथा मौके से फरार हो गया। धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण हेतु थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन अवलोकन करने के बाद पांडेय बाजार चौकी प्रभारी प्रशांत गुप्ता ने अजय उर्फ कालिया पुत्र राम चंद्र निवासी मोहल्ला राधे पूर्व निकट कब्रिस्तान को गिरफ्तार कर के जेल भेजा है।

### गोंडा में भी खुल गया है एसआर वाटर पार्क



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को गोंडा मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर मलारी गांव में एस आर वाटर पार्क का उद्घाटन स्थानीय सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह के द्वारा किया गया इस वाटर पार्क का निर्माण गोविंद मिश्रा एवं ब्रह्मा दत्त मिश्रा के द्वारा किया गया पत्रकार वार्ता में गोविंद मिश्रा ने बताया की हमारे दिमाग में एक ख्याल आया लोगों को बच्चों के साथ अगर इंजॉय करना है तो लखनऊ जैसे शहर में जाना पड़ता है तो हमने गोंडा में इस वाटर पार्क का निर्माण कराया वाटर पार्क की विशेषता बच्चे एवं बड़ों के लिए स्विमिंग पूल जिसमें कॉस्टयूम इत्यादि भी उपलब्ध कराया जाता है बाकी सभी दिनों में जहां प्रति बच्चा ?400 लिया जाता है वहीं रविवार के दिन 500 कर दिया जाता है आज पहले दिन विधायक सदर के उद्घाटन के बाद लोगों ने काफी इंजॉय किया गोविंद मिश्रा के द्वारा बताया गया कि विधायक जी ने मलारी से लेकर और मुख्य मार्ग तक इस सड़क को 9 मीटर चौड़ा करने की बात कही जिसके लिए भी धन्यवाद के पात्र हैं जब गोविंद मिश्रा जी से वाटर पार्क के टाइमिंग की बात पूछी गई तो उन्होंने बताया कि सुबह 9:00 से शाम को 5:00 तक खुला रहेगा यह पार्क जिससे सभी को इंजॉय करने में मदद मिलेगी।

## रिश्वत लेते पकड़ा गया लेखपाल

**जमीन के रिकॉर्ड के नाम पर 70 हजार लिए फिर मांगे 20 हजार, 10 हजार लेते गिरफ्तार**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** एंटी करप्शन टीम गोंडा ने महसी तहसील के सराय मेहराबाद में तैनात राजस्व लेखपाल उमेश कुमार पाठक को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। टीम ने निरीक्षक धनंजय सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद टीम लेखपाल को देहात कोतवाली ले गई, जहाँ उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।रामगांव थाने के तमाचपुर गाँव निवासी दुलारे यादव ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। दुलारे यादव को अपने दादा के नाम की भूमि से संबंधित एक अदालती मामले के लिए भू-अभिलेख कुर्री की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने सराय मेहराबाद के राजस्व लेखपाल उमेश कुमार पाठक से संपर्क किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, लेखपाल पाठक ने इस काम के लिए पहले 70 हजार रुपये लिए थे, लेकिन काम पूरा नहीं किया। बाद में, उन्होंने 20 हजार रुपये और की मांग की। दुलारे यादव ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। मंगलवार देर रात टीम ने देहात कोतवाली इलाके के भोगाजोत के पास से लेखपाल उमेश कुमार पाठक को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

## सीएम डैशबोर्ड की मंडलीय समीक्षा बैठक में आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल सख्त



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंडल के सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों के साथ प्रदेश सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों से संबंधित सीएम डैशबोर्ड की मंडलीय समीक्षा बैठक की। बैठक में अन्य जनपदों के जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे, जबकि संयुक्त विकास आयुक्त, डीएम गोंडा एवं सभी मंडलीय अधिकारी भौतिक रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयुक्त ने मंडल में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभागीय उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यक्रमों, लंबित प्रकरणों, विभागीय रैंकिंग तथा जनहित से जुड़े कार्यों की प्रगति पर गहन चर्चा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए। आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की रैंकिंग शासन स्तर पर कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण मानक है, इसलिए जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वे तत्काल सुधारात्मक कदम उठाकर अपनी रैंकिंग बेहतर करें। उन्होंने कहा कि किसी एक विभाग की खराब स्थिति से पूरे मंडल की रैंकिंग प्रभावित होती है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित समीक्षा, प्रभावी मॉनिटरिंग और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर विशेष कैंप आयोजित कर फैमिली आईडी बनाने का कार्य तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों का शीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित कर शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जाए तथा इस कार्य में मंडल की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में आयुक्त ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्रों की समयबद्ध जांच कर पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी आवेदन निर्धारित समय सीमा से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। साथ ही लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक पहुंचे तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने योजना की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-हरदाही विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 28.5.2026-027

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरदाही की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिबल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 30-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-1-6-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

श्रीमती कोयला — ग्राम प्रधान
अर्जुन कुमार — ग्राम पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत- प्रतापपुर उपरहर विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 28.5.2026-027

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत प्रतापपुर उपरहर की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिबल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 30-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-1-6-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

प्रेमा देवी — ग्राम प्रधान
अर्जुन कुमार — ग्राम पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत रमनगरा विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 28.5.2026-027

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रमनगरा की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिबल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 30-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-1-6-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

निर्मला देवी — ग्राम प्रधान
अर्जुन कुमार — ग्राम पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत-बड़ागांव विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 28.5.2026-027

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बड़ागांव की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिबल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 30-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-1-6-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

फूला देवी — ग्राम प्रधान
अर्जुन कुमार — ग्राम पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत-गंगा जमुनी विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 28.5.2026-027

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गंगा जमुनी की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिबल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 30-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-1-6-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

राजेश कुमारी — ग्राम प्रधान
अर्जुन कुमार — ग्राम पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत-डोलकुआ विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 28.5.2026-027

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डोलकुआ की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट,RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिबल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 30-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-1-6-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

अभिषेक कुमार — ग्राम प्रधान
अर्जुन कुमार — ग्राम पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत-बंजरिया विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 28.5.2026-027

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बंजरिया की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिबल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 30-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-1-6-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

रंजीत कुमार — ग्राम प्रधान
अर्जुन कुमार — ग्राम पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत-जमुनहा कला विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 28.5.2026-027

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जमुनहा कला की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिबल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 30-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-1-6-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

सुमन चौहान — ग्राम प्रधान
अर्जुन कुमार — ग्राम पंचायत सचिव

# प्री-प्राइमरी शिक्षा की नींव मजबूत कर रही सरकार

## 'किताब वितरण ऐप' से होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

- बदल रही बुनियादी शिक्षा की तस्वीर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** योगी सरकार शिक्षा सुधार को प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के साथ प्री-प्राइमरी स्तर तक मजबूत करने में जुटी हुई है। को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए गतिविधि आधारित आधुनिक शिक्षण सामग्री का वितरण शुरू किया गया है। 'चहक-1, 2, 3', 'कदम', 'कलांकुर', बिग बुक, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड और बालवाटिका पुस्तिका जैसी सामग्री के माध्यम से अब लाखों नौनिहालों को



शुरुआती शिक्षा का नया और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। योगी सरकार की पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उस विजन को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा ईसीसीई को बच्चों की सीखने की बुनियाद माना गया है। अब आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं को केवल पोषण और देखभाल तक सीमित न रखते हुए उन्हें प्रारंभिक शिक्षा और गतिविधि आधारित शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं में आयु वर्ग के अनुसार शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। 'चहक-1', 'चहक-2', 'चहक-3', 'कदम', 'कलांकुर', बालवाटिका हस्तपुस्तिका, 12 प्रकार की बिग बुक, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड और शिक्षण तालिकाएं वितरित की जाएंगी। प्रदेश में पहले ही बेसिक शिक्षा के अंतर्गत बड़े स्तर पर स्मार्ट स्कूल, ऑपरेशन कायाकल्प, डिजिटल मॉनिटरिंग और निपुण भारत मिशन जैसे अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

### योगी का डिजिटल विजन, प्रोजेक्ट गंगा जल्द होगा 'लाइव'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से डिजिटल आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी 'प्रोजेक्ट गंगा' अब जल्द 'लाइव' होने जा रहा है। सरकार की ओर से परियोजना से जुड़े लगभग सभी प्रमुख माइलस्टोन पूरे कर लिए गए हैं और अब इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। प्रोजेक्ट गंगा का उद्देश्य गांवों और छोटे शहरों तक आधुनिक डिजिटल सेवाओं को पहुंचाना है ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी हाई स्पीड इंटरनेट और नई तकनीकों से सीधे जुड़ सकें। परियोजना के तहत ग्रामीण इलाकों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, फ्री पब्लिक वाई-फाई, साइबर सिक्योरिटी, आईपीटीवी और डिजिटल सेवाओं का बड़ा नेटवर्क तैयार किया जाएगा। प्रोजेक्ट गंगा की शुरुआत जुलाई 2025 में प्रारंभिक सीडिंग के साथ हुई थी। दिसंबर 2025 में विभिन्न सरकारी विभागों और स्टेकहोल्डर्स के साथ रणनीतिक चर्चाएं शुरू हुईं। जनवरी में कॉन्सेप्ट नोट साझा किया गया, जबकि 9 मार्च को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में एमओयू साइन किया गया।

# पेट्रोल व ऊर्जा का उपयोग न्यूनतम किया जायेः जयवीर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** विश्व की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र हित में योगदान का आवाहन किया था। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों के साथ 13 मई को बैठक करके प्रधानमंत्री के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये है। जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है, उपयोग में मितव्ययिता बरते और व्यय को 50 प्रतिशत के स्तर पर लाये जाने के प्रयास किये जाये।पर्यटन मंत्री ने एक ही रूट पर रहने वाले अधिकारियों को एक ही गाड़ी का उपयोग करने तथा शासकीय भ्रमण के लिए संयुक्त रूप से एक ही वाहन उपयोग करने के निर्देश दिये है। अधिकारी पब्लिक ट्रांस्पोर्ट, मेट्रो का उपयोग करें। कार्यालय में बिजली का उपयोग न्युनतम किया जाये और एसी का उपयोग कम किया जाये। अवकाश



- मई, जून में स्कूली बच्चों व परिवार का म्यूजियम व स्मारकों में प्रवेश फ्री

के दिनों में कार्यालयों को अपरिहार्य स्थिति में ही खोला जाये।जयवीर सिंह ने अधिकारियों को स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश करने के निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की विद्यमान अपार संभावनाओं को देखते हुए पीपीपी योजना में लीज पर दी गई इकाईयों एवं पर्यटक आवास गृहों में डेस्टिनेशन वेडिंग कोप्रोत्साहित करने के लिए कहा है। पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृहों, होटलों में मई एवं जून में बच्चों एवं परिवार के यात्रियों को 20 से 25 प्रतिशत छूट प्रदान करने को कहा है।मुख्यमंत्री ने विजिट माई स्टेट को बढ़ावा दिये जाने के निर्देश दिये है, उसके अनुपालन में वाराणसी, मथुरा, प्रयागराज, अयोध्या, बुन्देलखण्ड, चित्रकूट, आगरा, नैमिषारण्य, शाकुम्भरी देवी आदि स्थलों का प्रचार-प्रसार एवं ब्रांडिग की जाये। उन्होंने पर्यटकों और स्थानिय नागरिकों को क्षेत्रीय व्यन्जनों से परिचित कराने के लिए विशेष कुकिंग शो आयोजित करायें जाने की अपेक्षा की है।

## खबरें एक नजर में

### महिला थाना और महिगवां को मिले नए प्रभारी ट्रैफिक में दो एसीपी तैनात

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में बुधवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए निरीक्षक और सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारियों की नई तैनाती की गई। बुधवार को महिला थाना और महिगवां थाने को नए प्रभारी मिले हैं, वहीं दो एसीपी स्तर के अधिकारियों को ट्रैफिक विभाग में भेजा गया है। कमिश्नर के द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त निरीक्षक थाना नाका रहीं नीलम पाण्डेय को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना बनाया गया है। वहीं पुलिस उपायुक्त उत्तरी के वाचक रहे निरीक्षक राधेश्याम मौर्य को थाना अध्यक्ष महिगवां की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा सहायक पुलिस आयुक्त स्तर पर भी बदलाव किया गया है। एसीपी अवनीश कुमार और एसीपी मंजू पाण्डेय को नई तैनाती देते हुए सहायक पुलिस आयुक्त यातायात बनाया गया है। दोनों अधिकारी पहले लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में ही तैनात थे।

### दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारी

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी में एक प्रॉपर्टी डीलर को गोली मार दी



गई। बदमाश पिस्टल लहराते हुए मौके से भाग निकले। आसपास के लोगों ने घायल को तत्काल अपेक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना पीजीआई थाना क्षेत्र में कल्ली पश्चिम में बुधवार दोपहर में हुई। घायल की पहचान जौनपुर के रहने वाले संदीप सिंह के रूप में हुई। गोली चलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। संदीप सिंह मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले हैं। वर्तमान में अपने परिवार के साथ कालिंदी पार्क के पास रहते हैं। वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। बुधवार दोपहर करीब 12 से 12रू30 बजे के बीच वह अपने ड्राइवर प्रदीप सिंह के साथ कल्ली पश्चिम बाजार स्थित यादव मार्केट में अपने ऑफिस पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि संदीप कार से उतरकर ऑफिस की ओर बढ़ ही रहे थे। तभी अपाचे बाइक सवार 2 नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे। उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगते ही संदीप घायल होकर गिर पड़े, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक, हमला करने वाले बाइक सवार बदमाश काफी पेशेवर अंदाज में आए थे। बाइक चला रहा बदमाश हेलमेट पहने था, जबकि पीछे बैठा हमलावर कपड़े से चेहरा ढक रखा था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी तेजी से मौके से फरार हो गए। इससे साफ है कि हमलवार पेशेवर बदमाश थे। एडीसीपी साउथ और एसीपी गोसाईगंज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारी प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस ऑफिस और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर बदमाशों की पहचान करने में जुटी हुई है। हमलावरों की पहचान की कोशिश जारी है। शुरुआती जांच में आपसी रंजिश सहित विभिन्न बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है।

### बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार, आरोपी के पास से 11 बाइक बरामद

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के मड़ियांव इलाके में पुलिस ने वाहन चोर गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 11 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। बरामद बाइकें मड़ियांव, अलीगंज और विकासनगर थाना क्षेत्रों से चोरी की गई थीं। पुलिस के मुताबिक बुधवार को मड़ियांव पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग और वांछित अपराधियों की तलाश में सेक्टर-क्यू तिराहे पर मौजूद थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक चोरी की घटनाओं में शामिल एक व्यक्ति सीतापुर रोड स्थित मड़ियांव पुल के नीचे सुलभ शौचालय के पास चोरी के वाहनों के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान सुमित जायसवाल (40) निवासी झोपड़ पट्टी डालीगंज क्रॉसिंग हसनगंज के रूप में बताई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से अलग-अलग कंपनियों की 11 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई। जांच में पता चला कि बरामद वाहनों के संबंध में थाना मड़ियांव, अलीगंज और विकासनगर में पहले से मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मड़ियांव थाने में बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अलग-अलग इलाकों से बाइक चोरी कर उन्हें कम कीमत पर बेच देता था। चोरी से मिले पैसों को वह अपने शौक पूरे करने में खर्च करता था। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थानों और जिलों से जुटा रही है।

# लखनऊ को स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर एक बनाने के लिए मिलकर करें प्रयासः शर्मा

- शहर स्वच्छ बनाना पूरे समाज की जिम्मेदारी
- कूड़े के ढेर, सीवेज, जनजागरूकता पर विशेष फोकस

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

स्वच्छता सर्वेक्षण के दृष्टिगत नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। श्री शर्मा ने कहा कि समीक्षा की जाए कि किन प्रयासों और कार्यों के कारण लखनऊ स्वच्छता सर्वेक्षण में तीसरे स्थान तक पहुंचा तथा किन कमियों के कारण शहर प्रथम स्थान प्राप्त नहीं कर सका। श्री शर्मा ने कहा कि स्कूलों में कायाकल्प कार्यों को



प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए तथा शिकायत निस्तारण प्रणाली में सिटिजन फीडबैक बेहतर बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सीवेज समस्याओं के त्वरित समाधान तथा अस्पतालों एवं बड़े होटलों के बाहर जमा होने वाले कूड़े को तत्काल हटवाने के निर्देश भी दिए। शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।
पार्षद अपने क्षेत्रों में मोहल्ला सभाओं एवं समितियों के माध्यम से स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाएं। किसी भी वार्ड में कूड़े के ढेर दिखाई नहीं देने चाहिए।
नगर निगम अधिकारी नियमित रूप से निगरानी करें।
कमर्शियल क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि व्यापारियों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने हेतु प्रेरित किया जाए।
उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि सभी मिलकर प्रयास करें तो लखनऊ को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में प्रथम स्थान दिलाया जा सकता है।
इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त, पार्षद, अधिकारी उपस्थित रहे।

# सी.एम.एस. अलीगंज कैम्पस 'नेशनल लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड' से सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस को शैक्षिक क्षेत्र में नवीनता व उत्कृष्टता के अभिनव प्रयोग हेतु 'नेशनल लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस को यह सम्मान साहित्यिक पब्लिकेशन्स ब्रिबुक्स के तत्वावधान में आयोजित नेशनल यंग ऑथर्स फेयर (एनवाईएएफ) के दौरान प्रदान किया गया। सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी सिंह की ओर से विद्यालय की प्राइमरी इंचार्ज सुश्री दीपाली सिंह ने 'नेशनल लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड' ग्रहण किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार हेतु देश भर से 10 विद्यालयों को चयनित किया गया, जिसमें




सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस भी शामिल है। सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस को यह सम्मान भावी पीढ़ी की साहित्यिक अभिरुचि को बढ़ावा देने, रचनात्मक सोच व सृजनात्मक क्षमता के विकास हेतु उपयुक्त वातावरण व मार्गदर्शन प्रदान करने एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया गया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

# इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए जियो-बीपी और यूपीएसआरटीसी आए साथ

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** जियो-बीपी और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने पूरे उत्तर प्रदेश और दिल्ली में 100 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों के लिए ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं को विकसित करने के लिए साझेदारी की है। इस पहल को जियो-बीपी पल्स (जियो-बीपी का इलेक्ट्रिक मोबिलिटी व्यवसाय) के जरिए लागू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में सार्वजनिक ईवी मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। जियो-बीपी के चेयरमैन सार्थक बेहुरिया ने कहा, भारत का सस्टेनेबल मोबिलिटी की ओर बदलाव, मजबूत पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप और मास ट्रांजिट सिस्टम के तेजी से इलेक्ट्रिफिकेशन से संभव होगा। यह भारत सरकार के स्वच्छ और भविष्य के अनुकूल ट्रांसपोर्ट विजन के भी अनुरूप है। अक्षय वाधवा, सीईओ, जियो-बीपी ने कहा यूपीएसआरटीसी के साथ यह साझेदारी, भारत के लिए एक मजबूत और बड़े पैमाने पर फैलने वाला बी2बी ईवी चार्जिंग इकोसिस्टम बनाने की जियो-बीपी की नीति के पूरी तरह से अनुरूप है। देश भर में 6,000 से अधिक ईवी चार्जिंग पॉइंट्स के साथ, जियो-बीपी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार को लगातार गति दे रहा है। तेज चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ हाई-फ्रीक्वेंसी इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में मदद करके, हम कमर्शियल फ्लीट के इलेक्ट्रिफिकेशन के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहे हैं और साथ ही मुख्य परिवहन मार्गों पर कुशल और भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी समाधान उपलब्ध करा रहे हैं। अगले कुछ महीनों में शुरू होने वाली यह परियोजना छह क्लस्टर्स में फैली होगी और सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के बढ़ते चलन को गति देगी। जैसे-जैसे भारत स्वच्छ और अधिक सस्टेनेबलमोबिलिटी समाधानों की ओर अपने बदलाव को तेज कर रहा है, एक मजबूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, विशेष रूप से सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में, बड़े पैमाने पर ईवी अपनाने के लिए एक प्रमुख माध्यम के रूप में उभर रहा है। जियो-बीपी और यूपीएसआरटीसी का यह सहयोग भारी व्यस्तता वाले पब्लिक ट्रांसपोर्ट रूट्स पर बड़े पैमाने पर ईवी को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है। एक संगठन के रूप में, हम देश की इस सस्टेनेबल मोबिलिटी यात्रा में भरोसेमंद और सुलभ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए अपना योगदान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस भागीदारी के तहत, जियो-बीपी हाई-फ्रीक्वेंसी कमर्शियल फ्लीट परिचालन को समर्थन देने के लिए फास्ट-चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लगाएगा। इससे इलेक्ट्रिक बस सेवाओं के लिए टर्नअराउंड टाइम (बसों के चार्जिंग समय) को कम करने और ऑपरेशनल क्षमता को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। यह पहल, इस पूरे क्षेत्र में सार्वजनिक ईवी को अपनाने की गति तेज करने और स्वच्छ मास ट्रांजिट समाधानों को मुमकिन बनाने के व्यापक लक्ष्य को समर्थन देती है।

# जनगणना-2027 कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

- समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने फील्ड स्तर पर निगरानी तेज कर दी है। बुधवार को जिलाधिकारी विशाख जी ने प्रथम चरण के तहत चल रहे मकान सूचीकरण और आवास गणना कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम जोन-1 के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जनगणना-2027 के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026



तक संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विभिन्न हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों का भ्रमण कर मौके पर चल रहे कार्यों की स्थिति जानी जिलाधिकारी ने फील्ड में कार्यरत प्रगणकों और सुपरवाइजरों से संवाद कर डेटा संग्रहण की प्रक्रिया और कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने गणना से जुड़े अभिलेखों, प्रपत्रों और डिजिटल माध्यम से किए जा रहे डेटा संकलन का भी निरीक्षण किया। डीएम ने जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन अपार्टमेंट्स या बहुमंजिला भवनों में जनगणना कार्य में अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है, वहां राजस्व निरीक्षकों को भेजकर लोगों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही स्थानीय निवासियों से सहयोग सुनिश्चित कराने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि फील्ड में तैनात कर्मचारियों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रतिदिन कार्य की समीक्षा हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता और सटीकता के साथ संपन्न कराया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह, जोनल अधिकारी जोन-1 समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# वृद्ध सेवाः नवयुवा जन जागृति कार्यक्रम ने जगाई सेवा सम्मान की अलख

- ग्राम लंघनिया नसीरपुर, बिसवाँ सीतापुर में हुआ प्रेरणादायी आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ/सीतापुर।** 'वृद्ध सेवा नवयुवा जन जागृति कार्यक्रम' का अत्यंत प्रेरणादायी एवं भावनात्मक आयोजन ग्राम लंघनिया नसीरपुर, बिसवाँ,सीतापुर में हुआ। इस कार्यक्रम के संस्थापक महाराष्ट्र रत्न पुरस्कृत अशोक कुमार श्रीवास्तव ने भारतीय संस्कृति के महान वैदिक संदेश 'मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः' को जन-जन तक पहुँचाने का पुनीत प्रयास करते हुए माता-पिता एवं वृद्धजनों के सम्मान, सेवा और चरण वंदन की प्रेरणा नवयुवकों एवं बच्चों



को प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान गांव के सम्माननीय वृद्ध महिला एवं पुरुषों का चरण प्रक्षालन, माल्यार्पण एवं सम्मान कर समाज के समक्ष एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों एवं नवयुवकों ने अत्यंत प्रसन्नता और उत्साह के साथ माता-पिता एवं वृद्धजनों की सेवा और सम्मान करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, संस्कार और भावनात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। श्री श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी आधुनिक जीवनशैली में परिवारों के संस्कार कमजोर होते जा रहे हैं। वृद्ध माता-पिता की उपेक्षा समाज के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। ऐसे समय में भारतीय संस्कृति के मूल आदर्शों को पुनर्जीवित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि माता-पिता केवल जन्मदाता ही नहीं बल्कि जीवन के प्रथम गुरु और प्रत्यक्ष देवता हैं। उनके सम्मान और सेवा से ही परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### उत्तर प्रदेश सचिवालय लेखा संघ की मांगों को मिली सफलता

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सचिवालय लेखा संघ की लंबित मांगों को शासन से स्वीकृति के बाद संघ पदाधिकारियों, कर्मचारियों में खुशी की लहर है। संघ की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए सचिवालय प्रशासन अनुभाग-1 ने नए पदों के सृजन और पुनर्गठन संबंधी आदेश जारी किए हैं।संघ के अध्यक्ष केबीएल श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा उत्तर प्रदेश सचिवालय लेखा संवर्ग का पुनर्गठन करते हुए समीक्षा अधिकारियों लेखा के 3, संयुक्त सचिव लेखा के 4, अपर सचिव लेखा के 6 तथा उप सचिव लेखा के 4 नए पदों का सृजन किया गया है।

**सराहनीय** | प्रदेश के 50 प्रतिशत तालाबों में लगाए गए फिल्टर चैम्बर, जल संरक्षण और स्वच्छता को मिलेगी नई मजबूती

# ग्राम्य विकास आयुक्त की अध्यक्षता में मनरेगा कन्वर्जेंस की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

- आपदा प्रबंधन के लिए चलेगा डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान, किसानों के लाभ हेतु कृषि विभाग बनाएगा विशेष कार्ययोजना
- योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए ग्राउंड लेवल पर विशेष जोर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आदेशानुसार आज लखनऊ स्थित जवाहर भवन में एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मनरेगा कन्वर्जेंस पर आधारित इस बैठक की अध्यक्षता आयुक्त, ग्राम्य विकास जी.एस. प्रियदर्शी द्वारा की गई। बैठक में विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया और ग्रामीण विकास की योजनाओं को गति देने पर विस्तृत चर्चा की।

**बेहतर समन्वय और धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन**

बैठक को संबोधित करते हुए आयुक्त श्री प्रियदर्शी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि विकास कार्यों में आपसी समन्वय (कन्वर्जेंस) को और अधिक बेहतर बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पूरी पारदर्शिता और प्रभावी रूप से लागू किया जाए ताकि समाज के अंतिम



पायदान पर बैठे व्यक्ति को इसका सीधा लाभ मिल सके।

**जल संरक्षण और स्वच्छता को नई दिशा**

ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण सुधार और जल संकट से निपटने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि साझा करते हुए आयुक्त महोदय ने बताया कि जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास को सशक्त बनाने के संकल्प के तहत प्रदेश के 50 प्रतिशत तालाबों में फिल्टर चैम्बर लगाए जाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। इससे न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को भी एक नई मजबूती मिलेगी।

**आपदा प्रबंधन हेतु डोर-टू-डोर अभियान**

आगामी मौसम और संभावित प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर बैठक में आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया। आयुक्त ने कहा कि आमजन को आपदाओं से बचाने और सुरक्षा उपायों के प्रति सजग करने के लिए व्यापक स्तर पर डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस अभियान का उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार तक सुरक्षात्मक जानकारियाँ पहुँचाना है।

**किसानों के हित में कृषि विभाग को विशेष निर्देश**

आयुक्त ने कहा कि उपमुख्यमंत्री के कड़े निर्देश है कि 'वीबी-जी राम जी योजना' के प्रभावी संचालन को लेकर बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों को विशेष कार्ययोजना तैयार करें। आयुक्त ने कहा कि कृषि कार्यों के लिए सबसे उपयुक्त दो महीनों का चिन्हांकन किया जाए और उसी के अनुरूप अग्रिम रणनीति बनाई जाए, जिससे प्रदेश के अन्नदाताओं और किसानों को योजना का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

**ग्राउंड लेवल डेटा और नवाचार पर जोर**

उप मुख्यमंत्री के मूल मंत्र को दोहराते हुए आयुक्त श्री प्रियदर्शी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कागजी दावों के बजाय विकास कार्यों की वास्तविक प्रगति सुनिश्चित की जाए।

# राज्य, मण्डल, जनपद व ब्लाक स्तर पर समारोह आयोजित कर आभार जताएगाः प्रधान संगठन

- 2027 में मुख्यमंत्री को रिटर्न गिफ्ट देंगे यूपी के प्रधान
- प्रधानों को प्रशासक बनाये जाने पर बोले राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के नेता
- कहा योगी जी ने निभाया ट्रिपल इंजन की सरकार चलाने का वादा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रधानों को पहली बार प्रशासक बनाये जाने पर राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन ने खुशी जतायी है। संगठन ने इसे सरकार का क्रांतिकारी कदम बताते हुए आभार प्रकट किया है। आगामी विधान सभा चुनाव में इसके बदले रिटर्न गिफ्ट देने की बात भी संगठन द्वारा कही




गयी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अखिलेश सिंह ने आज कहा है कि सरकार ने प्रधानों को जो उपहार दिया है, उसका रिटर्न गिफ्ट प्रधानों द्वारा सरकार को विधान सभा चुनाव में दिया जाएगा। संगठन द्वारा राज्य के प्रधानों से सीधा संवाद कर उन्हें बताया जाएगा कि आगामी चुनाव तक प्रधानों को प्रशासक बनाये जाने का जो इतिहास यूपी. सरकार ने रचा है, उससे प्रधानों की साख बढ़ी है। साथ ही गाँवों में विकास कार्यों की निरन्तरता का रास्ता भी साफ हुआ है। 15 दिसम्बर 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम उत्कर्ष समारोह में ग्राम प्रधानों से ट्रिपल इंजन की सरकार चलाने का जो वादा किया था, उसे पूरा किया है। उन्होंने सेवाओं के विस्तार का जो गिफ्ट दिया है, ग्राम प्रधान 2027 में इनका रिटर्न गिफ्ट मुख्यमंत्री को वापस करेंगे।

# मेडिकल कॉलेज में मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़, दूध में पानी ही पानी

- सीडीओ ने खुद परखी दलिया व दूध की गुणवत्ता, स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप
- डीएम ने लिया संज्ञान, स्वास्थ्य महकमे के अधिकारी किए तलब

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों के भोजन को लेकर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामले पर संज्ञान लेते हुए सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने बड़ी कार्यवाही करते हुए छापेमारी कर कई खमियां उजागर की है। सीडीओ निरीक्षण में भर्ती मरीजों एवं उनके एक तीमारदार को निःशुल्क पौष्टिक भोजन की व्यवस्था धरातल पर कुछ और ही नजर आई। सुबह दिए जाने वाला दूध और दलिया को खुद सीडीओ ने चखा तो निर्धारित मानकों के अनुसार मरीजों को लगभग 200 से 250 मिलीलीटर दूध तथा अलग से पौष्टिक दलिया दिया जाना चाहिए, ताकि मरीजों को पर्याप्त पोषण मिल सके। लेकिन वास्तविकता यह है कि मरीजों और तीमारदारों को केवल पानी जैसा पतला दलिया दिया जा रहा है, जिसमें दूध की एक बूंद तक नजर नहीं आ रहा था। कर्मचारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से रिकॉर्ड में यह दर्शाया जाता है कि मरीजों को दूध और दलिया दोनों वितरित किए गए, जबकि वास्तव में केवल पानी मिला दलिया ही दिया जा रहा था। सीडीओ ने पाया कि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा है। गरीब और असहाय मरीज, जो अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ की उम्मीद लेकर आते हैं, उन्हें पोषणयुक्त भोजन के बजाय बदहाल व्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। सीडीओ के निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। डीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में प्राचार्य, सीएमओ अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को तलब कर कड़ी नाराजगी जाहिर की है।



**सीडीओ ने डीएम को भेजी रिपोट:** राजकीय मेडिकल कॉलेज निरीक्षण उपरांत सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने बिंदुवार रिपोर्ट तैयार कर डीएम को सौंप दी है। जिसमें बताया गया है कि मरीज पंजीकरण काउन्टर निरीक्षण के समय मरीज पंजीकरण काउन्टर पर अत्यधिक भीड़ पाई। जिससे प्रतीत होता है कि पंजीकरण काउन्टरों पर कर्मचारी समय से उपस्थित नही होते है। कर्मचारियों को समय से उपस्थित होकर अपना-अपना कार्य समय से सम्पादित करने के निर्देश दिये गये। ओपीडी मे बैठने वाले हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संदीप, डा. केसी वर्मा, डा. करन, प्लास्टिक सर्जन, डा. पंकज, मेडिसिन, डा. विवेक मौर्य, ओपीडी से अनुपस्थित पाये गये। कर्मचारियों ने बताया कि डा. साहब अस्पताल में भर्ती मरीजो को देखने के लिए वार्डो के राउण्ड पर है। कुछ वार्डों का निरीक्षण किया तो भर्ती मरीजों द्वारा बताया गया कि डा. साहब अभी वार्ड में राउण्ड पर नही आए है। उपरोक्त स्थिति से स्पष्ट होता है कि आस्पताल में चिकित्सक समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नही होते है। निरीक्षण के समय उपस्थित कर्मचारियों द्वारा उच्च अधिकारी को भ्रमित किया गया, जोकि अत्यन्त निन्दनीय है।

### महिला वार्ड में विभागाध्यक्ष गैरहाजिर

सीडीओ निरीक्षण में डा. शिल्पी विभागाध्यक्ष, डा.आसिफ सिराज सहायक आचार्य मौके पर अनुपस्थित थे और मरीज उनका इन्तजार कर रहे थे। महिला वार्ड में डा. अवधेश, डा. कौशल, डा. रिचा, डा. मारिया की ड्यूटी थी, जिनमें से डा. अवधेश, डा. कौशल उपस्थित पाये गये। डा. रिचा,डा. मारिया अनुपस्थित पाये गये। महिला वार्ड में सुबह 8रू30 बजे तक भर्ती मरीजों को दिया जाने वाला सुबह का नाश्ता वितरित नही किया गया था तथा महिला वार्ड में अत्यन्त गन्दगी पाई गयी।

### अनुपस्थित डाक्टरों का स्पष्टीकरण

सीडीओ ने रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाये उपरोक्त चिकित्सकों का स्पष्टीकरण मांगा है। निर्देशित किया जाता है कि अस्पताल परिसर, वार्डों एवं रसोई घर आदि की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। अस्पताल के चिकित्सकों की उपस्थिति समय से सुनिश्चित कराई जाये एवं अस्पताल में भर्ती मरीजों को दिये जाने वाले दूध एवं भोजन आदि की गुणवत्ता में सुधार कराया जाए।

### रसोई निरीक्षण में सफाई व्यवस्था धड़ाम

अस्पताल की रसोई का निरीक्षण निरीक्षण में सीडीओ ने रसोई में साफ–सफाई सन्तोषजनक नहीं पाई गयी। रसोईघर में रखे दूध में पानी की अत्यधिक मिलावट पाई एवं रसोई में मरीजों के लिए बनाये गये दलिया में पानी अत्यधिक मात्रा में पाया गया एवं चखने पर उसमें नमक की मात्रा अधिक पाई गयी। दलिया को बनाने में केवल पानी का प्रयोग किया गया है, दूध का प्रयोग नही किया गया है।निरीक्षण के समय चिकित्सकों के अनुपस्थित पाये जाने एवं भर्ती मरीजों को दिये जाने वाले दूध एवं दलिया आदि की गुणवत्ता अत्यन्त असन्तोषजनक पाये जाने, अस्पताल के वार्डों एवं रसोई घर आदि में गन्दगी पाए जाने से स्पष्ट होता है कि सीएमओ द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन भली–भांति नही किया जा रहा है। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि उनके द्वारा राजकीय मेडिकल कॉलेज का 3 बार निरीक्षण किया गया, सूचना होने के उपरान्त भी सीएमओ निरीक्षण के समय कभी उपस्थित नही पाये गये।

## खूंखार कुत्तेः नगरायुक्त बोलीं जल्द बनेगा शेल्टर होम, हेल्पलाइन नंबर जारी

**शाहजहांपुर।** 11 साल की बच्ची के साथ हुई घटना को लेकर दुख हुआ है और खूंखार कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर निगम द्वारा अभियान तेज कर दिया गया है। अजीजगंज में एनिमल वर्थ केयर सेंटर हमारा दिसंबर 2025 से क्रियाशील है, जिसमें अब तक 3300 कुत्तों को पकड़कर भिजवाया गया है। जिनकी जांच के बाद टीकाकरण किया गया है। नगर निगम क्षेत्र में कुत्तों को रखने के लिए अभी तक कोई जगह नही थी, जिसके लिए शेल्टर होम बनेगा। जमीन चिंहाकन प्रक्रिया चल रही है। जल्द निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। जनहित की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना हमारा ध्येय है। नगर निगम का हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। जिस पर मोहल्ले के लोग आवारा, खूंखार कुत्तों की जानकारी दे सकते हैं। जिससे हम उनको टीम भेजकर पकड़वा सके। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि वह एबीसी टीम को कुत्तों को पकड़ने के लगाए है। जिसमें अब तक 30-35 कुत्तों को पकड़कर एनिमल बर्थ केयर सेंटर अजीजगंज भिजवाया गया है। जहां पर इनकी जांच कर नसबंदी, टीकाकरण आदि किया जाएगा। इन कुत्तों के आश्रय स्थल के जगह चिंहाकन शुरू कर दिया गया है। जल्द ही आवारा कुत्तों को रखने की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कर ली जाएगी। खूंखार कुत्तों से संबधित कोई शिकायत हो तो सीधे नगर निगम स्थित नगर स्वास्थ्य अधिकारी दफ्तर में सूचना दे।

- निगम का अभियान तेज, एबीसी सेंटर पर सैकड़ों कुत्ते भेजवाए गए

## सामाजिक परिवर्तन और बहुजन समाज को मजबूत करने का संकल्प

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिधौली के गांव आदमपुर निवासी हरिराम वर्मा लोधी ने अपने सैकड़ों समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) एवं भीम आर्मी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर ली। इस दौरान पार्टी नेताओं ने सामाजिक परिवर्तन और बहुजन समाज को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले, पेरियार ई.वी. रामासामी और मान्यवर कांशीराम साहब के विचारों को सामाजिक न्याय की लड़ाई का आधार बताते हुए कहा कि पार्टी शोषित, वंचित और पिछड़े समाज की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रही है। उन्होंने नगीना लोकसभा सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद की नीतियों और संघर्षों को प्रेरणास्रोत बताया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम माननीय रविन्द्र भाटी राष्ट्रीय महासचिव, सुनील चित्तौड़ प्रदेश अध्यक्ष, ब्रह्मस्वरूप सागर मंडल कोआर्डिनेटर, जितेन्द्र लोधी संयोजक तथा जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनिल कुमार गौतम एवं महेश गौतम प्रभारी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान विकास, वेद प्रकाश, संजय वर्मा, करन वर्मा, अजय वर्मा, बबलेश वर्मा, इरफान खान, आमिर खान, प्रदीप कश्यप, दीपक कश्यप, मिथुन बाल्मीकि, संजय कठेरिया और देवेन्द्र राठौर समेत दर्जनों समर्थकों ने भी पार्टी की सदस्यता ली। हरिराम वर्मा लोधी ने कहा कि यह केवल सदस्यता अभियान नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि जब तक शोषित और हकवंचित समाज को उसका अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।



## रासलीला का शुभारंभ, जिला उपाध्यक्ष ने की प्रथम दिवस आरती

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के देवरास ग्राम में मंगलवार से भव्य रासलीला महोत्सव का शुभारम्भ बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस भाजपा जिला उपाध्यक्ष रोहित सिंह ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं आरती कर आयोजन का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने राधा-कृष्ण स्वरूप झाँकियों का तिलक वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा सर्व समाज के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की।

रासलीला आयोजन समिति एवं ग्रामीणों ने जिला उपाध्यक्ष रोहित सिंह का जोश और उत्साह के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर भक्तिमय माहौल के बीच जय श्री राधे एवं जय श्री कृष्ण के जयकारों से पूरा प्रांगण गूंज उठा। रोहित सिंह ने कहा कि ÷बिहारी जी अपनी दिव्य लीलाओं से सभी भक्तों को जीवन में सही मार्ग दिखाते हैं और समाज में प्रेम, भाईचारा एवं आस्था का संदेश देते हैं। मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री कृष्ण जन्मोत्सव लीला ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों, झाँकियों एवं भजनों ने दर्शकों का मन मोह लिया। देर रात तक श्रद्धालु कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। आयोजकों ने बताया कि 26 मई से प्रारम्भ हुई यह रासलीला आगामी एक सप्ताह तक चलेगी। प्रतिदिन विभिन्न लीलाओं का मंचन किया जाएगा, वहीं यज्ञशाला में निरंतर वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम भी जारी रहेगा। प्रथम दिवस आयोजित आरती एवं पूजा कार्यक्रम में बालिस्टर सिंह पूर्व प्रधान, रामलड़ैते सिंह, अनिल सिंह, राज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, रोहित सिंह, वीपी सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



### सीडीओ ने राजकीय बाल गृह की देखी व्यवस्थाएं



**शाहजहांपुर।** सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी द्वारा राजकीय बाल गृह का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारी एवं 61 बालक उपस्थित पाए। परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई तथा बच्चों के लिए तैयार किए जाने वाले भोजन एवं उपयोग में लाई जा रही खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य सामग्री में केवल उच्च गुणवत्ता वाले ब्रांडेड मसालों का प्रयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय सभी कमरों में एसी संचालित पाए गए। परिसर की नियमित साफ–सफाई बनाए रखने एवं ग्राउंड की घास समय से कटवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही सभी बच्चों का नियमित टीकाकरण कराए जाने के निर्देश भी प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त सीडीओ ने समिति सदस्यों की नियमित विजिट सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण के दौरान टाइम एवं डेट स्टैम्प सहित फोटोग्राफ लगाए जाने के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### चरित्र प्रमाण पत्र शिकायत का गलत निस्तारण, जनसुनवाई पोर्टल की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**शाहजहांपुर।** जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। अधिवक्ता गौरव शुक्ला द्वारा पूजा गुप्ता एवं मुनीष कुमार शर्मा के चरित्र प्रमाण पत्र जारी न होने के संबंध में जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित अधिकारी द्वारा फोन कर शिकायत की जानकारी भी ली गई और समस्या बताने को कहा गया। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि शिकायत का वास्तविक निस्तारण करने के बजाय पोर्टल पर किसी अन्य विभाग, यानी चकबंदी विभाग से संबंधित निस्तारण अपलोड कर दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि चरित्र प्रमाण पत्र से जुड़ी शिकायत का समाधान किए बिना ही औपचारिकता पूरी कर दी गई, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि शिकायत का निस्तारण किसी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा नहीं बल्कि बिना जांच–पड़ताल के जल्दबाजी में कर दिया गया। अपलोड किए गए निस्तारण पत्र में भी चरित्र प्रमाण पत्र संबंधी शिकायत का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है, जबकि शिकायत पूरी तरह चरित्र प्रमाण पत्र जारी न होने को लेकर थी। इससे जनसुनवाई पोर्टल की पारदर्शिता और जिम्मेदारी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ता अधिवक्ता गौरव शुक्ला ने मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा गलत निस्तारण अपलोड करने वाले संबंधित अधिकारी के खिलाफ कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता की शिकायतों के साथ इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो।

### रेलवे कालोनी में 48 घंटे बाद बिजली बहाल, नरमू की मांग पर जनरेटर से शुरू की गई विद्युत सप्लाई

**रोजा–शाहजहांपुर।** सोमवार को आई तेज आंधी बारिश से रोजा स्टेशन कालोनी के अधिकांश बिजली के पोल उखड़ जाने से तार टूट गए। 48 घंटे बीत जाने के बाद भी विद्युत आपूर्ति शुरू न हो पाने पर रेल प्रशासन ने जनरेटर के माध्यम से विद्युत सप्लाई शुरू करवा दी। जिससे रेलवे आवासों में रहने वाले रेलकर्मियों ने राहत की सांस ली हैं। ज्ञात हो कि सोमवार देर रात आई तेज आंधी–बारिश के चलते रेलवे कालोनियों में अधिकांश पेड़ जमीन से उखड़ गये। कई पेड़ो की मोटी डाल बिजली के तारों व आवासों पर गिर गई। रेलवे कालोनियों के कई विद्युत पोल धराशाई हो जाने से कोयला कालोनी, स्टेशन कालोनी की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। मंगलवार की दोपहर तक विद्युत आपूर्ति सुचारू न हो पाने से रेलकर्मियों के पेयजल का संकट खड़ा हो गया था। रेल प्रशासन ने नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव अमित भागवत मिश्र की मांग पर जनरेटर लगवाकर स्टेशन कालोनी के 110 आवासों में विद्युत आपूर्ति शुरू करा दी हैं। विद्युत आपूर्ति शुरू होने से रेलकर्मियों ने इस भीषण गर्मी में राहत की सांस ली हैं।

### नाबालिग को बहला कुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**पुवायां, शाहजहांपुर।** मंगलवार को नाबालिग की मां बड़ागांव निवासी ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर लोकेश पुत्र रमेश, केशव, खुशी, पत्नी मनोज कुमार निवासीगण ग्राम बडागांव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी उन्होंने बताया कि उसकी पुत्री चार खम्भा शाहजहांपुर में रहती है। उन्होंने ने बताया की मेरी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व कमरे पर बन्धक बनाकर रखना तथा वादिनी पक्ष के मौके पर पहुंचने पर वादिनी की पुत्री को छोड़कर भाग जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी लोकेश कुमार बडागाँव बाईपास के खड़ा है जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### बांस काटने को लेकर हुई मारपीट

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव नौहा निवासी ऊषा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि में अपनी जगह पर भैंस बांधते है। उस जगह पर बंसुरिया खड़ी है। जिस बसूड़िया से गांव के ही कुछ दबंग लोग बांस काटने लगे। जब मेरे ससुर ने मना किया तो उन लोगों ने गाली गलौज देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर ससुर व मुझे लाठी डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सोमवार को आई आंधी, विद्युत व्यवस्था चरमराई



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सोमवार को आई तेज आंधी और बारिश के बाद क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। आंधी के चलते कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूट गए और तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे गांवों और कस्बों में बिजली सप्लाई ठप हो गई है। बारापुर गांव सहित आसपास के इलाकों में सोमवार रात से बिजली नहीं आने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने से घरों में अंधेरा छाया हुआ है और भीषण गर्मी में लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। बिजली से चलने वाले पंखे, कूलर, मोटर और अन्य उपकरण पूरी तरह शोपीस बनकर रह गए हैं। पानी की समस्या भी उत्पन्न हो रही है, क्योंकि अधिकांश घरों में मोटर के जरिए पानी की व्यवस्था होती है। ग्रामीण सुरजीत कुमार, रूपेश कुमार, धर्मजीत, अरविंद कुमार और फूलचंद आदि ने बताया कि आंधी के कारण लाइनें खराब हो गई हैं, जिससे अभी तक बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी और लाइनमैन लगातार लाइनों को सही करने में जुटे हुए हैं, लेकिन कई जगह खंभे टूटने और तार गिरने से कार्य में समय लग रहा है। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही बिजली सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी, जिससे लोगों को राहत मिल सकेगी।

## पेड़ से टकराई कार, युवक की मौत



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार पेड़ से टकरा गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। हादसा मुर्छा पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि कार पुवायां की ओर से शाहजहांपुर जा रही थी। इसी दौरान चालक का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 34 वर्षीय धर्मपाल पुत्र बाबूराम निवासी हुडाल खेल शाहजहांपुर के रूप में हुई है। हादसे में कुछ अन्य लोग भी घायल बताए जा रहे हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

### रेडीमेड जनरल स्टोर में लगी आग, लाख का नुकसान

**बंडा, शाहजहांपुर।** अज्ञात कारणों के चलते रेडीमेड जनरल स्टोर की दुकान में आग लग जाने से करीब लाख रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। गांव आंवा बुजुर्ग निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बंडा बिलसंडा रोड पर गोपाल बाजपेई की दुकानों में किराए पर दुकान है। बीती मंगलवार की रात करीब 11 बजे उसकी दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे उसने रखे कपड़े, जनरल स्टोर आदि का समान जलकर राख हो गए। पड़ोसियों ने दुकान से धुआँ निकलते देखा तो उसे सूचना दी और पड़ोसियों ने ही घरों से मोटर, नल, हैंडपंप से पानी डालकर आग पर जैसे तैसे काबू पाया। पीड़ित अरविंद ने बताया कि आग से उसका करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उसने बंडा थाने में प्रार्थना पत्र देकर प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की हैं।

## एसडीए का एक्शन, 25 मैरिज लान को नोटिस

- मैरिज हाल स्वामियों से अनुरोध, समय से औपचारिकताएं पूर्ण करें

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण द्वारा महानगर क्षेत्र में संचालित विवाह भवन-मैरिज लान के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में महानगर क्षेत्र में संचालित 25 मैरिज लान को नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया गया। एसडीए सचिव अजय त्रिपाठी ने बताया कि जिनको नोटिस जारी किया गया है कि वे एक माह के भीतर संचालन से संबंधित समस्त आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए अपने अभिलेख एवं आवश्यक दस्तावेज प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत करें।प्राधिकरण द्वारा स्पष्ट किया गया है कि संबंधित संचालक निर्धारित अवधि में भवन मानचित्र स्वीकृति, पार्किंग व्यवस्था, अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र, विद्युत सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक मानकों से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि में अभिलेख प्रस्तुत न करने अथवा मानकों का अनुपालन न पाए जाने की स्थिति में संबंधित मैरिज लान के विरुद्ध अग्रिम विधिक एवं प्रवर्तनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विकास प्राधिकरण ने सभी मैरिज लॉन संचालकों से अपील की है कि वह समय से आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत कर नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें, जिससे नगर क्षेत्र में सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन बनाए रखा जा सके।



सचिव प्राधिकरण ने बताया कि जो शेष मैरिज हाल वेंकट हाल है, उनको भी नोटिस जारी करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है सभी मैरिज हाल स्वामियों से अनुरोध किया है कि वह समय से सभी औपचारिकताएं पूर्ण करा लें, जिसे उन्हें किसी अनापेक्षित समस्या का सामना न करना पड़े।

## ज्ञान, संस्कृति और राष्ट्र चेतना का प्रेरणा केंद्र बने स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालयः स्वामी चिन्मयानंद

- मुमुक्षु आश्रम की 222 करोड़ की भूसंपत्तियां स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय को दान में दी गई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के शैक्षिक और आध्यात्मिक इतिहास में आज का दिन स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित हो गया, जब मुमुक्षु आश्रम के अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने आश्रम की लगभग 222 करोड़ रुपये मूल्य की भूसंपत्तियाँ स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के नाम दान कर दीं। यह ऐतिहासिक दान केवल संपत्ति का हस्तांतरण नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के महान संकल्प का समर्पण है।

आज अपराह्न स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती रजिस्ट्री कार्यालय पहुँचे, जहाँ उनके साथ क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली प्रो. सुधीर चैहान, विश्वविद्यालय के कुलसचिव वीरेंद्र कुमार मौर्य, एसएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. अवनीश कुमार मिश्रा तथा एसएसएमवी के सचिव अशोक अग्रवाल भी उपस्थित रहे। सब रजिस्ट्रार धर्मेन्द्र कुमार सिंह के समक्ष विधिवत दान पत्र अभिलेख पर दोनों पक्षों ने हस्ताक्षर किए। मुमुक्षु आश्रम की ओर से स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती तथा महामहिम राज्यपाल की ओर से क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. सुधीर चैहान ने दान पत्र अभिलेख पर हस्ताक्षर किए। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव वीरेंद्र कुमार मौर्य तथा एसएस कॉलेज एवं एसएस लॉ कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश कुमार मिश्रा ने गवाह के रूप में अपने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर अशोक सिंह, सुयश सिन्हा, रविशंकर बाजपेयी और रामनिवास गुप्ता उपस्थित रहे। दान पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद मीडिया से वार्ता करते हुए स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने भावुक स्वर में कहा कि लगभग छह दशक पूर्व पूज्य स्वामी शुकदेवानंद जी महाराज ने जिस शिक्षण,साधना का स्वप्न देखा था, वह आज एक संत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से मूर्त रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि जब वे वर्ष 1989 में शाहजहांपुर आए थे, तब यहाँ के विद्यालयों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक थी, किन्तु संकल्प, सेवा और संस्कार के बल पर धीरे-धीरे शिक्षा के क्षेत्र में नवजागरण का कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि जनपद का पहला सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम विद्यालय 'श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ' स्थापित किया गया, एसएस कॉलेज में 14 विषयों में परास्नातक कक्षाएँ प्रारंभ कराई गईं तथा विधि शिक्षा के लिए एसएस लॉ कॉलेज की स्थापना की गई। स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय को शाहजहांपुर की जनता को समर्पित करते हुए उन्हें आत्मिक संतोष और प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा, शोध, संस्कार और मानवता के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित करे तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान, संस्कृति और राष्ट्र चेतना का प्रेरणा केंद्र बने।



## खबरें एक नजर में

### उच्च शिक्षा सचिव से मिले कुलपति, विकास योजना पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा



**शाहजहांपुर।** नवस्थापित स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में विश्वविद्यालय प्रशासन नवनियुक्त कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में लगातार सक्रिय दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में कुलपति ने उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा सचिव अमृत त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय में स्थायी एवं स्ववित्तपोषित शिक्षकों के समायोजन, अनुमोदित एवं गैर-अनुमोदित शिक्षकों के वेतन संबंधी विषयों, विश्वविद्यालय के भवन विस्तार, नवीन प्रशासनिक भवन के निर्माण तथा भविष्य की शैक्षिक एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया। कुलपति प्रो सिंह ने विश्वविद्यालय के समग्र विकास हेतु शासन स्तर पर आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को नई शिक्षा नीति के अनुरूप आधुनिक, सुदृढ़ एवं छात्र-केंद्रित संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए आधारभूत संरचना और प्रशासनिक व्यवस्था का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उच्च शिक्षा सचिव अमृत त्रिपाठी ने सभी संबंधित विषयों पर सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है तथा इस क्रम में नवस्थापित विश्वविद्यालयों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। कुलपति की इस पहल को पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए नितांत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शिक्षकों एवं कर्मचारियों में इस मुलाकात को लेकर सकारात्मक वातावरण और उत्साहमय वातावरण देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही यह उम्मीद जताई जा रही है कि इन गतिविधियों से विश्वविद्यालय के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

### एनटीआई कॉलेज में अभाविप की पूर्व कार्यकर्ता बैठक संपन्न



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मंगलवार को एनटीआई कॉलेज लोदीपुर में पूर्व कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विपिन गुप्ता का प्रवास रहा। विपिन गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए 13, 14, 15 व 16 जून 2026 को प्रस्तावित प्रांत अभ्यास वर्ग की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि पूर्व कार्यकर्ताओं का अनुभव संगठन के लिए अमूल्य धरोहर है। प्रांत अभ्यास वर्ग को सफल बनाने में सभी पूर्व कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। बैठक में प्रांत अभ्यास वर्ग की व्यवस्थाओं, कार्यकर्ता सहभागिता एवं संगठन विस्तार जैसे विषयों पर गहन मंथन हुआ। विपिन गुप्ता ने सभी से आह्वान किया कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में छात्र शक्ति की भूमिका को सशक्त करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आकाश मैसी, विभाग प्रमुख मवकेंद्र सिंह, विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, जिला प्रमुख बृजेश मिश्रा, जिला संगठन मंत्री संदीप सागर, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव, महानगर सह मंत्री सहित जिले के अनेक पूर्व कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 14 दिन बाद सड़क हादसे में घायल किशोर की मौत

**बिलसंडा।** क्षेत्र में 14 दिन पहले हुए एक सड़क हादसे में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार के दिन शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना 13 मई को हुई थी। खुटरिया गांव निवासी राजेश कुमार कश्यप का बेटा अमन कहीं रिश्तेदारी से अपने घर लौट रहा था। खजुरिया नवीराम जाने वाले मार्ग पर उसकी बाइक की एक अन्य युवक की बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में अमन और दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलसंडा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। बीते मंगलवार को अमन की बरेली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे घायल युवक का भी इलाज जारी बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने बताया कि मृतक अमन के परिजनों की तहरीर पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

### घुंघचाई पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने महिला को अवैध शराब के गिरफ्तार किया

**पूरनपुर, पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अवैध शराब की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना घुंघचाई पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। दिनांक 27 मई 2026 को क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष घुंघचाई राजीव कुमार एवं आबकारी निरीक्षक रोहित शर्मा की टीम ने थाना परिसर में समस्त चौकीदारों की गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री एवं परिवहन को रोकने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। घुंघचाई पुलिस एवं आबकारी टीम ने ग्राम सिमराया में चेकिंग एवं छापेमारी की। दौरान अभियुक्ता विमला पत्नी प्रेमपाल निवासी ग्राम सिमराया को एक प्लास्टिक की पिपिया में 5 लीटर तथा एक प्लास्टिक की बोतल में 2 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। कुल लगभग 7 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। अभियुक्ता के विरुद्ध थाना घुंघचाई में मुकदमा संख्या 66/26 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनी फरियादियों की समस्याएं

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम ने जानी प्रकरणों की स्थिति, त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्राप्त जनशिकायतों का निस्तारण सभी अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी निर्धारित जनता दर्शन अवधि में अनिवार्य रूप से अपने कार्यालयों में उपस्थित रहें तथा आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर बड़ी उम्मीद के साथ मुख्यालय अथवा सरकारी कार्यालयों तक पहुंचता है। ऐसे में अधिकारियों का दायित्व है कि वे संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ शिकायतों का निस्तारण कर आमजन का विश्वास अर्जित करें। डीएम ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा हीलाहवाली स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में वास्तविकता एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिन प्रकरणों में जांच की आवश्यकता हो, उनमें शीघ्रता के साथ जांच प्रक्रिया पूर्ण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी एक-एक फरियादी की समस्याओं को सुना। गंभीर मामलों में उन्होंने संबंधित उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग सहित सभी विभागीय अधिकारी पूरी संवेदनशीलता एवं मनोयोग से कार्य करें तथा जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता, 2674 मीट्रिक टन की नई रैक पहुंची

**खुटार, शाहजहांपुर।** खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उर्वरक की कमी न हो, इसके लिए प्रशासन और सहकारिता विभाग लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद शाहजहांपुर को आंवला प्लांट से 2674 मीट्रिक टन यूरिया की एक जम्बो रैक प्राप्त हो रही है। इससे जिले में उर्वरक आपूर्ति व्यवस्था और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पीसीएफ बफर गोदामों में लगभग 6450 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है, जबकि जिले की विभिन्न सहकारी समितियों पर करीब 3300 मीट्रिक टन यूरिया पहले से मौजूद है। इसके अतिरिक्त मंगलवार को 27 सहकारी समितियों में 956 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित करने के लिए पत्रावली जिलाधिकारी को भेजी गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी समय से उर्वरक पहुंचाया जा सके। विभाग के अनुसार जनपद में इफको के तीन प्रमुख नकद उर्वरक बिक्री केन्द्र किसान सेवा केन्द्र खुटार, बण्डा और पुवायां संचालित हैं। नकद बिक्री होने के कारण इन केन्द्रों पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भीड़ को नियंत्रित करने और किसानों को सुविधा देने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को नजदीकी बी-पैक्स समितियों एवं अन्य उर्वरक बिक्री केन्द्रों की जानकारी दी जा रही है। इसके लिए केन्द्रों पर सूची भी चस्पा कराई गई है ताकि किसान अपनी सुविधा के अनुसार निकटतम केन्द्र से उर्वरक प्राप्त कर सकें। सहकारिता विभाग ने स्पष्ट किया कि जिले में फिलहाल उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और आवश्यकता तथा प्राथमिकता के आधार पर सभी समितियों को लगातार आपूर्ति कर वितरण कराया जा रहा है। किसानों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अधिकृत केन्द्रों से ही उर्वरक खरीदें।

# एबीवीपी के 'छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर' का शुभारंभ

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला की नगर इकाई जलालाबाद द्वारा छात्राओं के सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पहल की गई है। नगर के श्री आचार्य राम मोहन मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर में छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। घ्कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री चंद्रेश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि महिला सब-इंस्पेक्टर कुमारी काजल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। घ्छात्राओं को प्रेरित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्रेश गुप्ता ने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं। इस तरह के शिविर छात्राओं के भीतर छिपी प्रतिभा



को निखारने और उनमें आत्मविश्वास भरने का काम करते हैं। वहीं, विशिष्ट अतिथि महिला सब-इंस्पेक्टर कुमारी काजल जी ने छात्राओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कानून और अधिकारों की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। घ्शिविर के दौरान परिषद के स्थानीय पदाधिकारी, विद्यालय परिवार और भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। इस शिविर के माध्यम से आगामी दिनों में छात्राओं को जीवन कौशल, आत्मरक्षा, और नेतृत्व क्षमता का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सपा महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन, विवादित पोस्टर लगाने वालों पर एफआईआर की मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की छवि धूमिल करने के आरोप में लगाए गए कथित आपत्तिजनक पोस्टरों को लेकर बुधवार को सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी राम कुमार भोजवाल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। खिरनीबाग जीआईसी मैदान में बड़ी संख्या में जुटे सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां डीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपा।सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों ने शहर में महिला आरक्षण विरोधी बताते हुए आपत्तिजनक पोस्टर लगाकर माहौल खराब करने की



कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने वर्ष 2023 में सदन में महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया था,इसलिए सपा को महिला विरोधी बताना पूरी तरह भ्रामक है।ज्ञापन में मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की घटनाएं दोबारा हुईं तो भाजपा सरकार के कथित काले कारनामों को जनता के बीच उजागर किया जाएगा। प्रदर्शन में महिला सभा की प्रदेश सचिव गायत्री वर्मा समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फांसी पर लटकी युवती गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** घर में फांसी के फंदे पर लटकी युवती को परिजन उतार कर सीएचसी ले गए जहां से गंभीरावस्था में उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । वहीं सीएचसी से कोतवाली पुलिस को घटना जानकारी दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 24 वर्षीय युवती घर में ही फांसी के फंदे पर झूल गई । आनन फानन में परिजनों ने युवती के फंदे को काटकर नीचे उतारा और तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से गंभीरावस्था में उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# ईद-उल-अज़हा को लेकर खुदागंज थाने में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**अधिकारियों ने सौहार्द, स्वच्छता और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की**

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आगामी ईद-उल-अज़हा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को खुदागंज थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने कहा कि



त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक होते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ईद-उल-अज़हा का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाए हुए है और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ इशिका सिंह ने कहा कि कुर्बानी केवल निर्धारित एवं सुरक्षित स्थानों पर ही की जाए। सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार की गतिविधि न हो, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। उन्होंने निर्देश दिए कि कुर्बानी के बाद बचे अवशेषों को गड्ढा खोदकर सुरक्षित तरीके से दबाया जाए, ताकि स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने कहा कि ईद पर्व को लेकर खुदागंज पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार गश्त और निगरानी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं एवं गणमान्य लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र में शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस दौरान पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, सौरभ गुप्ता, संजीव गुप्ता ज़मीर हसन अंसारी प्रधान दीपपुर, मौलाना मोहम्मद हसन इमाम गौसिया मस्जिद जलालपुर, इस्लाम रज़ा इमाम औलिया मस्जिद दीपपुर, मौलाना असद रज़ा इमाम खरमासी मस्जिद, मोहम्मद मुस्तकीम पूर्व प्रधान, अरशद हुमायूं, फरहान आलम प्रधान जलालपुर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# समाज के उत्थान व जन कल्याण के लिए हम संकल्पबद्धः बखिया

**काकुत्स्थ जन कल्याण समिति की महानगर विस्तार कार्यकारिणी गठित**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नामदेव बाल विद्या मंदिर निकट मल्हार सिनेमा में समिति की बैठक पूर्व अध्यक्ष महेश सक्सेना व रामकुमार बखिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह की रूपरेखा पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष विक्रांत बखिया एवं सभी की सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित पदाधिकारी किए गए। जिनमें महानगर अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना पार्षद, उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना ,रामशंकर सक्सेना, शोभित सक्सेना, सतीश सक्सेना,डा. अभिनव सक्सेना, अवधेश सक्सेना पार्षद,



अनुज सक्सेना, ऋषिपाल सक्सेना बिल्लू, रोहित सक्सेना ,महामंत्री संजीव सक्सेना सदर मण्डल अध्यक्ष भाजपा, हरीश सक्सेना, डीके सक्सेना, सचिव आनंद प्रकाश सक्सेना, विधिक सलाहकार राजेश सक्सेना एडवोकेट, मीडिया प्रभारी चंद्रमोहन सक्सेना चंदू, ज्ञान प्रकाश सक्सेना, राजेश सक्सेना, कोषाध्यक्ष मनोज सक्सेना नामित किए गए। बैठक में भगवान दास सक्सेना, चंद्रेश बाबू सक्सेना, राहुल सक्सेना, मनोज मंजुल, पुष्पेंद्र सिंह, रजत आदि मौजूद रहे। अंत में जिलाध्यक्ष विक्रांत बखिया ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वह समाज के उत्थान व जन कल्याण के लिए हम संकल्पबद्ध हैं।

# मंत्री जितिन प्रसाद की पहल पर शाहजहांपुर को मिली सौगात

**टनकपुर-पीलीभीत रेल का संचालन अब शाहजहांपुर तक, यात्रियों को लाभ**

**शाहजहांपुर।** जनपद को केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास से जिले को एक नई सौगात मिली है। रेल मंत्रालय ने टनकपुर-पीलीभीत रेलगाड़ी संख्या 55322/55323 का संचालन शाहजहांपुर तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। इससे शाहजहांपुर और पीलीभीत के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक रेल सेवा का लाभ मिलेगा। जितिन प्रसाद के प्रयासों से संसदीय क्षेत्र पीलीभीत से लाइन शुरू होने के बाद से क्षेत्र के लोग शाहजहांपुर तक रेल सेवा विस्तार की मांग कर रहे थे। इस मांग को केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने रेल मंत्रालय के समक्ष उठाया, जिसके बाद रेलगाड़ी के विस्तार को मंजूरी मिली। रेल सेवा के विस्तार से विद्यार्थियों, व्यापारियों, कर्मचारियों,



किसानों और दैनिक यात्रियों को विशेष लाभ होगा। वहीं टनकपुर स्थित पूर्णागिरि धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यात्रा अधिक आसान हो जाएगी। माना जा रहा है कि इससे क्षेत्रीय व्यापार, शिक्षा और रोजगार गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। ज्ञात हो केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र की रेल सुविधाओं में लगातार सुधार हुआ है। इससे पहले शाहजहांपुर-पीलीभीत पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू कराया गया था। साथ ही गोमती नगर-सहारनपुर और लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस का शाहजहांपुर स्टेशन पर ठहराव भी सुनिश्चित हुआ है। मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए अन्य ट्रेनों के ठहराव और नई रेल सेवाओं के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# तंबाकू एवं नशे से दूर रहें युवाः सीएमओ





**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आरएमएल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम**

**पुवायां, शाहजहांपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आर. एम. एल. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस पुवायां में तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शाहजहांपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक मिश्रा रहे। उनके साथ डॉ. सुदीप शुक्ला, डॉ. अभिनव रस्तोगी, डॉ. रोहताश, नंदिनी सक्सेना, मोहन स्वरूप तथा अशोक दीक्षित भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत संजय गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पुवायां द्वारा फूलों से किया गया। अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने युवाओं से तंबाकू एवं नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि डॉ. विवेक मिश्रा ने कहा कि तंबाकू सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों एवं अनेक जानलेवा रोगों का प्रमुख कारण है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि तंबाकू छोड़ना केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की रक्षा नहीं करता, बल्कि परिवार और समाज को भी सुरक्षित बनाता है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा अपने परिवार एवं समाज में जागरूकता फैलाने का प्रण लिया। इस अवसर पर आर. एम. एल. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी सहित संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बकरीद को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, सड़कों पर फ्लैगमार्च

**डीएम- एसपी के नेतृत्व में फ्लैगमार्च निकालकर शांति व्यवस्था की अपील**

**शाहजहांपुर।** बकरीद ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन अलर्ट दिखा। सड़कों पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने फ्लैगमार्च निकालकर त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए अपील की। लाल इमली चौराहा, ईदगाह, कनौजिया मोड़ व कोतवाली समेत अन्य संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। प्रशासन ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि खुले में नमाज़ पढ़ने और प्रतिबंधित पशुओं



की कुर्बानी देने पर सख्त पाबंदी रहेगी। किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दे। कोतवाली इंस्पेक्टर प्रदीप राय ने एलाउंसमेंट कर खुले में कुर्बानी न करने, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी सौरभ दीक्षित, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस बल की मौजूदगी रहे।

# पुलिस व प्रशासन ने सामूहिक कुर्बानी स्थलों पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कुर्बानी में लगे कसावों को आई कार्ड हुए वितरित**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ईद उल-अजहा (बकरा ईद) के मद्देनजर प्रशासन पुलिस व पालिका प्रशासन ने सामूहिक कुर्बानी स्थलों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बुधवार सुबह नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश व सफाई निरीक्षक राजीव कुमार ने टीम के साथ उक्त कुर्बानी स्थलों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में सीओ इशिका सिंह , कोतवाल प्रिंस शर्मा तथा उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने नगर के चिन्हित कुर्बानी स्थलों का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं



व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कुर्बानी स्थलों पर स्वच्छता , चूना छिड़काव , पेयजल एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे त्योहार के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर पालिका की टीमों को नियमित सफाई अभियान चलाने तथा कुर्बानी के अवशेषों का समय से निस्तारण कराने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस उपाधीक्षक इशिका सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बड़े जानवरों की कुर्बानी केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थलों पर ही कराई जाए। उन्होंने कहा कि लोग बड़े जानवरों को निर्धारित कुर्बानी स्थलों पर लेकर आएं तथा घरों में बड़े जानवर की कुर्बानी न करें। उन्होंने सभी से शासन-प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन कर त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। इस दौरान सफाई नायक विकास टीम के साथ मौजूद रहे।

## न्यायसंगत आरक्षण

हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा अनुसूचित जाति आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर सिद्धांत का समर्थन करने से एक महत्वपूर्ण तार्किक चर्चा फिर से प्रारंभ हो गई है। जिसका मकसद है कि कैसे सकारात्मक पहल करके आरक्षण के उद्देश्य को अधिक न्यायसंगत, लक्षित और प्रभावी बनाया जा सकता है। वास्तव में उनकी पहल का मकसद संवैधानिक सुरक्षा को कमजोर करने का नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें वास्तव में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यानी कि अनुसूचित जाति समुदाय के सबसे गरीब, सामाजिक रूप से सबसे अधिक वंचित और आरक्षण के लाभ में सबसे कम प्रतिनिधित्व करने वाले वर्ग को लाभ पहुंचाने का मकसद पूरा करना। बहुत संभव है कि मुख्य न्यायाधीश के इस विचार से असहमति के तर्क दिये जाएं। वास्तव में, देश में दशकों से आरक्षण की बहस कोटा बढ़ाने पर केंद्रित रही है, लेकिन उनके न्यायसंगत वितरण की दिशा में पर्याप्त पहल नहीं हो पायी है। निर्विवाद रूप से अनुसूचित जाति समुदाय के एक छोटे, अपेक्षाकृत बेहतर आर्थिक-सामाजिक स्थिति वाले वर्ग ने ही बार-बार शिक्षा और सरकारी रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया है। वहीं दूसरी ओर पीढ़ी दर पीढ़ी अभावों के भंवर-जाल में फंसे परिवार- मसलन श्रमिक, सफाई कर्मचारी, भूमिहीन मजदूर परिवार लगातार हाशिये पर ही बने हुए हैं। यदि आरक्षण का मूल उद्देश्य संरचनात्मक असंतुलन को ही ठीक करना है तो इसके लाभ सीमित दायरे के लोगों को ही नहीं मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ओबीसी वर्ग के लिये यह प्रावधान सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। इसमें दो राय नहीं कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत आरक्षण लाभ में इस तरह के एकाधिकार को रोकने का एक सशक्त साधन है। इस प्रावधान का वंचित अनुसूचित जातियों तक विस्तार करना एक बुनियादी सच्चाई को स्वीकार करता है कि सामाजिक गतिशीलता, हालांकि सीमित स्तर पर कुछ ही लोगों के लिये संभव हुई है। साथ ही अवसरों के अधिक न्यायसंगत वितरण को सुनिश्चित करने के लिये नीति को अनुकूलित किया जाना वक्त की जरूरत है। वास्तव में वर्तमान स्थिति आरक्षण के न्यायसंगत लाभ वंचित वर्ग तक पहुंचाने में तार्किक नजर नहीं आती। जब किसी आईएएस अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी का बच्चा सामाजिक रूप से हाशिये पर गए वर्ग के किसी व्यक्ति के मुकाबले समान लाभों का दावा करना जारी रखता है तो इससे लक्षित उद्देश्य कमजोर हो जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्रीमी लेयर को बाहर करने पर उनके जातिगत भेदभाव होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन यह केवल यही दर्शाता है कि किसी भी ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित समूह के भीतर, वंचितता की स्थिति अलग-अलग होती है। ऐसी अवस्था में, सबसे निचले स्तर के लोग राज्य के संरक्षण पाने के लिये प्राथमिकता के हकदार हैं। निश्चित रूप से स्पष्ट मानदंड, सामाजिक पिछड़ेपन का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने और दुरुपयोग को रोकने के लिये कारगर सुरक्षा उपाय होने चाहिए।

# प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों को दी है निःशुल्क बस यात्रा की सौगात

*मो. इक़बाल खाँ*

भारत एक विशाल जनसंख्या वाला देश है, जहाँ करोड़ों लोग प्रतिदिन सड़क, रेल और हवाई परिवहन सेवाओं का उपयोग करते हैं। इनमें बड़ी संख्या उन दिव्यांगजनों की भी है, जिन्हें यात्रा के दौरान विशेष सुविधाओं और सहयोग की आवश्यकता होती है। दिव्यांगजन भी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए नियमित रूप से यात्रा करनी पड़ती है। लंबे समय तक दिव्यांगता को केवल दया और सहानुभूति के दृष्टिकोण से देखा जाता था, लेकिन बदलते समय के साथ समाज की सोच में व्यापक परिवर्तन आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि दिव्यांगजन को अधिकार आधारित व्यवस्था के माध्यम से समान अवसर उपलब्ध कराना है। दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संवैधानिक कर्तव्य भी है। इसी उद्देश्य से केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 'सुगम्य भारत अभियान' और 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016' के अंतर्गत परिवहन सुविधाओं को अधिक सुलभ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के साथ ही सार्वजनिक परिवहन को अधिक समावेशी बनाने पर विशेष बल दिया है। परिवहन केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने का साधन नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति की स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता से भी जुड़ा हुआ है। यदि कोई दिव्यांग व्यक्ति आसानी से यात्रा कर सके, तो वह शिक्षा प्राप्त कर सकता है, नौकरी कर सकता है, सामाजिक जीवन में भाग ले सकता है और अपने अधिकारों का उपयोग कर सकता है। उ0प्र0 की योगी सरकार ने सार्वजनिक बसों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सीटें आरक्षित की हैं। इन सीटों पर स्पष्ट संकेत बनाए गये हैं ताकि अन्य यात्री उनका उपयोग न करें। 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016' के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर और सुगम परिवहन का अधिकार प्रदान किया गया है। इस कानून के अनुसार सरकार और निजी संस्थानों को सार्वजनिक परिवहन को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाना आवश्यक है। इसी भावना के अनुरूप दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 लागू किया गया, जिसके माध्यम से दिव्यांगजन को शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक सुविधाओं में बेहतर अवसर प्रदान किए गए हैं। दिव्यांगजनों के लिए गतिशीलता (डवइपसपजल) स्वतंत्रता का आधार है। इसे समझते हुए,



उत्तर प्रदेश सरकार ने 'उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम' की बसों में निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान की है। दिव्यांगजनों के लिए यात्रा करना अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क बस यात्रा सुविधा दी गई है। इस योजना के अंतर्गत सामान्य श्रेणी की बसों में न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले सभी दिव्यांगजनों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अथवा बहुदिव्यांग व्यक्तियों को एक सहायक के साथ यात्रा करने की अनुमति दी गई है। प्रदेश सरकार की यह सुविधा दिव्यांगजनों के जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा दिव्यांगजनों के लिए अन्तिम गन्तव्य तक (चाहे वह राज्य की सीमा से बाहर ही क्यों न हो) निर्धारित की गयी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालने से लेकर अब तक हर वित्तीय वर्ष में राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क यात्रा हेतु बजट में बढोत्तरी की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजनान्तर्गत प्राविधानित धनराशि 40.00 करोड़ रूपये के सापेक्ष उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम को दिव्यांगजनों को निःशुल्क बस यात्रा हेतु अद्यतन कुल 95 प्रतिशत भुगतान किया गया है। योगी सरकार की यह वित्तीय अनुदान धरातल पर लाखों दिव्यांगजनों के जीवन में उजाला ला रही है। प्रदेश सरकार संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जीने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की निःशुल्क बस यात्रा सुविधा दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। आज दिव्यांगजन केवल सहायता प्राप्त करने वाले नागरिक नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदार बन कर उभरे हैं। भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगजनों के सम्मान, स्वावलंबन और सुगम जीवन के लिए जो कदम उठाए हैं, वे न केवल सराहनीय हैं बल्कि अन्य राज्यों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल भी हैं। दिव्यांगता अब प्रगति की राह में बाधा नहीं है, क्योंकि प्रदेश सरकार ने 'अंत्योदय' के संकल्प को सिद्ध करते हुए दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस नीतियां लागू की हैं। दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि वे समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने की क्षमता रखते हैं। उचित अवसर और संसाधन मिलने पर दिव्यांगजन शिक्षा, खेल, कला, विज्ञान, प्रशासन और व्यापार जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। निःशुल्क यात्रा सुविधा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगजन के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुई है। पहले उन्हें शहरों तक पहुँचने में कठिनाई होती थी, लेकिन अब वे सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों तक आसानी से पहुँच पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए संचालित योजनाएं धरातल पर उतरकर उनके जीवन में उजाला ला रही हैं। दिव्यांगजनों के विकास के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं, व्यक्तियों, दिव्यांगजनों को पुरस्कृत किये जाने वाले पुरस्कारों की संख्या में वृद्धि करना, पुरस्कार राशि को पाँच गुना बढ़ाना और परिवहन को पूरी तरह निःशुल्क करना, सभी कदम एक 'दिव्यांग-मैत्रीपूर्ण' उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में मील के पत्थर साबित हुए हैं।

## उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से स्वरोजगार को मिली नई रफ्तार कानपुर की प्रभनूर कौर का चमका बेकरी व्यवसाय

उत्तर प्रदेश में युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित सरकारी योजनाएं अब धरातल पर व्यापक बदलाव ला रही हैं। युवाओं को खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए बेहतर योजनाओं के सहयोग के साथ प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किया गया मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य के भीतर एक ऐसा अनुकूल माहौल तैयार करना है जहां नया विचार रखने वाला कोई भी युवा संसाधनों के अभाव में पीछे न छूटे। यह योजना विशेष रूप से उन लोगों के लिए आशा की नई किरण लेकर आई है जो अपने हुनर के दम पर बाजार में नई पहचान बनाना चाहते हैं। इस नई पहल के अंतर्गत सूक्ष्म और लघु व्यवसाय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पारंपरिक रूप से किसी भी नए व्यवसाय को शुरू करने में सबसे बड़ी बाधा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता और बैंकों से ऋण लेने के लिए गिरवी रखने की शर्त होती है। प्रदेश सरकार ने इस व्यावहारिक समस्या को समझा और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बिना किसी सुरक्षा या गारंटी के पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण देने की व्यवस्था की। इसके अतिरिक्त शुरुआती वित्तीय बोझ को कम करने के उद्देश्य से कुल परियोजना लागत पर दस प्रतिशत की मार्जिन-मनी सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है, जो नए उद्यमियों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रही है। यह योजना केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें विनिर्माण, सेवा और व्यापार जैसे व्यापक क्षेत्रों को शामिल किया गया है। योजना के क्रियान्वयन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है, जिसके तहत बेरोजगार युवाओं के साथ-साथ महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जा रही है।

विचार

# राहुल गांधी से इतना क्यों डरती है भाजपा और सरकार ?

*अनिल जैन*

वैसे तो भारतीय जनता पार्टी के तमाम बड़े नेता और केंद्रीय मंत्री अक्सर यह कहते पाए जाते हैं कि वे राहुल गांधी को बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लेते। मगर होता यह है कि राहुल गांधी जब भी भाजपा और उसकी सरकार, खास कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनके उद्योगपति मित्रों को लेकर कोई सवाल उठाते हैं या गंभीर आरोप लगाते हैं अथवा किसी बड़े संकट से सरकार को आगाह करते हैं या फिर चुनावी गड़बड़ियों को लेकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते हैं, तो उनका जवाब देने के लिए भाजपा के तमाम बड़े नेता और केंद्रीय मंत्री मैदान में उतर जाते हैं। वे राहुल की बातों या उनके आरोपों का कोई तर्कसंगत जवाब देने के बजाय कभी उन्हें पागल, पप्पू, मूर्ख आदि विशेषणों से नवाजते हैं या उन्हें देशद्रोही, कभी चीन और जॉर्ज सोरोस का एजेंट तो कभी आतंकवादी तक करार देने लगते हैं। भाजपा नेताओं के इस अभियान में उसके प्रचारतंत्र का हिस्सा बन चुके कॉरपोरेट नियंत्रित मीडिया के साथ ही रिटायर हो चुके कुछ पत्रकार और संपादक भी बतौर राजनीतिक विश्लेषक शामिल हो जाते हैं। कुछ मौकों पर सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के रिटायर जजों, पूर्व नौकरशाहों व सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों के समूह को तक भाजपा राहुल के खिलाफ मैदान में उतार देती है। ऐसे सेवानिवृत्त जजों और नौकरशाहों में कुछ तो ऐसे होते हैं, जिन पर उनके सेवाकाल में लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों की जांच चल रही होती है और कुछ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पृष्ठभूमि वाले होते हैं। यही नहीं, सोशल मीडिया में भाजपा ईकोसिस्टम भी पूरी सक्रियता से राहुल गांधी के चरित्र हनन में जुट जाता है। बात यहीं नहीं रुकती। राहुल गांधी के बयानों को लेकर उनके खिलाफ भाजपा शासित राज्यों में मुकदमे भी दर्ज करा दिए जाते हैं। किसी भी सामान्य व्यक्ति के लिए संगीन से संगीन अपराध की एफआईआर दर्ज कराना बेहद मुश्किल काम है, लेकिन राहुल के खिलाफ शिकायत चंद मिनटों में दर्ज हो जाती है। इतना ही नहीं, कुछ ही दिनों बाद उस एफआईआर के आधार पर निचली अदालत राहुल को समन भी जारी कर देती है। इस समय राहुल गांधी देश में अकेले ऐसे नेता हैं जिनके खिलाफ भावनाएं आहत करने के करीब 400 मुकदमे देश भर में दर्ज हैं। राहुल के बयानों को लेकर इस बहुआयामी कवायद में भाजपा की बौखलाहट और डर साफ नजर आता है। नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना महामारी के समय राहुल द्वारा दी गई चेतावनियों को लेकर भी भाजपा ने ऐसा ही किया था। पिछले दिनों पश्चिम एशिया में शुरू हुए युद्ध को लेकर जब राहुल ने भारत में भी ऊर्जा संकट और आर्थिक मंदी की चेतावनी दी, तो भाजपा नेताओं और मीडिया ने उनकी खूब खिल्ली उड़ाई। खुद मोदी ने पांच राज्यों में अपनी चुनावी रैलियों में राहुल की चेतावनी को खारिज करते हुए उन पर लोगों को डराने का आरोप लगाया। मगर चुनाव खत्म होते ही खुद मोदी ने मान लिया कि पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते दुनिया भर में ऊर्जा का संकट पैदा हो गया है, जो समूची अर्थव्यवस्था को गहरे तक प्रभावित कर रहा है। उन्होंने इस सिलसिले में लोगों से पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद तेल, रासायनिक खाद आदि के इस्तेमाल में कटौती करने और कम से कम एक साल तक सोना खरीदने से बचने की अपील भी की। इस समय भी राहुल गांधी अपने एक बयान को लेकर पूरी केंद्र सरकार, भाजपा और मीडिया के निशाने पर हैं। राहुल ने अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि वैश्विक स्तर पर बिगड़ते आर्थिक हालात से भारत भी अछूता नहीं है, जिसके चलते तेजी से बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी से लोगों में सरकार के प्रति असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसका असर देश की राजनीति पर भी जल्द ही दिखाई देगा और मोदी सरकार गिर जाएगी। राहुल के इस बयान में भाजपा अपनी सरकार के खिलाफ साजिश सूंघ रही है और उसके तमाम बड़े-छोटे नेताओं के नथूने फड़फड़ा रहे हैं। तमाम केंद्रीय मंत्री, भाजपा के प्रवक्ता, टीवी चौनलों के एंकर और भाजपा समर्थक राजनीतिक विश्लेषक राहुल गांधी के इस बयान पर बुरी तरह उबलते हुए कह रहे हैं कि राहुल का यह बयान एक निर्वाचित सरकार और देश को अस्थिर करने की खतरनाक मानसिकता का सार्वजनिक प्रदर्शन है। राहुल के बयान पर यह प्रतिक्रिया बताती है कि भाजपा और उसकी सरकार का शीर्ष नेतृत्व हर मोर्चे पर अपनी नाकामी से उपज रहे व्यापक जन-असंतोष से बुरी तरह घबराया हुआ है और वह राष्ट्रवाद व देशभक्ति की दुहाई देते हुए उस अंसतोष का दमन करने का इरादा रखता है। सेमुअल जानसन ने दो सौ साल पहले ठीक ही कहा था- देशभक्ति, दुष्टों की अंतिम शरणस्थली होती है। राहुल की भविष्यवाणी में कितना दम है, यह एक अलग बात है लेकिन बहरहाल देश में मूर्खता और मक्कारी के अंतिम पायदान पर खड़े इन भाजपा नेताओं, टीवी चौनलों के एंकरों और सत्ता के दलाल कथित राजनीतिक विश्लेषकों को यह बताना लाजिमी है कि राहुल गांधी देश में पहले ऐसे नेता नहीं हैं जिन्होंने सरकार के गिरने की भविष्यवाणी की है। उनसे पहले भी कई मौकों पर विपक्षी नेताओं ने अपने समय की निर्वाचित सरकारों के गिरने की भविष्यवाणियां की हैं। वे भविष्यवाणियां सही साबित भी हुई लेकिन किसी ने विपक्षी नेताओं को देशद्रोही नहीं कहा या उन्हें देश को अस्थिर करने की साजिश में शामिल नहीं बताया। इस सिलसिले में सबसे पहला वाकया 1977 में बनी जनता पार्टी की सरकार के समय का है। उस सरकार के बनने के कुछ समय बाद जनता पार्टी के नेताओं में आपसी सिर-फुटौव्वल शुरू हो गई थी। तब इंदिरा गांधी सहित कांग्रेस के कई नेता आए दिन कहते थे कि यह सरकार जल्दी ही गिर जाएगी और वह सरकार ढाई साल में गिर भी गई थी। उसके बाद कांग्रेस के समर्थन से बनी चौधरी चरण सिंह की सरकार के बारे में भी यही कहा गया और उस सरकार का भी चंद महीनों में ही अवसान हो गया। ऐसी ही भविष्यवाणी 1989 में भाजपा और वामपंथी दलों के बाहरी समर्थन से बनी विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार के लिए भी की गई थी। उस समय कांग्रेस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि यह सरकार जल्दी ही गिर जाएगी और हुआ भी वही। वह सरकार महज 11 महीने ही चल पाई। उसके बाद कांग्रेस के समर्थन से बनी चंद्रशेखर की सरकार का भी ऐसा ही हश्र हुआ। बाद में 1996-1997 के दौरान देश में तीन सरकारें बनीं और तीनों के बारे में उस समय के विपक्षी नेताओं व राजनीतिक विश्लेषकों ने उनके जल्दी ही गिरने की भविष्यवाणी की, जो सही साबित भी हुई। पहली सरकार अटल बिहारी वाजपेयी की, महज 13 दिन में गिर गई। उसके बाद एचडी देवगौड़ा और इंद्रकुमार गुजराल की अगुवाई में बनी संयुक्त मोर्चा की सरकारें भी एक-एक साल से ज्यादा नहीं चल पाई। दोनों सरकारों के समय भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी थी और उसके शीर्ष नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने सरकार बनने के साथ ही कह दिया था कि ये सरकारें ज्यादा दिन नहीं चलेंगी लेकिन किसी ने भी वाजपेयी को देशद्रोही नहीं कहा था।

साहित्य



## बेतहाशा बढ़ती गर्मी: भविष्य की गंभीर चेतावनी

**योगेश कुमार गोयल**

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं, एक गहराते सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है।



## राशिफल

**मेषः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः-**समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-**उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-**भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# सड़क हादसों पर अकाल मृत्यु का बढ़ता ग्राफ

*राहुल कुमार गुप्ता*



तमाम सड़क हादसों पर अट्टाहस करती अकाल मृत्यु सुरसा की तरह अपना मुंह फैलाती ही जा रही है। प्रतिवर्ष लाखों लोग असमय ही काल के गाल में समा जाते हैं। क्या राजा क्या रंक!! जीवन की इस महाविभीषिका को जब हम रोज़ अखबार के पन्नों पर लहूलुहान आंकड़ों के रूप में देखते हैं, तो दिल दहल जाता है। लेकिन सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि हम इस महादुःखद समस्या को नियति मानकर बैठ गए हैं। इन सबका दोषी ईश्वर तब तक है जब तक हम अकर्मण्य बने बैठे हैं, संवेदना व्यक्त कर इतिश्री कर लेना ही इस संकट का समाधान नहीं है। यदि हम अतीत में चेचक, प्लेग और हैजा जैसी तमाम महामारियों को ईश्वर का प्रकोप मान कर केवल संवेदनाओं से ही इतिश्री कर लेते, तो आज महामारियों का वैज्ञानिक इलाज और उन पर विजय संभव नहीं होती। फिर हम सड़क पर बहते इस इंसानी खून को नियति का खेल मानकर हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठे हैं? क्या सड़कों पर दम तोड़ती ज़िंदगियों को बचाना हमारी प्राथमिकता नहीं होना चाहिए? भारत के संदर्भ में यदि सड़क हादसों के भयावह सच को आंकड़ों के आईने में देखें, तो स्थिति बेहद डरावनी और चिंताजनक नज़र आती है। देश का कोई भी राज्य इस त्रासदी से अछूता नहीं है। उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में तो स्थिति हर साल बदतर होती जा रही है। एक सरकारी अनुमान के मुताबिक, भारत में हर साल लगभग साढ़े चार लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें तकरीबन एक लाख सत्तर हजार से अधिक लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इसका सीधा और दर्दनाक मतलब यह है कि देश में हर घंटे लगभग 18 से 20 लोग सड़क हादसों के कारण अकाल मृत्यु का ग्रास बन रहे हैं। इन आंकड़ों के पीछे सिर्फ संख्याएं नहीं हैं, बल्कि उजड़ते हुए हँसते-खेलते परिवार हैं, माताओं की सूनी होती गोद है, सुहाग का उजड़ना है और देश के उस युवा कार्यबल का असमय खत्म हो जाना है, जिसके दम पर राष्ट्र का निर्माण होना था। वित्तीय और सामाजिक नुकसान के नज़रिए से देखें तो यह संकट भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ को तोड़ रहा है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं के कारण भारत को हर साल अपनी सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 3 से 5 प्रतिशत तक का भारी-भरकम नुकसान उठाना पड़ता है। यह नुकसान सिर्फ गाड़ियों की टूट-फूट तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें उत्पादकता की हानि, चिकित्सा पर होने वाला बेतहाशा खर्च और पीड़ित परिवारों का आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट जाना शामिल है। इन हादसों का शिकार होने वाले लगभग 70 प्रतिशत लोग 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के होते हैं, जो अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य होते हैं। उत्तर प्रदेश जैसे सर्वाधिक आबादी वाले राज्य में जहां एक्सप्रेसवे पर रफ्तार का कहर लोगों की जान ले रहा है, वहीं तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे आर्थिक रूप से समृद्ध राज्यों में वाहनों की सघनता और नियमों की अनदेखी के चलते सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं दर्ज की जा रही हैं। उत्तरी राज्यों से लेकर दक्षिणी राज्यों तक, पहाड़ी मोड़ों से लेकर मैदानी हाईवे तक, इस तबाही का मुख्य कारण इंसानी लापरवाही, ओवरस्पीडिंग और सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी है। भारत में होने वाले कुल सड़क हादसों में से लगभग 70 प्रतिशत से अधिक हादसे केवल ओवरस्पीडिंग यानी तय सीमा से अधिक रफ्तार के कारण होते हैं। इसके बाद गलत दिशा में गाड़ी चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना, नींद पूरी न होने के बावजूद गाड़ी चलाना मौत को सीधा आमंत्रण दे रहा है। एक्सप्रेसवे पर होने वाले हादसों का एक बड़ा कारण ड्राइवरों को आने वाली हाईवे हिप्नोटिसिस यानी एक जैसी सड़क पर लगातार गाड़ी चलाने से आने वाली झपकी भी है। जब तक हम इन व्यावहारिक कारणों को वैज्ञानिक और तथ्यात्मक तरीके से नहीं समझेंगे, तब तक हम इस लहूलुहान होती व्यवस्था को नहीं बदल पाएंगे। इस महाविभीषिका से पार पाने और असमय मौतों पर अप्रत्याशित रूप से रोक लगाने के लिए हमें एक बहुआयामी और कठोर रणनीति की आवश्यकता है। इसके लिए हम सब की जागरूकता, प्रबल इच्छा शक्ति और कठोर किंतु उचित सड़क नियमों के द्वारा ही इस पर काबू पाया जा सकता है। सबसे पहला और बुनियादी कदम आत्म-अनुशासन का है। दोपहिया वाहन चलाते समय केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी खोपड़ी को सुरक्षित रखने के लिए आईएसआई मार्का हेलमेट पहनना अनिवार्य होना चाहिए, और यह नियम पीछे बैठने वाली सवारी पर भी उतनी ही कड़ाई से लागू हो। चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग एयरबैग को सही समय पर खुलने में मदद करता है, जिससे जान बचने की संभावना 50 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। रफ्तार की एक सीमा तय करनी होगी क्योंकि गति से रोमांच आता है, लेकिन वही गति अंततः जान ले लेती है। इसके साथ ही, जिला प्रशासन को भी अपनी पारंपरिक सुस्ती को छोड़कर आगे बढ़कर आवश्यकतानुसार कुछ स्थानीय नियम बनाकर इन दुर्घटनाओं को नियंत्रण में लाना होगा। प्रशासन को ब्लैक स्पॉट्स यानी जिन जगहों पर बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं, उन्हें चिन्हित कर वहां रंबल स्ट्रिप्स, बेहतर रोशनी, स्पष्ट संकेतक और गति अवरोधक लगाने चाहिए। तकनीक का सहारा लेकर हर चौराहे और संवेदनशील मार्ग पर ऑटोमैटिक स्पीड डिटेक्शन कैमरे और सीसीटीवी नेटवर्क को मजबूत करना होगा ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों का सीधे घर पर भारी-भरकम चालान पहुंचे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### आजादी के बाद अब चंद्रावल नदी बन रहा गुणवत्ता विहीन रपटा

**हमीरपुर।** आजादी के बाद अब ग्रामीणों की मांग पर परहेटा गांव में चंद्रावल नदी पर बनाए जा रहे रपटा निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डिप्टी कलेक्टर विकास यादव को ज्ञापन सौंपा है। जिसमे उन्होंने रपटा निर्माण में मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया है। मौदहा तहसील क्षेत्र के परहेटा गांव निवासी शिवपाल,छिद्दू,मुखिया, रामराज,संतराम,लखन लाल, महाराजा, शंकर दयाल, शिव शंकर, राजेंद्र सिंह, उमाशंकर, अभिषेक गुप्ता, धीरेंद्र यादव, राजू यादव आदि ने दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि उनके गांव को जाने वाली सड़क पर चंद्रावल नदी पड़ती है। लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। आजादी के बाद से अब तक गांव के लोगों द्वारा रपटा निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसको विधायक निधि से पीडब्लूडी विभाग का ठेकेदार बनवा रहा है। आरोप लगाया कि रपटा निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है तथा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे रपटा की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रपटा निर्माण कार्य में पर्याप्त गुणवत्ता नहीं बरती जा रही, जिसके कारण रपटा बनने के साथ ही पहली ही बारिश में बह जाने की आशंका पैदा हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि डीएम स्वयं या सक्षम अधिकारी को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मानकों के अनुरूप रपटा का गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित कराया जाए।

### नौतपा के तीसरे दिन प्रचण्ड गर्मी ने लोगों के छुड़ाए पसीने

**हमीरपुर।** नौतपा के तीसरे दिन बुधवार को सूरज के बढ़ते तेवर आमजन को बेहाल कर दिया है। घर से बाहर निकलने पर भीषण उमस और गर्म हवाओं से त्वचा झुलसने लगी है। सुबह से ही बुरा हाल था। दिन बढ़ने के साथ ही तपिश का असर और भी बढ़ गया। गर्मी बढ़ने से लोग पसीनों से तर-बतर हो गये बुधवार को न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो गई है तापमान के बढ़ने से दिन में चैन है न रात में। हालात यह है कि दिन में चल रही गर्म हवा रात में भी बजे तक लोगों को गर्मी का एहसास दिला रही है। आधी रात के बाद ही थोड़ी सी ही राहत मिलती है। सुबह सूर्यदेव के दर्शन के साथ गर्मी अपना असर दिखाना शुरू कर देती है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आता है। जो लोग घर से निकलते भी हैं। वह गर्मी से बचाव के लिए छाता व शरीर को कपड़ों से ढंककर निकलते हैं। दोपहर के समय गर्मी से बचाव के लिए आमजन छाया को तलाशते रहते हैं गर्मी को मात देने के लिए सड़क किनारे शीतल पेय पदार्थों की रेहड़ी व दुकानों पर लोगों की खासी भीड़ दिखाई देती है। गर्मी के चलते लोगों ने दिनचर्या में भी बदलाव कर लिया है। लोग बाहरी कामों को सुबह के समय निपटा लेना चाहते हैं बुधवार को अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे तक जिले में हीट वेव का अलर्ट है। इस दौरान अधिकतम तापमान 46 डिग्री या इससे ज्यादा रहेगा। गर्म हवाओं के साथ भीषण उमस का सामना करना पड़ेगा।मौसम विभाग लोगों के मोबाइल नंबरों पर एलर्ट जारी कर सतर्क रहने की अपील कर रहा है।

### शराबी के उत्पात का वीडियो वायरल

**मौदहा, हमीरपुर।** मंगलवार देरशाम सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हुआ जिसमे कुछ सिपाही एक ई रिक्शा में एक युवक को बांधकर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो की पडताल करने पर पता चला कि, वायरल वीडियो मौदहा कस्बे के मलीकुआ चौराहा का है जहां पर एक युवक शराब पीकर उत्पात मचा रहा था जिसे कोतवाली पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो पुलिस के साथ हाथापाई कर युवक अपने घर भाग गया। घटना के बाद युवक को पकडने उसके घर पहुंची पुलिस तो युवक ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया जिससे मोहल्ले वालों की गाड़ियों को नुकसान होने की बात सामने आई है इतना ही नहीं शराबी युवक ने अपना सर दीवारों पर पटक कर फोड लिया जिसे पकडने के बाद कोतवाली पुलिस के जवान बांधकर अस्पताल ले जा रहे थे। फिलहाल युवक को गंभीर चोटें बताई गई हैं। हालांकि हमारे द्वारा वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की जाती है। लेकिन सोशल मीडिया में कुछ लोगों द्वारा घटना को तोड मरोड कर पेश किया जा रहा है। फिलहाल अभी तक पुलिस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बिवांर, हमीरपुर। अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर के पीछे लगे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाक्षेत्र के उमरी गांव निवासी रोहित सिंह उर्फ बच्चा (24) पुत्र रमेश सिंह मंगलवार की रात अपने परिजनों के साथ खाना खाकर सो गया। बुधवार करीब सुबह तीन बजे कमरे से निकलकर घर के पीछे लगे अमरूद के पेड़ में रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर लटककर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजन जानवरों के चारा पानी के लिए जाने पर उसे फांसी पर लटके देखकर कोहराम मच गया। पिता ने थाना पुलिस को जानकारी दी। एसआई विकास यादव ने मौके पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदा से नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था जो अभी पॉलिटेक्निक कोर्स पूरा कर घर दो माह पहले घर लौटा था। मृतक ने फांसी में झूलने से पहले अपने मोबाइल फोन को रिसेट कर दिया था। सिम कार्ड निकालकर फेंक दिया था। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि युवक के फांसी में झूलने का कारण स्पष्ट नहीं है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### दो डंपरों की टक्कर से केबिन में लगी आग, क्लीनर की जलकर मौत

**बिवांर, हमीरपुर।** बिवांर जलालपुर मार्ग में मंगलवार की देर रात सड़क किनारे खराब खड़े मौरंग से भरे डंपर में पीछे से तेज गति से आ रहे ओवरलोड मौरंग से भरे दूसरे डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की पीछे वाले डंपर में आग लग गई। जिससे डंपर की केबिन में फंस कर क्लीनर की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग काबू पाया। वहीं घायल चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कस्बे से भेड़ी घाट के लिए सैकड़ों ट्रक प्रतिदिन मौरंग लेकर निकलते हैं। बुधवार की रात एक बजे मौरंग से भरे डंपर में खराबी आ गई। जिसको चालक ने बिवांर जलालपुर मार्ग में बांधुर सड़क के पास कस्बे से एक किलोमीटर दूर सड़क किनारे खड़ा कर दिया। तभी जलालपुर की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार मौरंग से भरे डंपर ने खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे डंपर की केबिन क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें केबिन में क्लीनर घाटमपुर निवासी 16 वर्षीय अरुण कुमार पुत्र बबलू कठेरिया फंस गया। जबकि चालक न?ईम पुत्र लतीफ डंपर से कूद गया है। लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी अचानक डंपर में आग लग गई है। आग लगने से डंपर धू धू कर जलने लगा। आग से डंपर के सभी टायर जलकर राख हो गए हैं। टायर फटने से हुए धमाके से आसपास के लोग भयभीत हो गए। डंपर का डीजल टैंक फटने से आग ने विकराल रूप धारण करते हुए केबिन में फंसे क्लीनर को जलाकर राख कर दिया। खड़ा डंपर भी आग की चपेट में आ गया। आग से आसपास के पेड़ पौधे भी जलने लगे। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने दमकल वाहन को सूचना दी। मौके पर पहुंची दो दमकल वाहन ने किसी तरह से आग में काबू पाया। मौके पर पहुंचे मौदहा सीओ राजकुमार पाण्डेय व थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने डंपर की केबिन को क्रेन व जेसीबी मशीन से अलग कर जले शव के टुकड़ों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं घायल चालक नईम का छानी सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से परिजन उसे कानपुर ले गए हैं।

# नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने ईदगाह का किया निरीक्षण

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



ईदुल अजहा (बकरीद) का पर्व कल (आज) समूचे जनपद में धूमधाम से मनाया जाएगा। ईदुल अजहा की नमाज को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। ईदगाह समेत आस-पास के परिसर को चकाचक कर दिया गया है। कार्य का जायजा लेने के लिए बुधवार को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व सभासद ईदगाह पहुंचे और सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट ने सभासदों के साथ ईदुल अजहा पर्व को देखते हुए नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने पनी मोहल्ले में छोटी ईदगाह के पास जाकर स्वयं व्यवस्था को देखा। जलकल अभियंता को निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर लगाना सुनिश्चित करें। बड़ी ईदगाह में भी सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वहां टेंट के साथ ही सोफा आदि हर वर्ष की तरह लगाने के लिए निर्देशित किया। चेयरमैन ने सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी सुपरवाइजरों को सूचित कर दें कि मस्जिदों के आसपास सफाई के साथ-साथ चूने का रेखांकन कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। अपशिष्ट को बंद गाड़ी में ले जाकर निस्तारण करायें। इस मौके पर सभासद शादाब अहमद, भिक्कू मामा, अखिलेश कुमार, नफीस अहमद, साबिर अहमद व सफाई निरीक्षक राकेश कुमार, के चंद्राकर, अवर अभियंता विजय कुमार, मोहम्मद हबीब, गुलाब सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। हम आपको बता दे की बकरीद की नमाज ईदगाह में सुबह 8 बजे पढ़ी जाएगी जिसको लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।

# श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**फतेहपुर।** पत्थर कटा चौराहा के पास स्थित श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण भगवान का पूजन के बाद हवन आरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्रह्मलीन माता शीतला देवी एवं पिता राज नारायण जायसवाल के द्वारा निर्मित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अरुण जायसवाल, तरुण जायसवाल व अतुल जायसवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष मंदिर में हवन पूजन के बाद श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की आरती उतारी जाती है। इसके बाद भोग लगाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दौरान भंडारे में आने जाने वाले यात्रियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया तो वहीं तमाम गणमान्य लोगों ने भी पहुंचकर प्रसाद का आनंद लिया। इस अवसर पर राजपति जायसवाल, शोभा जयसवाल, संध्या, श्वेता, डॉक्टर संजीव, शीलू, विद्या देवी, शांति देवी, नेहा, साकेत गुप्ता, सीमा, नीरज जायसवाल, बीना, दिलीप जायसवाल, अक्षत, प्रज्ञा, त्रिजला, वैष्णवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### डंपर ने आटो में मारी टक्कर चालक घायल

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बुधवार को तड़के इंगोहटा के समीप हाईवे में तेज रफ्तार डंपर ने आटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में आटो चालक को चोटे लगी हैं और आटो क्षतिग्रस्त हो गया। मौदहा निवासी रमेश कुमार आटो लेकर कस्बे की तरफ आ रहा था। इंगोहटा के समीप कबरई की तरफ जा रहे डंपर ने आटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में आटो चालक को चोटे लगी और आटो क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय व्यापारी बन्धुओं की बैठक

- जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को दिए निस्तारण के निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




जनपद स्तरीय उद्योग तथा व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उद्यमियों द्वारा विद्युत की समस्या, महोबा से कबरई के बीच एनएचएआई के रोड का कार्य व अवैध खनिज परिवहन से संबंधित कार्य तथा कबरई क्षेत्र में क्रेशर एरिया में आवासीय भवन बनाए जाने के प्रकरण प्रस्तुत किए गए। उक्त प्रकरणों पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों विद्युत, एनएचएआई छतरपुर, वरिष्ठ खान अधिकारी तथा उपजिलाधिकारी सदर महोबा को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उद्यमियों द्वारा कबरई कस्बे में बुंदेलखंड विकास निगम द्वारा अधिग्रहित बांदा तिराहे की भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण तथा उद्यमियों को क्रेशर के भंडारण हेतु लाइसेंस प्राप्त करने में चरित्र प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त करने के संबंध में प्रकरण प्रस्तुत किए गए। उक्त प्रकरणों पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों से वस्तु स्थिति की जानकारी हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए, जिससे उक्त प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही कराई जा सके।बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात से पहले शहर के वार्ड वार नाला व नालियों की सफाई कराना सुनिश्चित की जाए तथा सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त व्यापार कर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उद्यमी तथा व्यापारी संगठनों की तरफ से देवेंद्र मिश्रा, रघुराज सिंह, राम जी गुप्ता, मनु गुप्ता इत्यादि द्वारा प्रतिभाग करते हुए उद्योग व्यापार हित में अनेक मुद्दों पर जिलाधिकारी का ध्यानाकर्षण कराया गया।अंत में बैठक सकुशल संपन्न हुई।

# पाठक पुरा में 24 घंटे से ठप है बिजली सप्लाई, लोग परेशान

- एसडीओ पनवाड़ी बोले, टांसफार्मर ख़राब हो गया है, वैकल्पिक व्यवस्था कर जल्दी विधुत सप्लाई चालू कराने का किया जा रहा प्रयास

**पनवाड़ी, महोबा।** कस्बा के पाठक पुरा में टांसफार्मर खराब हो जाने पर पिछले चौबीस घंटे से विधुत सप्लाई ठप होने से लोग भीषण गर्मी में कराह उठे हैं। विद्युत कर्मचारी खराब टांसफार्मर को ठीक करने में लगे हैं लेकिन अभी तक सप्लाई चालू नहीं होने से पानी की समस्या भी खड़ी होने लगी है। इस समय भीषण गर्मी का कहर जारी है वहीं पाठक पुरा कस्बा के पाठक पुरा की बिजली सप्लाई टांसफार्मर के खराब हो जाने के कारण बीते चौबीस घंटो से ठप पड़ी है जिस कारण लोगों को गर्मी से जूझने के साथ साथ अब पानी की समस्या परेशान करने लगी है। मुहाल के रमेश चन्द, सतीश, कपिल, मुन्ना, आदि ने कहा विद्युत विभाग चौबीस घंटे बाद भी बिजली सप्लाई चालू नहीं कर पाया है गर्मी के कारण सभी लोग परेशान हैं और अब बिजली के बिना पानी की समस्या खड़ी होने लगी है। विधुत कर्मचारी सप्लाई चालू करने में लगे हैं लेकिन अभी बिजली सप्लाई ठप है। एसडीओ का कहना है कि टांसफार्मर ख़राब हैं जिसे बदला जाना है हम वैकल्पिक व्यवस्था कर बिजली सप्लाई चालू करने में लगे हैं।

### भैंस चराने गये अधेड़ का नदी में उतराता मिला शव

**हमीरपुर।** रिश्तेदारी में रहकर भैंस चराने गए अधेड़ की नदी में डूब जाने से मौत हो गई। 12 घंटा बाद शव नदी में उतराता मिला है। मृतक की भांजी की सूचना पर पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकालकर पीएम के लिए भेज दिया है। बिवांर थाना के महेरा गांव का वरदानी 58 वर्ष पुत्र गोपाल वर्मा जलालपुर थाना के कटेहरी गांव में अपनी भांजी आरती पत्नी नरेंद्र वर्मा के घर में करीब 10 साल से रहता था। हर दिन की तरह अपनी भांजी की भैंस को लेकर चराने के लिए गांव के पास से निकली वर्मा नदी के किनारे खेत में गया था। जो नदी में पैर के फिसल जाने से डूब गया था। शाम को घर वापस न आने पर उसकी तलाश की गयी जबकि भैंस वापस शाम को घर आ गई थी।तलाश करने के दौरान उसका शव नदी में उतराता मिला। भांजी की सूचना पर एस?आई विजय मिश्रा ने शव को बाहर निकालकर कार्रवाई कर पीएम के लिए भेज दिया है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की धूमधाम से मनाई पुण्यतिथि

- आधा दर्जन पत्रकारों को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया गया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि टूरिस्ट बंगला सभागार महोबा में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों, ब्यूरो चीफ, साहित्यकारों एवं समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने पर आधा दर्जन पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। पनवाड़ी, जैतपुर, कबरई, महोबकंठ, चरखारी, कुलपहाड़ सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकारों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित पत्रकारिता दिवस समारोह में वरिष्ठ पत्रकार विराग पचौरी, भगवान दीन यादव, बी डी बंसल , सिराज खान, वहीद अहमद, आदि पत्रकारों ने प्रशासन, समाज में पत्रकारों भूमिका संगठन की एकता पर प्रकाश डाला। साहित्यकार संतोष पटेरिया ने कहा कि पत्रकार समाज, शासन और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है तथा उसे ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार राकेश पटेरिया ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल के संघर्षपूर्ण जीवन एवं पत्रकारिता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विशेष आमंत्रित अतिथि महंत देवी चरण दास ने पत्रकारों को समाज का सजग प्रहरी बताते हुए उन्हें देश का सच्चा मार्गदर्शक कहा। महिला पत्रकार नम्रता सोनी एवं कहकसा जलाल ने पत्रकारों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष यूनुस खान ने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि संगठन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहेगा और उन्हें निर्भीक होकर पत्रकारिता करनी चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार भगवानदीन यादव, कैलाश तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, विराग पचौरी, वहीद अहमद, सुशील साहू, बलवीर सेन सहित अन्य वक्ताओं ने ग्रामीण पत्रकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समाचार संकलन में ग्रामीण पत्रकार अग्रणी भूमिका निभाते हैं और वे बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के दौरान महंत देवी चरण शुक्ला, डॉ अभिषेक सक्सेना, भगवानदीन यादव, कैलाश तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, विराग पचौरी, जयप्रकाश द्विवेदी, जमाल अहमद कादरी, संतोष पटेरिया, वहीद अहमद, पंकज गुप्ता, सहित कई वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों को जिला अध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया द्वारा मां चंडिका देवी का चित्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार राजू पटेरिया, कृष्णकांत उर्फ मोनू तिवारी, राकेश पटेरिया, इफ्तखार अली, सलमान खान एवं इखलाक अहमद को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन महोबा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया ने सभी अतिथियों एवं पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से आयोजन को गरिमामयी स्वरूप प्राप्त हुआ। आयोजन की व्यवस्थाएं तहसील अध्यक्ष इफ्तखार अली एवं तहसील उपाध्यक्ष हनुमान शुक्ला ने संभाली। वरिष्ठ पत्रकार फैजान अली ने भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन जिला संरक्षक एवं वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार बी.डी. बंसल तथा जिला महामंत्री अनिल बाबू सेन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रामगोपाल अग्रवाल,अजय अग्रवाल, इलयास अहमद, कपिल कश्यप, पंकज गुप्ता, अशोक पाटकार, संजना सिंह, बिहारी लाल गाडगे, हरि सिंह राजपूत, हरि सिंह वर्मा, सलमान, ओमप्रकाश यादव, शान मोहम्मद, अरविंद अनुरागी, मुजीब खान, शहंशाह अहमद अभिषेक कुमार सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

# खेत पर प्रौढ़ किसान की नृशंस हत्या से गांव में दहशत

- सोमवार की शाम को खेत की कोठी पर गया था मृत किसान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

> थाना प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ विनोद कुमार का कहना है कि मृतक हरनारायण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है। परिजनों से तहरीर प्राप्त होते ही सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जाएगा तथा पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण भी स्पष्ट हो सकेगा।

जिले के महोबकंठ थानांतर्गत पिपरी गांव निवासी एक प्रौढ़ किसान की अज्ञात हत्यारोपियों ने नृशंस हत्या कर दी और मौका पाकर भाग गए है। आरोप है कि हत्यारोपियों ने हाथ पैर तोड़कर सिर पर प्रहार कर हमेशा के लिए मौत की नींद सुलाई है। सूचना पर अभी रात्रि में संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बता दें कि पिपरी गांव निवासी 54 वर्षीय मृतक किसान हरनारायण राजपूत पुत्र हल्काई सोमवार देर शाम घर से खाना खाकर गांव से कोई डेढ़ किमी दूर खेत पर बनी कोठी गया था। आज मंगलवार को वह वहीं पर रहा और देर शाम तक खाना खाने के लिए घर न आने पर पत्नी ने मोबाइल पर फोन लगाया तो रिंग जाने के बाद कोई जवाब नहीं मिला तो वह परेशान हो गई। शाम 7 बजे के लगभग अपने पारिवारिक भतीजे प्रधान प्रतिनिधि स्वतंत्र राजपूत को लेकर खेत पहुंची तो किसान हरनारायण रक्तरंजित हालत में खेत पर पड़े थे तथा शरीर पूरी तरह से धूप के कारण जला था और दोनों हाथ पैर टूटे प्रतीत हो रहे थे तथा सिर चोट के निशान थे वठ पास में लोहे की रॉड(सब्बल) पड़ी थी। इससे ऐसा प्रतीत हुआठ कि हत्यारोपियों ने लोहे की रॉड से प्रहार कर मौत की नींद सुलाई और भाग गए। मामले में सूचना महोबकंठ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार को दी और वह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अभी रात्रि दस बजे समाचार लिखे जाने तक पुलिस बल बारीकी से जांच पड़ताल कर रही थी तथा शव को कब्जे में लिया है। वहीं किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। हत्या की घटना के पीछे के कोई ठोस कारण उभरकर सामने नहीं आए है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड़ भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

# गविष्ठ यात्रा प्रमुख शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का स्वागत

- गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष व ग्राम प्रधान हेमलता पटेल के नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब
- शंकराचार्य ने दिलाया गौरक्षा का संकल्प, सुजानपुर बारात शाला में बही आस्था की बयार

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सनातन धर्म के सर्वोच्च मार्गदर्शक पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पावन शगविष्ठ यात्राश् (गो रक्षा यात्रा) का फतेहपुर जनपद में ऐतिहासिक और भव्य आगमन हुआ। अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के बहुआ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सुजानपुर में यात्रा के पहुंचते ही पूरा क्षेत्र जय गोमाता और सनातन धर्म के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम की स्वागताध्यक्ष, ग्राम प्रधान तथा गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल (पूर्व विधानसभा प्रत्याशी) के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों और संगठन की महिलाओं ने शंकराचार्य महाराज का स्वागत किया। इस दौरान महाराज पर भारी पुष्प वर्षा की गई और स्वागताध्यक्ष हेमलता पटेल अपने पति धर्मेंद्र कुमार के साथ शंकराचार्य को सप्रेम भगवान शिव की दिव्य प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुजानपुर के बारात शाला परिसर में आयोजित इस स्वागत समारोह में महाराज के दिव्य दर्शन और आशीर्वचन प्राप्त करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। हेमलता पटेल पर विश्वास जताते हुए शंकराचार्य ने उन्हें संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में गौरक्षा मिशन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जिसमें सर्वसहयोग से गौधाम निर्माण और गौरक्षा संदेश और संकल्प को जन जन तक पहुंचाने का कार्य सौंपा। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शंकराचार्य महाराज ने गविष्ठ यात्रा के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गोमाता की रक्षा और संरक्षण हर सनातनी का परम कर्तव्य है। महाराज के आह्वान पर वहां उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर पूरी निष्ठा के साथ गौरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के अत्यंत कुशल और अनुशासित प्रबंधन के लिए संतों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा ग्राम प्रधान हेमलता पटेल को बधाई व सराहना मिली साथ ही जनहित कार्यों के लिए भी शंकराचार्य ने उन्हें सराहा और आशीर्वाद दिया। बारात शाला परिसर में आए हुए सभी श्रद्धालुओं के लिए शरबत, ठंडा पानी और नाश्ते की प्रसाद स्वरूप व्यवस्था की गई थी। प्रमुख गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति इस पावन अवसर पर स्वागताध्यक्ष हेमलता पटेल के साथ गविष्ठ यात्रा के जिला प्रभारी शिवाकांत तिवारी, उदित अवस्थी,धर्मेंद्र कुमार, मोहित वर्मा, सत्यम, सुमन, रानी, मधु, शनी, संयोगिता, पिंकी, रेखा, सुधा, राजरानी, दाताराम, शिवम, मुकुल, उत्कर्ष सहित गुलाबी गैंग की मातृशक्ति और भारी संख्या में क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुजानपुर में आस्था की बयार बहाने के बाद यह दो दिवसीय गविष्ठ यात्रा अपने अगले गंतव्य के लिए आगे बढ़ गई। जनपद के गाजीपुर, जागेश्वर मंदिर और सरकी होते हुए यात्रा खागा और हुसैनगंज क्षेत्रों की ओर रवाना हुई, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने महाराज का जोरदार स्वागत किया। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान यह यात्रा फतेहपुर जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न निर्धारित स्थानों से होकर गुजरेगी और जन-जन को गौरक्षा के प्रति जागृत करेगी।

### गन्ने के खेत में सिंचाई करते समय किसान की बिगड़ी हालत, मौत

**राठ।** गन्ने के खेत की सिंचाई करने के दौरान वृद्ध किसान की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना था कि संभवता लू लगने से किसान की मौत हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बुधवार की दोपहर मझगवां थाने के कुल्हैंडा गांव निवासी रंजीत सिंह (65) पुत्र हरचरन अपने चार बीघे के गन्ने के खेत की सिंचाई कर रहे थे। अचानक से खेत में किसान की हालत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना था कि इस भीषण गर्मी के चलते शायद लू गई है। जिसके चलते किसान की मौत हुई। रंजीत सिंह गांव के पूर्व प्रधान भी रह चुके हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में पांच आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



देवा थाना क्षेत्र के ग्राम ग्वारी में हुई डकैती की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए, जबकि तीन को गोवर्धन कॉलोनी गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर लूट के जेवरात, 4 लाख 64 हजार रुपये नकद,चार अवैध तमंचे, कारतूस, घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार 22 मई 2026 को ग्राम ग्वारी चौराहा मजरे शाहपुर निवासी आलोक कुमार जायसवाल ने तहरीर देकर बताया था कि देर रात 3-4 अज्ञात बदमाश पीछे के दरवाजे से घर में घुस आए और परिवार के साथ मारपीट कर नगदी व जेवरात लूट ले गए। मामले में थाना देवा पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर स्वाट, सर्विलांस और थाना देवा पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने मैनुअल इंटेलिजेंस, डिजिटल डाटा और सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना का खुलासा किया।

पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जसीम अहमद पुत्र सिराज अहमद निवासी अलहइयापुर थाना कैसरगंज जनपद बहराइच तथा सैफ पुत्र याकूब निवासी सोढ़ीपुर थाना घुंघटेर के रूप में हुई। वहीं मो. इस्माइल पुत्र मुजफ्फर अली निवासी चांदपुर रुधौली थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर, मो. अबरार पुत्र कमरूद्दीन निवासी ददरा नोखेपुरवा थाना बड्डूपुर तथा बलवंत सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी देवगांव पश्चिम थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किए हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जिसका सरगना बुलंदशहर निवासी रोहित जाट है। गिरोह पहले ऐसे घरों और प्रतिष्ठानों की रेकी करता था जहां लोगों की संख्या कम और धन अधिक होता था। आरोपियों ने बाराबंकी के अलावा लखनऊ, सीतापुर और गोण्डा में भी लूट की घटनाएं करना स्वीकार किया है।पुलिस फरार गिरोह सरगना रोहित जाट की तलाश में जुटी है।

# सरकार ने प्रधानों को किया खुश, प्रधानों ने बांटी खुशी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को प्रशासक नियुक्त होने पर ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव को बुके एव मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रधानों ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं और सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

बताते चले कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव में देरी के कारण, राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मौजूदा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद उन्हें ही प्रशासक के रूप में नियुक्त किया है उल्लेखनीय हो कि ऐसा पहली बार हुआ है जब कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रधानों को ही प्रशासक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले सरकारी सचिवों या अधिकारियों को प्रशासक बनाया जाता था इस नई व्यवस्था तब तक लागू होने पर ग्राम प्रधानों ने खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत, महामंत्री नीरज कुमार, मो0 आलम, मुईन अंसारी, अजय कुमार वर्मा, नूर मोहम्मद, सुरेशचंद्र, श्रीकांत, उमाकांत वर्मा मौजूद रहें।

## नकब लगाकर जूता चप्पल की दुकान में की चोरी

**रामनगर, बाराबंकी।** नगर पंचायत रामनगर स्थित नेहरू मार्केट में मंगलवार रात चोरों ने एक जूते-चप्पल की दुकान में नकब लगाकर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार यूनियन इंटर कॉलेज के निकट स्थित नेहरू मार्केट में शंशाक मिश्रा ने हाल ही में गार्गी ट्रेडिंग स्टोर नाम से जूते-चप्पलों की दुकान खोली थी। मंगलवार रात अज्ञात चोर दुकान के पीछे से नकब लगाकर अंदर घुस गए और वहां रखे जूते-चप्पल तथा घड़ियां चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो पीछे की दीवार टूटी देख घटना की जानकारी हुई। चोरी की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की।

# विधायक ने किया पीपा पुल का लोकार्पण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



गोमती नदी स्थित पहाड़ापुर घाट पर लगभग 66 लाख की लागत से निर्मित नवनिर्मित पीपा पुल का उद्घाटन विधायक दिनेश रावत ने कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया।

इस अवसर पर दिनेश रावत ने कहा कि यह पुल क्षेत्र की जनता के आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ ग्रामीणों के जीवन में नई सुविधा एवं विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूँ। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह तीरथ राम वर्मा, सचिन वर्मा, पंकज दीक्षित , भगवत रावत, प्रहलाद शरण जायसवाल, रामनाथ वर्मा, सुनील वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजू द्विवेदी,कुम्भेश मिश्रा भगवान बक्स सिंह यादव, श्याम बिहारी यादव, जय सिंह, कमल पटेल, कौशल शुक्ला, सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता बंधु, वरिष्ठजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

**▸ जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूँ: दिनेश रावत**

# ऑपरेशन कर शरीर में कॉटन छोड़ने के मामले ने पकड़ा तूल

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

ऑपरेशन के दौरान महिला के शरीर में कॉटन छोड़ देने का जानलेवा मामला धीरे धीरे तूल पकड़ रहा है। पीड़ित महिला के पिता ने जिलाधिकारी के जनसुनवाई पोर्टल और कोतवाली नगर में प्रभारी निरीक्षक के नाम से पत्र देकर मामला दर्ज किये जाने की मांग की है। मालूम है कि नगर पंचायत रामनगर के निवासी अजय कुमार पांडेय ने अपनी पुत्री शालू पांडेय को दो मार्च 2026 की रात प्रसव पीड़ा होने पर बाराबंकी स्थित न्यू सहारा हॉस्पिटल खोया मंडी में भर्ती कराया गया था। पांच मार्च को अस्पताल में ऑपरेशन से पुत्री का जन्म हुआ। आरोप है कि 13 मार्च को डिस्चार्ज होने के बाद से ही शालू के पेट में लगातार तेज दर्द और अन्य दिक्कतें बनी रहीं। अस्पताल में हुई शिकायतों के बावजूद सही कारण नहीं बताया गया। 19 मई को अचानक महिला के यूरिन मार्ग से एक बड़ा टुकड़ा बाहर निकला। पीड़िता के पिता ने दोषी डॉक्टरों अस्पताल प्रबंधन और संबंधित स्टाफ के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की थी। एक तरफ पीड़ित महिला अभी तक दौरान इलाज है तो दूसरी तरफ पीड़ित पिता न्याय की गुहार लगा रहा है।पुलिस कोतवाल के नाम से लिखे गये पत्र में मामले से संबंधित जांच रिपोर्ट दस्तावेज और बाहर निकले कॉटन के फोटोग्राफ भी उपलब्ध होने की बात कही गयी है जिससे जान माल का खतरा भी पैदा हो गया था।

# राज्यमंत्री ने 24.28 लाख की लागत से निर्मित विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने बुधवार को 24.28 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जिला पंचायत निधि से 18.30 लाख रुपये की लागत से बने गढ़ी संपर्क मार्ग तथा विधायक निधि से 5.98 लाख रुपये की लागत से साईं दाता आश्रम परिसर में कराए गए सीसी एवं इंटरलॉकिंग कार्य का उद्घाटन राज्य मंत्री ने भाजपा नेता जवाहरलाल वर्मा और जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा के साथ संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतीश शर्मा ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में विकास और सुशासन की नई तस्वीर देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था, सड़क, बिजली और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के गांव, गरीब, किसान और युवाओं के विकास के लिए कार्य कर रही है। इस दौरान दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बीएचयू से रिफर हुए हृदय मरीज की रास्ते में मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** बीएचयू से रेफर होकर केजीएमयू लखनऊ ले जाये जा रहे 52 वर्षीय हृदय रोगी को सीएचसी हैदरगढ़ पर मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर जनपद के कस्बा एवं थाना बिरनू निवासी मोहित यादव पुत्र विसुंधरी यादव हृदय रोग से पीड़ित थे जिनका उपचार बनारस स्थित बीएचयू हॉस्पिटल में चल रहा था। हालत खराब होने पर उन्हें केजीएमयू के हृदय रोग विभाग के लिए रेफर किया गया था एंबुलेंस द्वारा लखनऊ ले जाए जा रहे मोहित यादव की हालत खराब होने पर सीएचसी हैदरगढ़ पर लाया गया जहां पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर द्वारा मृत्यु घोषित कर दिए गए।

### जमीनी विवाद में दबंगो ने बोला हमला, मुकदमा दर्ज

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे रोशनलाल पुरवा मजरे असेना गांव में जमीनी विवाद को लेकर दबंगों द्वारा घर पर हमला कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी बृजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही चंद्रशेखर से उनका जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि 26 मई की देर रात करीब साढ़े तीन बजे चंद्रशेखर, सरदार, मुरारी, सुल्तान, दीपचंद्र, रौनक, अर्चित, रामकिशोरी उर्फ कजरा, रोहित, पवन, सचिन समेत अन्य लोग धारदार हथियार और फावड़ा लेकर उनके घर पहुंच गए। आरोपियों ने घर की बनी दीवार तोड़ना शुरू कर दिया। विरोध करने पर विपक्षियों ने बृजेश कुमार, उनकी पत्नी मिथलेश कुमारी और पुत्री गायत्री पर हमला कर दिया। मारपीट में मां-बेटी समेत परिवार के अन्य लोग घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब जाकर किसी तरह परिवार की जान बच सकी। ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। एसएचओ दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर 12 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस बल ने अपने-अपने थानाक्षेत्र में किया फ्लैग मार्च



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** त्योहार बकरीद के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा कस्बा मुसाफिरखाना में, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र द्वारा कस्बा अमेठी में, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा कस्बा गौरीगंज में एवं जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं मिश्रित आबादी वाले इलाकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गयी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस द्वारा स्थानीय संभ्रान्त व्यक्तियों और पीस कमेटी के सदस्यों से बातचीत करते हुये अफवाहों पर ध्यान न देने, भ्रामक पोस्ट प्राप्त होने पर बिना पुष्टि के फॉरवर्ड ना करने व त्योहार को शान्तिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई।

# टूटी पुलिया पर दौड़ रहे ओवरलोड भारी वाहन

**डलमऊ,रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



डलमऊ रायबरेली रोड के सराय दिलावर गांव के पास स्थित गंग नहर पर बनी वर्षों पुरानी पुलिया ओवरलोड वाहनों के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है पुलिया को टूटे करीब एक माह से अधिक समय हो चुका है लेकिन उसके बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बात भी ओवरलोड भारी वाहनों का आवागमन लगातार जारी हैं ऐसी स्थिति में कोई बड़ा हादसा होने की संभावना हमेशा बनी रहती है लेकिन उसके बाद ही जिला एवं क्षेत्रीय प्रशासन कोई है उसे कदम उठाने के लिए आगे नहीं आ रहा है स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया टूटने के बाद केवल खानापूर्ति करते हुए बोरी में मिट्टी भरकर टूटी पुलिया के किनारे लगा दिया गया है, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो सके। पुलिया का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बाद भी ओवरलोड डंपरों का संचालन जोर शोर से हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि इतना समय बीत जाने के बाद भी न तो पुलिया की मरम्मत शुरू हुई और न ही प्रशासन ने भारी वाहनों के आवागमन पर कोई रोक लगाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया की ओवरलोड भारी वाहनों के कारण पुलिया की हालत लगातार खराब होती जा रही है। बड़े-बड़े डंपरों के गुजरने से पुलिया में कंपन महसूस होता है और दरारें बढ़ती जा रही हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते भारी वाहनों का आवागमन बंद नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी और जानकारी के बावजूद ओवरलोड वाहन लगातार निकल रहे हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ चुप्पी साधी गई है। प्रशासन और पुलिस की अनदेखी के चलते आम जनता की जिंदगी खतरे में डाल दी गई है। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले बाइक सवार और छोटे वाहन चालक डर के साये में सफर करने को मजबूर हैं। क्षेत्रीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियो से तत्काल पुलिया की मरम्मत कराने,भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने मांग की है।

# कोई भी नवजात व गर्भवती टीकाकरण से न रहे वंचित: डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में संचालित नियमित टीकाकरण कार्यक्रमों की गुणवत्ता, उपलब्धता एवं प्रभावी क्रियान्वयन का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बुधवार को शहर स्थित विभिन्न टीकाकरण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने टीकाकरण सत्र में उपस्थित आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम से संवाद कर टीकाकरण व्यवस्था, गर्भवती महिलाओं की जांच एवं बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं से उनके क्षेत्र में चिन्हित नवजात शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि प्रत्येक आशा कार्यकर्ता के पास एक व्यवस्थित रजिस्टर होना चाहिए, जिसमें गर्भधारण के समय से लेकर प्रसव तथा उसके पश्चात शिशु को लगाए जाने वाले सभी टीकों एवं स्वास्थ्य जांचों का सम्पूर्ण विवरण अंकित रहे। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे एवं गर्भवती महिला की अद्यतन जानकारी होनी चाहिए, जिससे कोई भी लाभार्थी टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नियमित रूप से सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं सतत निगरानी की जाए। साथ ही बच्चों के पोषण स्तर की भी नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि कुपोषण की स्थिति को समय रहते चिन्हित कर आवश्यक उपचार एवं पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में ड्यू लिस्ट के अनुसार लाभार्थियों को समय से सूचना देकर टीकाकरण केंद्रों तक लाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही वार्ड स्तर पर पार्षदों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समुदाय के सहयोग से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया जाए।

# राज्यमंत्री बोले, सरकार गांवो के विकास के लिए गम्भीर

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें प्रशासक नियुक्त किए जाने के फैसले पर बुधवार को बनीकोडर ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानों ने प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया। इस मौके पर खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार गांवों के विकास को लेकर पूरी तरह गंभीर है और किसी भी कीमत पर विकास कार्यों को रुकने नहीं दिया जाएगा।

राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यदि प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होती तो गांवों में चल रही विकास योजनाएं बाधित हो सकती थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त कर विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने प्रधानों से अपील की कि वे बिना किसी भेदभाव के गांवों के विकास में जुटे रहें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास और सुशासन के एजेंडे पर काम कर रही है तथा पिछले नौ वर्षों में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ गांवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया गया है।

उन्होंने बताया कि दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के चार सौ से अधिक गांवों में बिजली पहुंचाई गई है। इस दौरान उन्होंने कुवरपुर में पुल निर्माण कराने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने प्रधानों से भाजपा को मजबूत करने की अपील की। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पंचायतों में चल रहे विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे। कार्यक्रम में राहुल सिंह, मोहित सिंह, राजेश मिश्रा, कमलेश वर्मा, अभिषेक वर्मा, अजय सिंह समेत बड़ी संख्या में प्रधान और ग्रामीण मौजूद रहे।

## डीएम ने खण्ड बिसवां में आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर वी.एन.एस.एन.डी. सत्र का किया औचक निरीक्षण

**▸ गर्भवती महिलाओं का ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण किया जाये, कोई भी महिला छूटने न पाये**

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर, विकास खण्ड बिसवां में आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर वी.एन.एस.एन.डी. सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ए.एन.एम. से वार्ता करते हुये आबादी की जानकारी लेते हुये रजिस्टरों का अवलोकन किया। ब्लड प्रेशर मशीन को देखते हुये ए.एन.एम. द्वारा ब्लड प्रेशर मशीन सही से संचालित न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। सत्र के दौरान टीकाकरण की जानकारी लेते हुये जिलाधिकारी ने यह भी जानकारी ली कि टीकाकरण के समय उपस्थित न हो पाने वाली महिलाओं के लिये क्या किया जाता है, की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि जागरूकता फैलाते हुये महिलाओं का टीकाकरण कराया जाये तथा सख्त निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं का ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण किया जाये, कोई भी महिला टीकाकरण से छूटनें न पाये, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन किट का अवलोकन किया, जो खराब पाये जाने एवं रख-रखाव सही न होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ए.एन.एम. के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से वार्ता करते हुये उनके उपकरणों एवं सैम व मैम रजिस्टर का भी अवलोकन करते हुये पुष्टाहार वितरण एवं वी.एन.एस.एन.डी. सत्र के दौरान की गयी तैयारियों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# सपा नेताओं के समर्थकों के बीच विवाद, विधायिका आवास पर हंगामा



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा अमेठी के आवास विकास कॉलोनी स्थित पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के आवास पर मंगलवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब कथित रूप से कुछ लोग वहां पहुंचकर हंगामा करने लगे। बताया जा रहा है कि पूरा विवाद सोशल मीडिया पर की गई एक व्यक्तिगत अभद्र टिप्पणी को लेकर शुरू हुआ, जिसने बाद में राजनीतिक रंग ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार, अमेठी की सपा विधायिका महाराजी प्रजापति के एक कार्यकर्ता द्वारा स्थानीय सपा कार्यकर्ता पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। आरोप है कि टिप्पणी करने वाले कार्यकर्ता की तलाश में पहुंचे लोगों ने आवास पर पहुंचकर गाली-गलौज और हंगामा किया। विधायिका के पुत्र अनुराग प्रजापति ने आरोप लगाया कि आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव के करीबी बताए जाने वाले जयसिंह प्रताप यादव, अनुराग यादव रेभा, शेर बहादुर यादव घटकौर, बलराम यादव खाझा सहित दर्जनों लोग उनके घर पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को दे दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा कथित आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी में जुटी है।

## शिकायतकर्ता के द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से उच्च स्तर की जांच की मांग की

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड गोंदलामऊ में तैनात सचिव प्रदीप कुमार,आसिफ अली सिद्धि और हरेंद्र कुमार की ग्राम पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है जिसकी शिकायत शपथ पत्र के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर को की गई थी और सचिवों की निष्पक्ष जांच और जिला स्त्री जांच मांगने की गई है बताते चलें विकास खण्ड गोंदलामाऊ में कार्यरत निम्नलिखित ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गम्भीर वित्तीय अनियमितताएं की जा रही हैं। जिनकी जाँच कराकर कार्यवाही किया जाना जनहित / शासकीय हित में अति आवश्यक है 1- प्रदीप कुमार ग्राम विकास अधिकारी जिनके पास ग्राम पंचायत सदना, केशआमऊ धरौली जैनापुर, कचलाई सरवा कोरौना आदि ग्राम पंचायतों का चार्ज है के द्वारा बिना मौके पर कार्य कराये फर्जी भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। 2- आसिफ अली सिद्दीकी ग्राम पंचायत अधिकारी जिनके पास बकछेरवा चेरेताली, कोदिकापुर, आदि ग्राम पंचायतों का चार्ज है, के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। 3- हरेन्द्र कुमार ग्राम पंचायत सचिव जिनके पास ग्वाली, आंबाघाट का चार्ज है इनके द्वारा बीरू गन्दिर का कायाकल्प के नाम पर बड़े पैमाने पर धनराशि निकालकर दुरूपयोग किया गया है जबकि किसी व्यक्तिगत मन्दिर के जीर्णोद्धार के नाम पर सरकारी धनराशि का व्यय नहीं किया जा सकता है। इनके द्वारा हेमन्त कुमार के नाम पर लगभग रू0 3.00 लाख बिना किसी कार्य के अन्तरित किये गये हैं। शिकायतकर्ता के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से अनुरोध है कि इस मामले पर उपरोक्त प्रकरण की जॉच जिला स्तरीय अधिकारी से कराकर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाय तथा अपहृत की गई सीकारी धन की वसूली की जाय। प्रार्थी के पास पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं जो जॉच के समय उपलब्ध कराये जायेगें। अपने कथन की पुष्टि हेतु शपथ पत्र साथ में संलग्न कर रहा हूँ।

# ग्र.पं खुरवलिया में सचिव पर लगे फर्जी भुगतान कराने के आरोप

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




विकास खण्ड रेउसा की ग्राम पंचायत खुरवलिया में तैनात सचिव संतलाल पटेल पर पंचायत निधियों में बड़े पैमाने पर अनियमितता और फर्जी भुगतान कराने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव द्वारा कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खातों में लगातार मजदूरी और सामग्री मद का भुगतान कराया जा रहा है, जिससे पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचता दिखाई दे रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार अशोक और अरुण नामक व्यक्तियों के खातों में बार-बार मजदूरी एवं सामग्री का भुगतान लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों, पंचम वित्त आयोग मद और अन्य योजनाओं के नाम पर भारी मात्रा में भुगतान लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई ऐसे कार्य हैं जो धरातल पर दिखाई नहीं देते, लेकिन कागजों में उनका भुगतान हो चुका है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नाला मरम्मत, नाली सफाई और अन्य विकास कार्यों के नाम पर भी फर्जी भुगतान किए गए हैं। कई स्थानों पर विकास कार्य अधूरे पड़े हैं, जबकि सरकारी अभिलेखों में कार्य पूर्ण दर्शाकर भुगतान निकाल लिया गया है। इससे पंचायत की विकास योजनाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो पंचायत में हुए बड़े वित्तीय घोटाले का खुलासा हो सकता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विकास खण्ड स्तर के कुछ अधिकारियों का संरक्षण मिलने के कारण सचिव के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सीतापुर एवं मुख्य विकास अधिकारी से मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि पंचायत निधियों के दुरुपयोग पर रोक लग सके और सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके।

# पोस्टरवार पर सियासी घमासान,भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली जिम्मेदारी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव के विरोध में शहर में लगाए गए पोस्टरों को लेकर कन्नौज की सियासत गरमा गई है। महिला अपराधों के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी को घेरते हुए रातों-रात शहर के विभिन्न इलाकों में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए, जिससे सुबह होते ही सपाइयों में नाराजगी फैल गई। कई स्थानों पर सपा कार्यकर्ताओं ने पोस्टर फाड़ दिए और बाद में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। पोस्टरों में सपा शासनकाल के दौरान महिलाओं के खिलाफ हुई घटनाओं का उल्लेख किया गया था। साथ ही पूर्व मंत्री आजम खां और नवाब सिंह यादव की तस्वीरों के



साथ महिला अपराधों से जुड़ी खबरों की कटिंग भी लगाई गई थीं। पोस्टर सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे राजनीतिक दुर्भावना बताते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को ज्ञापन सौंपकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर

- अखिलेश के विरोध में लगे होर्डिंग्स से बढ़ा विवाद, सपाइयों ने फाड़े पोस्टर

सख्त कार्रवाई की मांग की। विवाद उस समय और बढ़ गया जब भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए खुले तौर पर पोस्टर लगवाने की जिम्मेदारी ले ली। उन्होंने लिखा कि यदि सपा नेताओं के ÷काले कारनामों को उजागर करना अपराध है तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्टर फटने से इतिहास के काले पन्ने नहीं फटेंगे और सपा के महिला विरोधी चेहरे को उजागर करना जारी रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने बयान में साफ कहा कि पोस्टर उन्होंने ही लगवाए हैं और यदि कार्रवाई करनी है तो सीधे उन पर मुकदमा दर्ज किया जाए। इसके बाद जिले का सियासी माहौल और गर्म हो गया है। सोशल मीडिया पर भी भाजपा और सपा समर्थकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। भाजपा की ओर से सपा सरकार के दौरान कन्नौज से लड़कियों के गायब होने के मामलों का भी मुद्दा उठाया गया। वहीं समाजवादी पार्टी पर मुस्लिम तुष्टिकरण और महिला विरोधी राजनीति करने के आरोप लगाए गए। भाजपा नेताओं ने यह भी कहा कि सपा से जुड़ा एक नेता नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद है।

### सपाइयों की भाजपा को चेतावनी,हमारे नेताओं के पोस्टर लगाए तो आपके चेहरे भी जनता को दिखाएंगे

कन्नौज में पोस्टर विवाद पर सियासत गरमाई,सपा नेता बोले- भाजपा को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। कन्नौज में समाजवादी पार्टी नेताओं ने भाजपा पर राजनीतिक माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए तीखा पलटवार किया। सपा नेताओं ने कहा कि अगर उनके राष्ट्रीय नेताओं की तस्वीरों के साथ भाजपा विरोधी पोस्टर लगाए जाएंगे, तो वे भी भाजपा से जुड़े विवादित नेताओं के पोस्टर सार्वजनिक करेंगे। सपा नेताओं ने कहा कि यदि उनके नेताओं के फोटो के साथ कुलदीप सेंगर, चिन्मयानंद सहित रेमन्ना समेत अन्य नेताओं के पोस्टर चिपकने लगे, तो भाजपा नेताओं को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर राजनीतिक तनाव पैदा कर रही है। सपा नेताओं ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बिजली कटौती के विरोध में सयुस ने सौंपा ज्ञापन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर समाजवादी युवजन सभा ने विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर 7 दिनों में समस्या के समाधान की मांग की है।

युवजन सभा के प्रदेश सचिव राशिद फारूकी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र के उपभोक्ता पिछले कई दिनों से भीषण बिजली संकट का सामना कर रहे हैं। बिना किसी पूर्व सूचना के प्रतिदिन 6 से 8 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न रहने से पानी की आपूर्ति, पढ़ाई और छोटे व्यापार भी प्रभावित हो रहे हैं। बार-बार ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या के कारण लोगों के टीवी, फ्रिज, पंखे और अन्य विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं दी जा रही है। उन्होंने मांग की कि बिजली कटौती का निर्धारित शेड्यूल सार्वजनिक किया जाए और उसी के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही लोकल फॉल्ट टीम को सक्रिय कर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि सात दिन के भीतर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो उपभोक्ताओं के साथ उच्चाधिकारियों से शिकायत की जाएगी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, सलमान खान, संतोष गुप्ता, प्रदुमन यादव, अवनीश गुप्ता, पिंटू यादव, अख्तर अंसारी सहित कई समाजवादी नेता मौजूद रहे।

# संगठन की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्तिः सौरभ मिश्रा

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

बीकानेर रेस्टोरेंट में हुई फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक में प्रदेश विशेष सचिव सौरभ मिश्रा ने कहा संगठन की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है।

उन्होंने कहा सभी सदस्यों को एक-दूसरे के साथ खड़े रहकर संगठन को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा %साझा सुरक्षा संकल्प% विषय पर आयोजित इस बैठक का उद्देश्य फोटोग्राफर साथियों के बीच एकता, सहयोग एवं सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। इसके अलावा जोनल हेड कानपुर विष्णु नारायण दीक्षित, मंडल प्रमुख कानपुर अमित राठौर, अवधेश राठौर, पिंटू सक्सेना ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, सदस्यों के सुझाव, भविष्य की योजनाओं



तथा आपसी सहयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। एसएसएस योजना के माध्यम से फोटोग्राफर परिवारों की सुरक्षा एवं सहयोग के उद्देश्य को भी प्रमुखता से रखा गया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन के प्रति अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अंत में सभी सदस्यों ने संगठित रहकर समाज एवं संगठन हित में कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाया जाएगा। कार्यक्रम में कन्नौज, फर्रूखाबाद व कानपुर जिले के अनेक फोटोग्राफरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मीडिया प्रभारी फर्रुखाबाद सोनू शुक्ला के संचालन में हुए कार्यक्रम में सोनू बाजपेयी, बाबाजी गुप्ता, मनीष शर्मा, अवधेश राठौर, पिंटू सक्सेना, प्रितेश कटियार, शुभम स्टूडियो तिर्वा, बबलू यादव, तौसीफ, शादाब, अनिल शाक्य, पायल स्टूडियो सहित बड़ी संख्या में फोटोग्राफर मौजूद रहे।

# किसानों पर बिजली-पानी का दोहरा संकट

- 10 साल से अधर में पड़ी 161 करोड़ की नहर
- वर्ष 2016 में 161 करोड़ रुपये की लागत से नहर निर्माण शुरू किया गया था



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय जन आंदोलन फंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने भाजपा सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि जिले के तालग्राम और जलालाबाद ब्लॉक को डार्क जोन घोषित किए जाने के बाद नए नलकूपों पर रोक लग गई। इस समस्या के समाधान के लिए वर्ष 2016 में 161 करोड़ रुपये की लागत से नहर निर्माण शुरू किया गया था, जो 10 वर्ष बीतने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि यदि यह नहर समय पर बन जाती तो कन्नौज के साथ-साथ कानपुर देहात के किसानों को भी सिंचाई की सुविधा मिलती। वर्तमान में भीषण गर्मी के बीच किसान दोहरे संकट से जूझ रहे हैं। एक तरफ नहर में पानी नहीं है तो दूसरी तरफ बिजली की अंधाधुंध कटौती से नलकूप भी नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करके उनका मजाक उड़ा रही है। पानी, खाद, बीज और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में किसान बुरी तरह परेशान हैं। विनोद दुबे ने चेतावनी दी कि भाजपा सरकार की इस उपेक्षा से त्रस्त किसान आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार को उचित सबक सिखाने के लिए तैयार बैठे हैं।

# आपसी भाईचारे का संदेश देता है ईद-उल-अजहा का त्योहारः इरफान हुसैन

समधन, समृद्धि न्यूज।

आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाने के लिए सपा कार्यकर्ता व युवा समाजसेवी ने नगर सहित क्षेत्रीय आम जनता से की अपील आज़ मनाया जायेगा ईद-उल-अजहा (बक़रीद) का पर्व मुस्लिम लोगों ने त्योहार मनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली।

समधन नगर निवासी सपा कार्यकर्ता इरफान हुसैन व युवा समाजसेवी फैसल हुसैन ने नगर सहित क्षेत्रीय आम जनता को ईद-उल- अजहा त्योहार की मुबारकबाद देते हुए लोगों से अपील की है कि आपसी भाईचारे के साथ मिल-जुलकर त्योहार को मनाए इसी के





साथ-साथ उन्होंने समधन नगर की आवाम से कहा है कि ईद-उल-अजहा (बक़रीद) की नमाज़ अदा कर अपने-अपने घरों में कुर्बानी करतें समय इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें की कुर्बानी में निकलने वाला अवशेष खुले स्थान पर कतई न फेंकें और जहां पर कच्ची जमीन हो वहीं पर जानवरों की कुर्बानी करें जिससे कि जानवरों का निकलने वाला खून गली की नालियों में न वह कुर्बानी का खून जमीन पर ही दफन करना चाहिए इसके अलावा उन्होंने कहा है की कुर्बानी करते समय जानवरों की फोटो और वीडियो बनाने से परहेज करें। एक दूसरे के घरों में पहुंचकर त्यौहार की मुबारकबाद भी दे और गले मिलकर आपसी भाईचारा काम करते हुए त्योहार को मनाएं।

## खबरें एक नजर में

### पांच सूत्रीय मांगों को मिली मंजूरी, कर्मचारियों में खुशी की लहर



गुरसहायगंज,कन्नौज। राष्ट्रीय सफाई महासंघ के जिलाध्यक्ष राजा बाल्मीकि द्वारा जिला अधिकारी को दिए गए पांच सूत्रीय मांग पत्र की सभी प्रमुख मांगों को मंजूरी मिलने पर कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान को लेकर कर्मचारियों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष एवं कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए जिला अधिकारी ने सकारात्मक पहल की, जिसके बाद सभी मांगों को स्वीकार कर लिया गया। मांगों के मंजूर होने से कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है तथा उन्होंने इसे अपनी एकता और संघर्ष की जीत बताया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और कहा कि अब उन्हें अपने कार्यों को और बेहतर ढंग से करने में सुविधा मिलेगी। जिला अध्यक्ष राजा सिंह वाल्मिक एवं कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रशासन के इस निर्णय से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी उनकी समस्याओं का इसी प्रकार समाधान होता रहेगा और कर्मचारी हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। राजा सिंह ने कहा कि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं अनुशासितकारी ने भी पूरा सहयोग किया और हमारे लोगों की मांगों को प्रमुखता से रखकर पूरा कराया इसके लिए यह लोग भी बहुत-बहुत धन्यवाद के पात्र हैं।

### कलेक्ट्रेट में की गई एक और प्याऊ की व्यवस्था



- डीएम के निर्देश पर चकबंदी कार्यालय के पास शुरू हुआ नया प्याऊ

कन्नौज। भीषण गर्मी और हीटवेव के बढ़ते असर को देखते हुए जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट परिसर में शीतल पेयजल व्यवस्था मजबूत कर दी है। पहले से संचालित प्याऊ के अलावा अब चकबंदी कार्यालय के समीप अतिरिक्त प्याऊ शुरू कराया गया है, जिससे परिसर में आने वाले लोगों को राहत मिल सके। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर शुरू की गई इस व्यवस्था में स्वच्छ और ठंडे पेयजल की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ ही लू से बचाव के लिए लोगों को गुड़, पेठा और गट्टा भी उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में फरियादी, अधिवक्ता और कर्मचारी पहुंचते हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच यह व्यवस्था लोगों के लिए राहत का माध्यम बनेगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को प्याऊ स्थलों की नियमित सफाई, पेयजल की गुणवत्ता और पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन की इस पहल को आमजन ने सराहनीय कदम बताया है।

### जल ही जीवन है, इसका करें सदुपयोगः पं. बनारसी दास शास्त्री

छिबरामऊ, कन्नौज। जल ही जीवन है। बिना जल के मनुष्य का जीवन असंभव है। इसलिए जल का सदुपयोग करना चाहिए। यह विचार व्यक्त करते हुए शक्तिपीठ गमा देवी की पुजारी बनारसी दास शास्त्री ने श्रद्धालुओं से कहा कि हम सभी को जल का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा। इससे पहले गायत्री महायज्ञ में सुधा अवस्थी, लता गुप्ता, शिव गुप्ता, विमल पाठक, आरती पाठक, अच्युत त्रिपाठी, गौरव द्विवेदी, अमित दुबे, भुल्लन सिंह, गौरव, कौशल आदि ने गायत्री महामंत्र की आहुति सबके कल्याण के लिए दी। अंत में आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं ने गंगा जल का चरणामृत पीते हुए हर हर गंगे, घर-घर गंगे।, प्यासे को पानी, जय गंगा महारानी का जयकारा लगाया।

# अनुराग गुप्ता बनें उप्र युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष

गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

- कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया जश्न

उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जनपद कन्नौज निवासी अनुराग गुप्ता को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सोनी जीतू एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से यह मनोनयन किया गया। नियुक्ति की घोषणा होते ही व्यापारियों एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अनुराग गुप्ता व्यापारी हितों के लिए लगातार सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा तथा प्रदेश, जनपद और नगर स्तर पर व्यापारियों के हितों की आवाज और मजबूत होगी। इस अवसर पर अनुराग गुप्ता को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वह संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे सिद्धार्थ गुप्ता दीपक गुप्ता जिला महामंत्री संजीव गुप्ता संजू सहित संगठन के कई पदाधिकारियों ने अनुराग गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे गुरसहायगंज के लिए गौरव की बात है।

# नस्ल सुधार अभियान से बढ़ेगी दूध उत्पादन क्षमता

- कन्नौज में 37,280 गोवंशों का कृत्रिम गर्भाधान
- नंद बाबा योजना से पशुपालकों को मिल रहा लाभ

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

पशुपालन विभाग द्वारा जनपद में गोवंशों की नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के 37,280 गोवंशों में कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से नस्ल सुधार का कार्य किया गया है। इससे पशुपालकों को अधिक दूध देने वाले उन्नत नस्ल के गोवंश उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी शरदूल सिंह ने



बताया कि प्रदेश सरकार गोवंशों की नस्ल सुधार को प्राथमिकता दे रही है। इससे दूध उत्पादन बढ़ने के साथ निराश्रित गोवंशों की संख्या में कमी आएगी और पशुपालकों की आय भी बढ़ेगी।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा आधुनिक तकनीकों के जरिए नस्ल सुधार कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कृत्रिम गर्भाधान करने वाले पैरावेट एवं मैत्री कर्मियों को भारत पशुधन एप पर विवरण अपलोड करने के बाद प्रति पशु 50 रुपये मानदेय दिया जा रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। सीवीओ ने बताया कि नंद बाबा योजना के तहत भी उन्नत नस्ल के गोवंशों के संवर्धन की कार्रवाई की जा रही है।

वर्ष 2026-27 में इस अभियान को और तेज किया जाएगा। इसके लिए बाहरी प्रदेशों से उन्नत नस्ल की गायें लाकर नस्ल सुधार प्रक्रिया को गति दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि शासन और जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में पशुपालन विभाग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

### बिजली कटौती पर भाजपा नेता और जेई में विवाद

सौरिख/कन्नौज। सौरिख क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर एक तथाकथित भाजपा नेता और विद्युत विभाग के जेई के बीच विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि नेता ने पहले फोन पर जेई से गाली-गलौज की और बाद में सब-स्टेशन पहुंचकर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद जेई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल हो रही ऑडियो रिकॉर्डिंग भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

विद्युत विभाग के कर्मचारियों में घटना को लेकर रोष है। कर्मचारियों ने अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि वायरल रिकॉर्डिंग की जांच कराई जा रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

# बकरीद को लेकर एसडीएम-सीओ ने पुलिस बल के साथ किया भ्रमण

तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

बकरीद पर्व को शांति और कुशलता से संपन्न कराए जाने को अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ नगर का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

बताते चलें कि, 28 मई को बकरीद पर्व को लेकर तिर्वा नगर में बुधवार की सायं एसडीएम राजेश कुमार, कुलवीर सिंह, कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला ने पुलिस बल के साथ नगर का भ्रमण किया। अधिकारियों ने इस दौरान नगर में कई लोगों से बात कर बकरीद के पर्व को



कुशलता के साथ मनाए जाने का संदेश भी दिया।अव्यवस्था और अशांति फैलाने की फिराक में लगे अराजक तत्वों को अधिकारियों ने साफ संदेश दिया कि, किसी हालत में पर्वत में खलल डालने को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा जाएगा। पर्व को लेकर नगर पंचायत प्रशासन को भी नगर में बेहतर साफ सफाई के भी निर्देश दिए गए। बकरीद पर समाज के लोगों से अपील की गई कि, सभी लोग मिलकर सौहार्द के साथ पर्व को मनाए और किसी भी प्रकार से अराजकतत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की सूचना तत्काल प्रशासन को देकर सहयोग करें। पर्व की पूर्वी सायं अधिकारियों ने तिर्वा कन्नौज वाया बेला मार्ग सहित नगर के अन्य मार्गों पर भ्रमण करते हुए लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

# वीर सावरकर जयंती पर समाजसेवी युवा सम्मान समारोह का आयोजन आज

गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगर के ग्राम ज्ञानपुर में आज गुरुवार को सावरकर हेल्प फाउंडेशन द्वारा वीर सावरकर जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा तथा निस्वार्थ सेवक पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक उपस्थित रहेंगे। आयोजन का उद्देश्य समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना एवं युवाओं को सामाजिक कार्यों के प्रति प्रेरित करना है। समारोह का आयोजन सुबह 10:30 बजे से ग्राम ज्ञानपुर , जनपद कन्नौज में किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई समाजसेवी, युवा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग शामिल होंगे।



सह संचालक अमन कुशवाहा

संस्था के अध्यक्ष सचिन द्विवेदी एवं संचालक संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि संस्था लगातार जरूरतमंद बच्चों और समाज के कमजोर वर्गों के लिए कार्य कर रही है तथा भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# भाजपा सभासद ने की गंदे पानी की समस्या के समाधान की मांग

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 17 में गंदे पानी की समस्या को लेकर भाजपा नेता एडवोकेट सुशील पांडेय ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड के कई मोहल्लों में लंबे समय से गंदे पानी की निकासी की समस्या बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जलभराव और गंदे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। वार्ड में लगे पुराने हैंडपंप भी खराब पड़े हैं, जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में नए नलकूप



स्थापित कराने और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की गई है। भाजपा सभासद ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करते हुए समस्या का स्थायी समाधान कराने की अपील की है, ताकि वार्डवासियों को राहत मिल सके। इस मौके पर डॉक्टर प्रत्यूष दुबे, अनुराग अवस्थी, इन्द्रमोहन, बिल्लू यादव, सुनील दीक्षित, मोहम्मद इसरायल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विजय मिश्रा ने किया जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर नमन

गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के निर्माता एवं शांति, लोकतंत्र और प्रगति के अग्रदूत पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर के रामगंज स्थित शिविर कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्र ने कहा कि पंडित नेहरू का योगदान देश के विकास और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में अतुलनीय रहा है। विजय मिश्र ने कहा कि नेहरू जी ने स्वतंत्र भारत को नई दिशा देने का कार्य किया। उनके नेतृत्व



में देश में शिक्षा, विज्ञान, उद्योग और तकनीकी विकास की मजबूत नींव रखी गई। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत बनाते हुए भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू का जीवन युवाओं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। देश के प्रति उनकी सोच और सेवा भावना को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भी पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना के अलावा कांग्रेस की कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुकानदार की आंखों के सामने बाइक ले उड़ा चोर, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सदर कोतवाली क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी बेखौफ वारदात को अंजाम दे रहे हैं। सरायमीरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गतबस स्टैंड के पास न्यू कचहरी रोड पर स्थित एक किराना दुकानदार की बाइक उसके सामने से ही चोरी कर ली गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

बताया गया कि ÷आत्मा÷ नाम से मशहूर युवक की किराना दुकान के बाहर बाइक खड़ी थी। इसी दौरान एक चोर बड़े आराम से आया और



बाइक लेकर फरार हो गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में चोर बिना किसी डर के सड़क पर आराम से बाइक ले जाता दिखाई दे रहा है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

- बस स्टैंड के पास बदमाश ने दिया चोरी को अंजाम, पुलिस जांच में जुटी
- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने शुरू की आरोपी की तलाश

खड़े कर दिए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इलाके के व्यापारियों में घटना को लेकर नाराजगी है।

# डीएम-एसपी ने ईदगाह तक पैदल मार्च कर सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा थाना मऊदरवाजा से ईदगाह तक पैदल मार्च कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया गया।


मस्जिद के बाहर पूछताछ करती डीएम


फ्लेग मार्च करती डीएम व एसपी

पैदल मार्च के दौरान अधिकारियों ने मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख स्थलों, संवेदनशील बिंदुओं, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं पुलिस बल की तैनाती आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अधिकारियों ने ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे त्योहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था पूर्ण रूप से बनी रहे। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता के साथ त्योहार मनाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को सूचित करें। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कहा कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री साझा न करें तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। पैदल मार्च के दौरान संबंधित क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष की ली बैठक


बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित गंभीर प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कुल 09 प्रकरणों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। समीक्षित प्रकरणों में 07 प्रकरण पॉक्सो एक्ट से संबंधित तथा 02 प्रकरण दहेज हत्या से संबंधित थे। बैठक के दौरान प्रत्येक प्रकरण की वर्तमान स्थिति, विवेचना की प्रगति, पीड़ित पक्ष को उपलब्ध कराई गई सहायता तथा लंबित कार्यवाहियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों में फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट का भी अनिवार्य रूप से परीक्षण किया जाए। जिससे मामलों में वैज्ञानिक एवं तथ्यात्मक साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि पीड़ितों एवं उनके परिजनों को शासन द्वारा अनुमन्य सहायता, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर मामलों के शीघ्र निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा ऐसे मामलों में त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मस्जिद व ईदगाह के अंदर ही अदा होगी नमाजः डीएम


जानकारी देती जिलाधिकारी

▸ प्रशासन की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में सड़क पर नमाज़ नहीं होगी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

बकरीद के त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जिला प्रशासन ने 28 मई को मनाए जाने वाले बकरीद ईद-उल-अजहा के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पूरे राज्य में कड़े सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये गये है। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सड़क पर नमाज़ अदा नहीं की जाएगी। नमाज केवल मस्जिदों और ईदगाहों के अंदर ही पढ़ी जाएगी। डीएम ने बताया कि जिले में कुल 171 मस्जिदें और 58 ईदगाहें हैं, जहां बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। पिछले शुक्रवार को धर्मगुरुओं और पुलिस अधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इसके अलावा सभी थाना स्तरों पर भी पीस कमेटी की बैठकें संपन्न हो चुकी हैं। प्रशासन की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में सड़क पर नमाज़ नहीं होगी। यदि नमाजियों की संख्या अधिक होती है, तो लोग बारी-बारी से नमाज़ अदा कर सकते हैं। डीएम ने नगर पालिका अधिकारियों को त्योहार के दौरान साफ-सफाई और अवशेषों के उचित निस्तारण के लिए पर्याप्त गड्ढे तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पानी और बिजली की आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि त्योहार के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को पीटा


जानकारी देती पीड़िता

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के गाँव भोगपुर निवासी काजल पुत्री अमरपाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका विवाह 4 नवम्बर 2020 को उसके पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज देकर हरीओम पुत्र रामसरन निवासी भटमई थाना कम्पिल के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति ने दिए गए दहेज को लोकल बताते हुए फेंकने लगा और गाली देते हुए पत्नी के साथ मार पीट करता था। सुबह को पति हरीओम ने पत्नी से कहा हमे शादी में दिया हुआ पुराना लोकल सामान अपने पिता से कहकर नया दिलवाओ और साथ में एक बाइक, सोने की चैन घर से लेकर आओ। पत्नी ने मना कर दिया कि मेरे पिता गरीब है तुम्हें दहेज कम थोड़ी दिया। इसी बात पर गुस्साए पति ने पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। पड़ोस में रह रही नन्द ज्योती पत्नी कमलेश ने अपने भाई अमरपाल को फोन करके बताया कि काजल को उसके पति ने बहुत मारा पीटा है। मयके से परिजन बेटी की ससुराल पहुंचे और उसे घायल अवस्था में थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर काजल का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# शरारती तत्वों ने हनुमान जी की मूर्ति की क्षतिग्रस्त

▸ सीओ व थानाध्यक्ष ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र के गाँव पंचायत त्योरी इस्माइलपुर स्थित एक मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। अज्ञात शरारती तत्वों ने रात के समय इस घटना को अंजाम दिया। सुबह जब ग्रामीण पूजा करने पहुंचे, तो उन्होंने मूर्ति को खंडित पाया। मंदिर में स्थापित हनुमान जी की मूर्ति का एक हाथ टूटा हुआ था, जो जमीन पर पड़ा मिला। इस घटना के बाद मंदिर परिसर में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और गांव में तनाव का माहौल बन गया। गांव निवासी मुकेश दुबे ने घटना की सूचना तत्काल नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बारीकी से जांच करने के बाद घटना की जानकारी क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा को दी। सूचना मिलने पर सीओ अजय वर्मा भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीओ अजय वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।


जांच पड़ताल करती पुलिस

# महिलाओं ने उतारी मां गंगा की आरती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

मां गंगा के अवतरण दिवस के दूसरे दिन देर शाम पांचाल घाट पर गंगा आरती का आयोजन हुआ।

फतेहगढ़ व फर्रुखाबाद की संभ्रांत महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जरुरतमंदों को सामग्री वितरित की। बड़ी संख्या में महिलाओं ने एसपीजीआर इंटर कालेज की प्रबंधिका विनीता पाठक व प्रधानाचार्या सुभ्रा पाठक के साथ गंगा तट पर पहुंचकर आरती की।

आरती में मां गंगा का पूजन किया गया और सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने मंगल गीत गाये और मां गंगा की आरती उतारी। वहां लोगों को जरुरत की चीजे सामग्री वितरित की। इस मौके पर अनुज सिंह, इंदरजीत कौर, अनीता कटियार, वंदना बंसल, गरिमा, सुधा, अंजू बाजपेयी, अल्का, अर्चना गुप्ता, कविता, पूनम सहित बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद रही।


मां गंगा की आरती करती महिलायें

# 28 से 30 मई तक तेज आंधी, तड़ित झंझावात, ओलावृष्टि की चेतावनी

## जनसामान्य, किसानों एवं पशुपालकों हेतु विशेष एडवाइजरी जारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा जारी प्रभाव आधारित मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद में आगामी दिनों में मौसम अत्यंत खराब रहने की संभावना है। विभाग द्वारा 28 मई से 30 मई तक तेज आंधी, तड़ित , तेज हवाएं तथा ओलावृष्टि को लेकर चेतावनी जारी की गई है।

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 28 मई को आंधी एवं तड़ित झंझावात की संभावना है। हवा की गति 50 से 60 किमी प्रति घंटा तथा झोंकों में 70 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। 29 मई से 30 मई तक तीव्र आंधी एवं तड़ित झंझावात की संभावना है। हवा की गति 70 से 80 किमी प्रति घंटा तथा झोंकों में 90 किमी प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना। कई स्थानों पर ओलावृष्टि होने की भी प्रबल संभावना व्यक्त की गई है।



**संभावित प्रभाव:**

कच्चे मकानों, झोपड़ियों एवं अस्थायी ढांचों को नुकसान पहुंच सकता है। पेड़, होर्डिंग्स एवं बिजली के खंभे गिरने की संभावना। विद्युत आपूर्ति बाधित हो सकती है। तेज हवाओं एवं धूलभरी आंधी के कारण दृश्यता कम होने से सड़क यातायात प्रभावित हो सकता है। आम, केला, पपीता सहित बागवानी फसलों एवं खड़ी कृषि फसलों को नुकसान की आशंका। पशुओं के खुले में रहने पर दुर्घटना की संभावना बढ़ सकती है।

**जनसामान्य हेतु सावधानियां:**

खराब मौसम के दौरान घरों के अंदर सुरक्षित रहें तथा अनावश्यक यात्रा से बचें। खिड़की-दरवाजों को अच्छी तरह बंद रखें एवं ढीली वस्तुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें। पेड़ों, बिजली के खंभों एवं टूटे तारों से दूर रहें। बिजली कड़कने के दौरान मोबाइल चार्जिंग, टीवी, कंप्यूटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अनप्लग रखें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं तथा खुले मैदानों में जाने से बचें। मौसम संबंधी अद्यतन जानकारी प्रशासन एवं मौसम विभाग के माध्यम से प्राप्त करते रहें।

**किसानों हेतु विशेष सलाह:**

गन्ना, मक्का एवं अन्य लंबी फसलों को सहारा देकर बांधें। सब्जियों एवं बागवानी फसलों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था रखें। ओलावृष्टि से बचाव हेतु नेट, पॉलीशीट अथवा अन्य सुरक्षात्मक आवरण का उपयोग करें। कटाई योग्य फसलों की शीघ्र कटाई एवं सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करें। आम के बागों में गिरे फलों को तुरंत अलग करें, ताकि सड़न न फैले।

**पशुपालकों हेतु सलाह:**

पशुओं को खुले स्थान पर न बांधें तथा सुरक्षित शेड में रखें। पशुओं के चारे एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर लें। जनपद प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें तथा केवल अधिकृत मौसम बुलेटिन एवं प्रशासनिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत युवाओं से आवेदन आमंत्रित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जनपद के समस्त शिक्षित एवं रोजगारोन्मुख युवा भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में प्रशिक्षण एवं रोजगारोन्मुख अनुभव प्रदान किये जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

योजना के अंतर्गत 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवा, जिन्होंने स्नातक डिप्लोमा, आई0टी0आई0, इंटरमीडिएट अथवा हाईस्कूल उत्तीर्ण किया है, आवेदन करने के पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी योजना के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को देश के 19 विभिन्न सेक्टरों की लगभग 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जायेगा। योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को इंटर्नशिप अवधि के दौरान न्यूनतम रू0 9000 प्रतिमाह की वित्तीय सहायता एक वर्ष तक प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर रू0 6000 की एकमुश्त अनुदान राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर पोर्टल स्वतः बायोडाटा तैयार करेगा। तत्पश्चात संबंधित कंपनियां अपने चयन मानकों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें इंटर्नशिप आफर प्रदान करेंगी। जनपद के समस्त पात्र एवं इच्छुक युवाओं से अपील की जाती है कि वे अधिकाधिक संख्या में योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु समय से ऑनलाइन आवेदन करें तथा अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ायें। अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय अथवा योजना के आधिकारिक पोर्टल का अवलोकन कर सकते हैं।

# लूट के मामले में चार आरोपियों पर दोष सिद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

घर में घुसकर लूटपाट करने के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त जगदीश पुत्र रमेश, नरेश पुत्र हरिपाल, रामसिंह पुत्र मालिखान, महावीर पुत्र सिकंदर समस्त निवासीगण ग्राम राई राजेपुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 30 मई की तिथि नियत की गई है। विगत सात वर्ष पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम लडती पत्नी जवाहर लाल ने न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिसमें बताया कि समय करीब आठ बजे वह अपनी छत पर खाना बना रही थी, पास डिब्बी जल रही थी, घर पर मेरी सास नन्ही देवी, पुत्री पूजा मौजूद थी। मेरी पति दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते है। घटना के समय वह दिल्ली में थे। शाम के आठ बजे गांव के जगदीश, नरेश, राम सिंह, महावीर घर में घुसकर जीने से छत पर आ गए। जगदीश के हाथ में तमंचा राम सिंह के हाथ में सरिया, नरेश, महावीर के हाथ में डंडे थे, सभी लोगों के साथ मारपीट करने लगे। चीख पुकार की आवाज सुनकर कई लोग आ गए। सोने की जंजीर तोड़ ली, जान से मारने की धमकी चले गए। पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर न्यायालय में याचिका दायर की। दोनों पक्षों की सुनवाई के दौरान साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त जगदीश, नरेश, राम सिंह, महावीर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 30 मई की तिथि नियत की गई है।

# कोर्ट के आदेश पर विवादित जमीन की हुई नाप जोख

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

काफी दिनों से चल रहे जमीनी विवाद में कोर्ट के आदेश पर कमीशन अमीन नाप जोख करने पहुंचे। इस दौरान विरोध के चलते भारी पुलिस बल तैनात रहा।

कस्बा नवाबगंज स्थित बिजली घर के प्रांगण में कुछ समाज के लोगों ने सरकारी जमीन पर अपना कब्जा बना लिया। जिसमें रेनू शर्मा पत्नी राम रतन की जमीन पर भी दबंग आरोपी गणों ने अपना कब्जा जमा लिया, जिसका मुकदमा उन्होंने न्यायालय में डाल दिया। जिस पर कई बार कमीशन अमीन नोप जोख करने गए, लेकिन वहां दबंग लोगों तथा महिलाओं का भारी विरोध हुआ। जिस पर कई बार कमीशन अमीन राजीव कुमार अपनी टीम के साथ वापस लौटे। जिस पर उन्होंने न्यायालय के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक को पत्र भेज कर पुलिस फोर्स की मांग की थी। शाम 5 बजे कमीशन अमीन राजीव कुमार अपनी टीम के साथ पहुंचे। जिसमें कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह, अरविंद कुमार तथा महिला पुलिस भारी संख्या में वहां पहुंच गए। भारी पुलिसबल की मौजूदगी में कमीशन अमीन राजीव कुमार ने नाप जोख की तथा संबंधित को न्यायालय जाने की बात कही।


नाप जोख के दौरान मौजूद राजस्व कर्मी व भारी पुलिस बल

# दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपी तलब, सुनवाई 15 जून को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

दुष्कर्म के मामले में पीड़िता के चाचा ने अधिवक्ता दीपक द्विवेदी के माध्यम से न्यायालय में परिवाद दायर किया था। जिस पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पास्को एक्ट मेराज अहमद ने आरोपी धनश्याम उर्फ भानू व प्रेम को धारा 376, 506 व पास्को एक्ट तथा एससी/एसटी एक्ट व अभियुक्ता अन्नू देवी को तलब किया है। सुनवाई के लिए अगली तिथि 15 जून की तिथि नियत की गई है।

थाना कादरीगेट के चांदपुर निवासी पीड़ित ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि उसके भाई की मृत्यु के बाद उसकी भतीजी अपनी मां के साथ रही है। उसकी मां मानसिक रोगी है। पड़ोसी घनश्याम उर्फ भानू पुत्र नामालूम, अन्नू देवी पत्नी भगवानदास, प्रेम पुत्र राजू है। घनश्याम उर्फ भानू की सोने चांदी की दुकान है।

उसी की दुकानों में प्रार्थी की अनुजवधू अन्नू पत्नी भगवानदास कपड़ों की दुकान किए हुए है। यह बात सन 2022 के सावन महीने की है। घनश्याम उर्फ भानू की पत्नी मायके बच्चों के साथ गई हुई थी। प्रार्थी की अनुज वधू ने मेरी भतीजी से कहा कि घनश्याम अकेले हैं उनके घर पर काम कर लो। इसी बात पर भतीजी घनश्याम के घर गई।

इसी दौरान धनश्याम ने भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। घटना पीड़िता ने अपनी चाची को बतायी। जिस पर उन्होंने धमकी दी। वहीं आरोपी प्रेमी ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिस पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पास्को एक्ट मेराज अहमद ने अभियुक्तगण घनश्याम उर्फ भानू एवं प्रेम को धारा-376,506 भा0दं0सं0 व धारा-3/4 पॉक्सो एक्ट तथा धारा 3 (2), एस0सी0/एस0टी0 एक्ट तथा अभियुक्ता अन्नू देवी को धारा-376,506 व धारा 3 (2)अ एस0सी0/एस0टी0 एक्ट व धारा-3/4, 17 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत विचारण हेतु तलब किया जाता है। कार्यालय परिवाद को विशेष सत्र परीक्षण के रूप में अभिलेख पंजिका एवं कम्प्यूटर में दर्ज करे। परिवादी नियमानुसार आवश्यक पैरवी अन्दर 7 दिन करे। परिवादी सूची गवाहान भी प्रस्तुत करे। सुनवाई के लिए अगली तिथि 15 जून की तिथि नियत की गई है।

## साथी ने महिला लेखपाल से की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़। महिला लेखपाल ने अपने साथी लेखपाल पर छेड़छाड़ व अभद्रता का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। कानपुर नगर वर्रा-3 जनता नगर निवासी एक युवती ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वर्तमान समय में तहसील कायमगंज में लेखपाल के पद पर कार्यरत है। प्रार्थिनी का एक साथी लेखपाल दीपक कुमार पुत्र राम आसरे जो कि झीझक कानपुर देहात का निवासी है जो कि प्रार्थिनी को आये दिन परेशान करता है। 1 मई को घटना स्थल पी.एन. फाउनडेशन में लेखपाल दीपक कुमार उपरोक्त ने मेरा हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। किसी तरह से प्रार्थिनी वहाँ से भागी और तब इसने अश्लील इशारे करके बदतमीजी की। आए दिन फोन पर भद्दी-भद्दी गाली गलौज करता है। जब गाली देने से मना किया तो पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी तथा मेरे पिता को फोन करके भद्दी भद्दी गालियाँ दी तथा जानसे मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर सिनौली क्षेत्रीय लेखपाल दीपक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

# युवक की हत्या के मामले में महिला पर दोषसिद्ध, सजा 29 मई को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

▸ हालत अधिक गंभीर होने के कारण डॉ. राममनोहर अस्पताल भर्ती करवाया, उपचार के दौरान हो गई थी मौत

पेट्रोल डालकर आग लगाकर युवक की हत्या करने के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष एफ टीसी प्रथम न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने अभियुक्त ममता पत्नी रमेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 29 मई की तिथि नियत की गई है।

विगत तीन वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम वीरपुर निवासी राजबेटी पत्नी राकेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 27 अक्टूबर 2023 को सुबह लगभग सात बजे गांव के ही ममता ने राकेश से रुपए मांगे तो मेरे पति राकेश ने रुपए देने से मना कर दिए तो इस पर ममता व उसके रमेश ने राकेश के ऊपर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी। जिससे मेरे पति राकेश कुमार का शरीर जल गया। चीख पुकार को सुनकर लोगों ने आग बुझाई। इलाज के लिए इलाज के सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। हालत अधिक गंभीर होने के कारण डॉ. राममनोहर अस्पताल भर्ती करवाया। उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने ममता के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। रमेश के खिलाफ आरोप पत्र अलग दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेई की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने अभियुक्त ममता को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

सजा के बिंदु पर 29 मई की तिथि नियत की गई है, रमेश की पत्रावली पृथक कर दी।

# एसडीएम व सीओ ने की सार्वजनिक जगह पर नमाज न पढ़ने की अपील

**कायमगज, समृद्धि न्यूज।**

बकरीद के त्योहार को लेकर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने पुलिस बल के साथ नगर के क्षेत्रों में भ्रमण कर मुख्य मार्गो पर सुरक्षा का जायजा लिया। प्रशासन ने साफ किया कि ईद के दिन निर्धारित स्थानों पर ही नमाज अदा की जाएगी। शान्ति व्यवस्था भंग करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।



प्लेग मार्च करते एसडीएम व सीओ

प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशो का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी, यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने या शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। ईद के त्योहार को शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने लगातार फुट पेट्रोलिंग और प्लैग मार्च की गई। उन्होंने कहा ईद पर कई स्थानों पर नमाज पढी जाएगी सभी स्थानों पर पुलिस ड्युटी भी लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि नमाज समय से और शन्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए सभी तैयारिया पूरी कर ली गई है।

प्लेग मार्च के दौरान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कस्वा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी, उपनिरीक्षक राम नरेश माथुर, कांस्टेबिल आर्य चौधरी, हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सचिन कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## आचार्य अनुज कृष्णा का पांडेश्वर नाथ मंदिर में हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राचीन पांडेश्वर नाथ मंदिर में वृंदावन से पधारे भागवत आचार्य अनुज कृष्णा का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धा रानी संस्थान के संस्थापक संजय गर्ग ने अन्य भक्तों के साथ मिलकर आचार्य को अंग वस्त्र ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह एवं तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

आचार्य अनुज कृष्णा ने कथा के दौरान श्रीराम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा ही जीवन को सफल बनाती हैं। भगवान श्रीराम का चरित्र समाज को सदाचार और प्रेम का मार्ग दिखाता है।



रामदरबार व तुलसी के पौधे भेंट करते संस्था के लोग

### संस्थान ने बांटे तुलसी के पौधे

कार्यक्रम में समाजसेवी संजय गर्ग ने संस्थान की ओर से आए हुए सभी भक्तों को तुलसी का पौधा वितरित किया। उन्होंने सुख-समृद्धि और आरोग्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तुलसी पूजन से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है। सम्मान समारोह में संरक्षक श्रद्धा रानी स्मृति संस्थान विनय अग्रवाल, नेहा शुक्ला, प्रीति दुबे, सिमरन सिंधी, अर्चना वर्मा, पूनम वर्मा, रोहित शर्मा, प्रमोद गुप्ता, अश्वनी चौहान, कविता शुक्ल सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। मंदिर परिसर भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा।

## अपनी इच्छाओं, घमंड, ईर्ष्या और स्वार्थ को अल्लाह के लिए करें कुर्बान: मौलाना अब्बास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ईद-उल-अज़्हा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आज्ञाकारिता, कुर्बानी, त्याग और ईश्वर-भक्ति का महान संदेश है। यह मुबारक दिन हमें हज़रत इब्राहीम और हज़रत इस्माईल की उस महान कुर्बानी की याद दिलाता है, जब उन्होंने अल्लाह के हुक्म के सामने अपनी सबसे प्रिय चीज़ भी कुर्बान करने में कोई संकोच नहीं किया। मौलाना मोहम्मद अब्बास ने बताया कि बकरईद का वास्तविक संदेश यह है कि इंसान अपनी इच्छाओं, घमंड, ईर्ष्या और स्वार्थ को अल्लाह की रज़ा के लिए कुर्बान करे। जानवर की कुर्बानी दरअसल इस बात का प्रतीक है कि इंसान हर हाल में अपने पालनहार के आदेश को अपनी इच्छाओं पर प्राथमिकता दे। यह ईद हमें ग़रीबों, ज़रूरतमंदों और बेसहारा लोगों का ख्याल रखने की शिक्षा भी देती है। कुर्बानी का गोश्त बाँटकर इस्लाम समानता, भाईचारे और मानवता की सेवा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है। आज के दौर में ईद-उल-अज़्हा का सबसे बड़ा संदेश यही है कि हम अपने भीतर प्रेम, त्याग, धैर्य और सहानुभूति की भावनाएँ पैदा करें और समाज में एकता तथा भाईचारे को बढ़ावा दें।



जानकारी देते मौलाना

यदि हम कुर्बानी की वास्तविक भावना को समझ लें, तो हमारा समाज शांति, प्रेम और भलाई का केंद्र बन सकता है। अल्लाह तआला हमें ईद-उल-अज़्हा के सच्चे संदेश को समझने और उस पर अमल करने की तौफीक प्रदान करे। जुमे में बयान किया। जिसमे मौलाना फरहत अली जैदी, सैय्यद अम्मार अली जैदी, सैयद आफताब हुसैन, मुंनवर हुसैन, मुन्तजिर हुसैन जैदी, मुसरत अली जैदी, युसूफअली जैदी, फिरोज हुसैन, मुशरफ हुसैन रिजवी, मोहम्मद हुसैन रिजवी मौजूद रहे।

## ग्राम कढ़हर में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का किया गया उपचार



स्वास्थ्य परीक्षण कराते मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय आयुष्मान आरोग्य मंदिर कढ़हार द्वारा ब्लॉक राजेपुर की ग्रामसभा कढ़हर में वृद्धजनों की देखभाल हेतु एक नि:शुल्क वृद्धावस्था होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने कुल 112 रोगियों 48 पुरुष, 64 महिला का विधिवत स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके तापमान, वजन, बीपी, हृदय चाल, श्वसन, रक्त में ऑक्सीजन स्तर, इत्यादि की जांच कर संबंधित रोगानुसार नि:शुल्क होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया गया। साथ ही चिकित्साधिकारी ने सभी , उनके परिजनों एवं शिविर में उपस्थित अन्य ग्रामवासियों को रोगों से बचाव के उपचार, नियमित योग ,मए साफ सफाई के महत्व, पौष्टिक भोजन एवं वर्तमान में चल रही लू एवं हीट स्ट्रोक से बचने के विभिन्न उपाय समझाए। चिकित्साधिकारी के साथ आलोक कुमार, प्रवीण, नरसिंह, दयाराम, रामानंद त्रिवेदी, अशोक, श्रीराम, कैलाश, बनवारी इत्यादि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता परिषद की बैठक में 138 एनआई एक्ट पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को अधिवक्ता परिषद काशी फर्रुखाबाद इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वाध्याय मण्डल का कार्यक्रम 138 एनआई एक्ट के विषय पर चर्चा हुई। स्वाध्याय मण्डल के प्रभारी अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा एवं सहयोगी अधिवक्ता दिवाकर द्विवेदी द्वारा रुपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि किशोर मिश्रा रहे। अतिथि के रुप में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भानू प्रताप सिंह व अध्यक्ष संतोष सिंह रहे। संचालन अधिवक्ता हरिप्रकाश ने किया। इस मौके पर शिवेन्द्र मोहन मिश्रा, शिवम त्रिपाठी, रौनक सक्सेना, मनोज यादव, गौरव, अशोक यादव, सलीम राजा, संदीप पाल, सूक्ष्म प्रताप सिंह, विभा दुबे, शिवानंद मिश्रा, अमित वर्मा, शिवओम पाण्डेय, मोहित यादव, यश गुप्ता, कृष्णा दीक्षित, अरविन्द राजपूत आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



र्यक्रम में मौजूद अधिवक्ता

### ससुरालियों ने दामाद व उसके परिजनों को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कासगंज के थाना दरियावगंज के गांव ककराला निवासी शैलेन्द्र कुमार का लगभग छह माह पूर्व अपनी पत्नी से विवाद हो गया था। जिसके चलते शैलेन्द्र की पत्नी अपने मायके जाकर रहने लगी। बुधवार शैलेन्द्र अपने परिजनों के साथ अपने ससुरालीजनों के बुलाने पर अपनी ससुराल गांव काँधेमई बातचीत करने आया। दोपहर लगभग डेढ़ बजे बातचीत के दौरान ससुरालीजन शैलेन्द्र व उसके परिजनों को गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर ससुरालीजन शैलेन्द्र व उसके परिजनों को मारपीट करने लगे। बचाने आई बहन नीतू व भाई सचिन को भी मारपीट की। मारपीट के दौरान बहन नीतू ने गले मे पहने सोने की चैन तोड़ने का आरोप लगाया। थाना पुलिस को शैलेन्द्र ने ससुरालीजनों के खिलाफघटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

## संस्कार भारती की कार्यशाला में मेहंदी विद्या का दिया गया प्रशिक्षण



मेंहदी का प्रशिक्षण लेते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संस्कार भारती के तत्वावधान में मेहंदी विद्या को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक निधि बाजपेई ने सूक्ष्म दक्षता के साथ नई-नवीन और आकर्षक मेहंदी डिजाइन बनाने का प्रशिक्षण दिया। आयोजकों ने बताया कि मेहंदी भारत की प्राचीन कला है। वर्तमान समय में -विवाह, त्योहार और पार्टियों में यह विशेष फैशन बन गई है। कार्यशाला में पारंपरिक डिजाइन के साथ-साथ आधुनिक पैटर्न सिखाए गए।

**पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन का संगम**

प्रशिक्षण में पहले स्क्रैच द्वारा डिजाइन बनाना, फिर स्टेंसिल और स्वयं-निर्मित पैटर्न से मेहंदी लगाने की विधि बताई गई। फूल-पत्ती, बेल, बिन्दु और मानवीय आकृतियों को सरल तरीके से सिखाया गया, ताकि प्रतिभागी आसानी से सीख सकें।

### रोजगार परक प्रशिक्षण पर जोर दिया

संस्कार भारती का उद्देश्य मेहंदी कला को रोजगार से जोड़ना भी है। आयोजकों ने कहा कि कला में अभिरुचि रखने वाली महिलाएं इस प्रशिक्षण के बाद आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कार्यशाला में सहयोगी गौरव मिश्रा, अनुराग अग्रवाल, अरविंद दीक्षित, कुलभूषण अग्रवाल, आदेश अवस्थी, सुरेंद्र पांडेय, नवीन मिश्रा, दीपक रंजन सक्सेना, रवींद्र भदोरिया, अनुराग पांडेय रिंकू आदि का सहयोग रहा।

- आयोजकों ने कहा कि कला में अभिरुचि रखने वाली महिलाएं इस प्रशिक्षण के बाद आत्मनिर्भर बन सकती हैं
- कार्यशाला में पारंपरिक डिजाइन के साथ-साथ सिखवाए गए आधुनिक पैटर्न



शहीद को श्रद्धांजलि देते लोग

### अनाज खंड के महामंत्री के प्रतिष्ठान पर मनाया गया प्रेरणा दिवस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नवीन मंडी समिति अनाज खंड के महामंत्री पिंटू राठौर के प्रतिष्ठान पर प्रेरणा दिवस के रूप में व्यापारिक हित के लिए जो व्यापारी शहीद हुए थे, जिसमें प्रमुख रूप से 26 मई 1979 को सेल टैक्स के आंदोलन में पुलिस की गोली से शहीद हुए हरिश्चंद्र अग्रवाल एवं अन्य व्यापारी की स्मृति में प्रेरणा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शहीद व्यापारी भाइयों को पुष्प अर्पित करके एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, शिव बालक शर्मा, रंजीत कुमार एवं महेंद्र कुमार, शशांक गुप्ता, आशीष गुप्ता, राजुल गुप्ता, कैलाश राठौड़, आलोक गुप्ता, महेंद्र शाक्य, अनिल शाक्य, प्रवीण यादव, दिनेश गंगवार, शैलेश गंगवार, सुधाकर दुबे, रजनेश यादव, पिंटू गुप्ता, आकाश बाथम, राजीव बाथम, राधेश्याम, कौशल, अतुल शाक्य, जितेंद्र तिवारी, प्रशांत सक्सेना, पिंटू राठौर सहित अनेको व्यापारी ने श्रद्धा सुमन एवं मोमबत्ती जलाकर एवं शहीदों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया।

## गंगा तट पर चला स्वच्छता अभियान, लोगों को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में गंगा नदी को स्वच्छ अविरल निर्मल बनाने हेतु पांचाल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रभागीय निदेशक वन विभाग राजीव कुमार के निर्देशन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई युवाओं एवं स्थानीय लोगों ने स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया। गंगा तट पर फैली खंडित मूर्तियां, प्लास्टिक, पॉलिथीन, कपड़े एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री एकत्रित की गई एवं उसका निस्तारण किया गया। अभियान के दौरान लगभग दो कुंतल कूड़ा एकत्रित किया गया। प्रभागीय निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि गंगा स्वच्छता अभियान निरंतर साप्ताहिक रूप से चलाया जाएगा। प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः सात बजे गंगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालय, स्वयंसेवी संगठन, संस्थाएं एवं अन्य लोगों की प्रतिभागिता रहेगी। जिससे लोगों को गंगा को स्वच्छ अविरल निर्मल बनाने का संदेश मिलेगा। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया कि गंगा स्वच्छता अभियान के द्वारा लोगों को अपने नदियों की विशेषताओं के बारे में अवगत कराया जाएगा एवं समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जुड़ने का अवसर मिलेगा।



श्रमदान करते समिति के लोग

जिसके द्वारा सभी लोग अपने स्तर से अपनी नदियों, पर्यावरण को संरक्षण रखने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर एडीओ पंचायत ओम पांडे, प्रशिक्षक रोहित दीक्षित, गंगा योद्धा सुमित कुमार, घनश्याम एवं मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने अन्य लोगों को जागरूक किया।

## दबंगों ने घर में घुसकर दंपत्ति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर दंपत्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर निवासी सुनील कुमार बुधवार सुबह लगभग दस बजे घर पर बैठा था, तभी गांव के ही निवासी युवक व उसके साथी सुनील कुमार के घर आये और गाली-गलौज करने लगे। सुनील कुमार की पत्नी राधिका ने गाली-गलौज का विरोध किया। जिसपर युवक व उसके साथी राधिका को लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। बचाने आये पति सुनील कुमार को भी मारपीट की। मारपीट के दौरान सुनील कुमार के ईट के लगे चट्टे को भी गिरा दिया। ईटें गिरने से सुनील कुमार की चारा मशीन भी छतिग्रस्त हो गई और पास ही बंधा बछड़ा चोटिल हो गया। युवक व उसके साथी सुनील कुमार व उसके परिवार को जानमाल की धमकी देते हुए चले गए। मारपीट में सुनील कुमार व उनकी पत्नी राधिका चोटिल ही गई। थाना पुलिस को सुनील कुमार ने नामजद घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।




**सूचना**

मैंने अपने छोटे पुत्र रजत गंगवार व उसकी पत्नी अंजली कटियार के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **कुसमा देवी पत्नी स्व0 हरेन्द्र सिंह गंगवार निवासी बरझाला, कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**


## मूर्ति अनावरण और महाकुंभ रैली के लिए उपमुख्यमंत्री को किया गया आमंत्रित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सात कालिदास मार्ग स्थित प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से उनके कैंप कार्यालय में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कुलदीप पाल ने पहुंचकर मुलाकात की और फर्रुखाबाद के इतिहास में पहली बार पहली मूर्ति का 7 जून दिन रविवार को न्याय, साहस और सुशासन की मिसाल, माता अहिल्याबाई होल्कर का संदेश है हर नारी के लिए बेमिसाल। अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति अनावरण और महाकुंभ रैली में आने के लिए उपमुख्यमंत्री को आमंत्रित किया साथ में भारतीय जनता पार्टी टूंडला से विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि छिबरामऊ राहुल पाल, विमल कुमार पाल, विपिन कुमार प्रजापति, कुलदीप पाल के सहयोगी त्रिलोकी नाथ पाल उपस्थित रहे।



उपमुख्यमंत्री से मिलते कुलदीप पाल

### दबंगों ने मां-बेटे को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव बराकेसब निवासी सुनीता देवी पत्नी रामनिवास के घर के पास आम गली है। जिसको गांव के ही युवक व उसके साथी जबरन बंद करने लगे। जब सुनीता देवी ने गली बंद करने का बिरोध किया तो युवक गाली-गलौज करने लगे। तभी सुनीता देवी का पुत्र रजनेश मौके पर आकर वीडियो बनाने लगा। जिसपर युवकों ने राजनेश को मारपीट करने लगे। बचाने आई मां सुनीता देवी को भी मारपीट की। थाना पुलिस को सुनीता देवी पत्नी रामनिवास ने घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।


**पी0एम0 श्री जवाहर नवोदय विद्यालय**
(नवोदय विद्यालय समिति की एक इकाई)
शिक्षा मंत्रालय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार
PM SHRI JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA
(A unit of Navodaya Vidyalaya Samiti)
Ministry of Education, Deptt. Of School Education and Literacy, Govt. of India
रोहिला, मोहम्मदाबाद जनपद-फर्रुखाबाद (उ0प्र0) पिन कोड-209651
Rohilla, Mohammadabad District-Farrukhabad Pin code-209651
Website: https://www.navodaya.gov.in nvsnvs-school/FARRUKHABAD/en/about_us/About-JNV
E-mail:- jnvfarrukhabad@gmail.com
School code:- 74017 CBSE Affilation No: 2140007

विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षा, सदैव प्राथमिकता हो हमारी।

संदर्भ संख्या-/जनविफ/2026-27/991 दिनांक:27/05/2026

**नीलामी सूचना**

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, रोहिला, फर्रुखाबाद के भण्डारों में बेकार पड़े सामानों की नीलामी दिनांक 29 मई 2026 समय 11:00 बजे, जनवि-रोहिला, फर्रुखाबाद में कमेटी के सदस्यों के समक्ष जनवि परिसर में होनी सुनिश्चित की गयी है, अतः जो क्रेता पुराने सामानों की खरीद फरोक्त करते हैं और जिनका जीएसटी में पंजीकरण है, इच्छुक क्रेता नीलामी के समय विद्यालय में उपस्थित होकर उक्त प्रक्रिया में भाग ले सकते है नीलामी के समय टोकन मनी, लैटर पैड एवं अन्य प्रपत्र भी जमा करने होगें। मद 01 फर्नीचर, 02 बैडिंग आइटम, 03 पुराने बर्तन, 04 कार्यालय उपकरण एवं कन्टीजेन्सी एन0सी0।

प्राचार्य
पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय
रोहिला, मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मितौली खीरी। थाना क्षेत्र के ग्राम किरमानी निवासी दीप कमल पुत्र स्वर्गीय काशीराम को नाबालिग लड़की को भगाने एवं दुष्कर्म के आरोप में मितौली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल करुणेश वर्मा तथा कांस्टेबल अमन पाल की टीम ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना मितौली में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### शारदा नदी में डूबी किशोरी का शव दो दिन बाद बरामद, ग्रामीणों की मेहनत लाई रंग



ईसानगर, खीरी। खमरिया थाना क्षेत्र के लखपेड़ा गांव की किशोरी के शारदा नदी में डूबने के बाद चल रही तलाश बुधवार को समाप्त हो गई। ग्रामीणों की लगातार मेहनत और पुलिस की मदद से किशोरी का शव बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार लखपेड़ा गांव निवासी जगदीश गौतम की 14 वर्षीय पुत्री कोमल सोमवार को शारदा नदी में डूब गई थी। घटना की सूचना मिलते ही खमरिया थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। शारदा नदी की सीमा सीतापुर जिले के तंबौर थाना क्षेत्र से जुड़ी होने के कारण तंबौर पुलिस को भी सूचना दी गई थी। दो दिनों तक ग्रामीणों और पुलिस की संयुक्त कोशिशें लगातार जारी रहीं। बुधवार सुबह करीब 6 बजे मानपुर घाट के पास किशोरी का शव दिखाई देने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची तंबौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

### भ्रामक और भड़काऊ पोस्ट करना युवक को पड़ा भारी, मैलानी पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा




बांकेगंज-खीरी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ कथित भ्रामक और भड़काऊ पोस्ट करना एक युवक को भारी पड़ गया। मैलानी पुलिस ने आरोपी सिद्धार्थ गौतम निवासी ग्राम अटवा थाना नीमगांव के खिलाफ बीएनएस व आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी लगातार मैलानी और बांकेगंज पुलिस पर निराधार आरोप लगाते हुए माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा था। हम भी पैंथर हैं जैसे उत्तेजक शब्दों का प्रयोग कर लोगों को भड़काने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को लोक-शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### गंगा दशहरा महोत्सव में झांकियों को देख भक्त हुए भाव-विभोर

प्रतापगढ़। श्री गंगा दशहरा महोत्सव में मंगलवार को देर रात तक विभिन्न प्रकार के मां गंगा अवतरण की झांकियां देख भक्त भाव विभोर हो गए। देर रात तक भक्त दीप जलाकर मां से आशीर्वाद मांगा।आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह मुन्ना भैया व संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने अतिथिगण को मां की चुनरी व मां की प्रतिमा एवं पौध देकर सम्मानित किया। महोत्सव को सफल बनाने में एसडीएम सदर, सीओ सिटी, शहर कोतवाल, ईओ नगर पालिका, अग्निशमन अधिकारी, चौकी प्रभारी आदि को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह मुन्ना भैया ने कहा कि मां बेल्हा देवी की कृपा से 21वां श्री गंगा दशहरा महोत्सव इतिहास रचने में सफल रहा।संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि मां बेल्हा देवी की कृपा से 21वां श्री गंगा दशहरा महोत्सव सफल हुआ। इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने में व महोत्सव को सफल बनाने में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की मेहनत से इतना बड़ा आयोजन सकुशल संपन्न हुआ। आयोजन समिति सभी के प्रति आभार ज्ञापित करती है। रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी मीडिया परिवार का, मां के भक्तों व पूरी आयोजन समिति के प्रति भी आभार जताया।व्यवस्था प्रभारी रघ्घु पंडा मां से प्रार्थना की सभी भक्तों का कल्याण करें। रंगोली बनाने में अभिलाषा, दीपा, वंदना, प्रतीक्षा, किंजल आदि की टीम ने रंगोली बनाकर महोत्सव में चार चांद लगाया। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, संतोष कुमार, श्याम उमरवैश्य, देवानंद, रघु पंडा, जगदंबा प्रसाद (जग्गू पंडा),सुरेश मास्टर, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, नीरज त्रिपाठी, दिनेश सिंह दिन्नू, विपिन गुप्ता, मुकेश आदि हजारों की संख्या में मां के भक्तों ने दीपोत्सव आरती पूजन में सहभागिता की।

### एल्बम देखने के दौरान हंसी बनी खूनी विवाद की वजह, चाचा ने भतीजे पर किया चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार



महराजगंज। भिटौली थाना क्षेत्र के परसा खुर्द गांव में मामूली कहासुनी ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। एल्बम देखने के दौरान हंसी-मजाक को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि चाचा ने अपने ही भतीजे पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। परसा खुर्द निवासी नितेश अपने परिवार के साथ एल्बम देख रहा था। इसी दौरान किसी बात पर हंसी होने लगी, जिसे लेकर चाचा मनीष प्रजापति नाराज हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और विवाद इतना बढ़ गया कि मनीष ने आपा खोते हुए भतीजे पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से नितेश गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़ा। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही भिटौली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी 27 वर्षीय मनीष प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी उसके घर से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) व 109(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार राय ने बताया कि आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव और हेड कांस्टेबल पप्पू यादव शामिल रहे।

### छतिग्रस्त हुई बोलेरो, चालक को आई सामान्य चोटें



हलिया (मिर्ज़ापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज हलिया मार्ग स्थित रतेह गांव में बुधवार सुबह नौ बजे के करीब तेज गति से आ रहे बाइक सवार को बचाने में बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे यूकेलिप्टस के पेड़ से टकराते हुए क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में बोलेरो चालक को सामान्य चोटें आई हैं। वहीं बाइक चालक घटना के बाद मौके से बाइक लेकर भाग निकला। हलिया क्षेत्र के छतरिहा गांव निवासी 40 वर्षीय हारून अली अपनी बोलेरो गाड़ी लेकर ड्रमंडगंज से हलिया की ओर जा रहे थे। जैसे ही रतेह गांव में पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे बाइक सवार को बचाने में बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे यूकेलिप्टस के पेड़ से टकराते हुए क्षतिग्रस्त हो गई। संयोग था कि घटना में बोलेरो चालक को हल्की फुल्की चोटेंआई। वहीं बोलेरो से टकराकर गिरा बाइक सवार कुछ देर बाद अपनी बाइक लेकर भाग निकला। घटना की सूचना मिलने पर अगल बगल के लोगों की भीड़ जुट गई। बोलेरो चालक ने स्थानीय स्तर पर अपना उपचार करवाया।

### हाईवे पर अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, दो युवक गंभीर घायल, पुलिस पीछा करने का आरोप

हलिया (मिर्ज़ापुर)। हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक सड़क किनारे खड़ी दूसरी बाइक से भी टकरा गई। विकास तिवारी पुत्र सुनील तिवारी (25) और जयप्रकाश शर्मा पुत्र संतोष शर्मा (22) निवासी गड़लाल गांव, थाना गढ़, रीवा, मध्य प्रदेश, पल्सर बाइक से रीवा से अपनी बहन के यहां सोनभद्र जा रहे थे। बबुरा भैरव दयाल के पास हाईवे पर पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे। टक्कर के बाद पल्सर बाइक सड़क किनारे खड़ी प्लैटिना बाइक से जा टकराई, जिससे वह भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी।ईएमटी संतोष भारतीय और पायलट विनोद यादव मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों ने आरोप लगाया कि पीछे से पुलिस वाले उनका पीछा कर रहे थे, इसलिए वे बाइक तेज गति से भगा रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था, इसी वजह से भाग रहे थे।

# बाढ़ से पहले खीरी प्रशासन अलर्ट, डीएम ने बनाया 'वार रूम प्लान'

- हर गांव तक पहुंचेगी चेतावनी, एनडीआरएफ-एसडीआरएफ भी रहेगी तैयार
- तटबंधों की मरम्मत, राहत शिविर, वैकल्पिक रास्ते, पशु सुरक्षा और मेडिकल टीमों पर फोकस

लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।

मानसून से पहले संभावित बाढ़ को लेकर खीरी जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्ट्रेट में आयोजित द्वितीय जिलास्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने साफ कहा कि इस बार बाढ़ से निपटने की तैयारी सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि हर संवेदनशील गांव, राहत शिविर, तटबंध और संपर्क मार्ग की जमीनी मॉनिटरिंग की जाएगी।



डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ की आशंका वाले गांवों की सटीक मैपिंग कर उन्हें क्लस्टर और जोन में बांटा जाए, ताकि आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्य तेजी से किए जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता लोगों की जान बचाने, समय से राहत पहुंचाने और संचार व्यवस्था को हर हाल में चालू रखने की होगी।

बैठक में यह भी तय किया गया कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ के दौरान संपर्क टूटने की आशंका रहती है, वहां पहले से वैकल्पिक मार्ग चिन्हित किए जाएंगे। मोबाइल नेटवर्क फेल होने की स्थिति से निपटने के लिए विशेष कम्युनिकेशन प्लान तैयार किया जा रहा है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक समय से चेतावनी पहुंचाई जा सके।

डीएम ने राहत एवं बचाव कार्यों के लिए पीएसी, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की तैनाती को लेकर भी विस्तृत तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर ये टीमें रुकेंगी वहां शुद्ध पेयजल, बिजली, शौचालय, मोबाइल-वायरलेस नेटवर्क और वाहनों की सुगम आवाजाही की पूरी व्यवस्था रहनी चाहिए।

बैठक में सिंचाई विभाग को मानसून शुरू होने से पहले सभी तटबंधों और बांधों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का कार्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संभावित कटान और अत्यधिक जलदबाव की स्थिति से निपटने के लिए जरूरी संसाधन पहले से उपलब्ध रखने को कहा गया। नगरीय निकायों को शहरों के बड़े नालों की सफाई और जलभराव वाले क्षेत्रों में पंपिंग व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि बाढ़ के दौरान पशुओं की सुरक्षा भी प्रशासन की प्राथमिकता होगी। संवेदनशील क्षेत्रों की गौशालाओं को चिन्हित कर गोवंशों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। पशु शिविर, चारा और टीकाकरण की व्यवस्था भी समय से सुनिश्चित की जाएगी। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए मोबाइल मेडिकल टीमों का गठन कर दिया गया है। बाढ़ चौकियों और राहत शिविरों में ओआरएस, क्लोरीन टैबलेट, एंटी स्नेक वेनम, सेनेटरी नैपकिन और अन्य जरूरी दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक की शुरुआत में अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड अजय कुमार ने पीपीटी के माध्यम से नदियों के जलस्तर, तटबंधों की स्थिति और कटानरोधी कार्यों की जानकारी दी। बैठक के अंत में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 1077 को पूरी तरह सक्रिय रखने, मल्लाहों और गोताखोरों की सूची अपडेट करने तथा आपदा के समय त्वरित राहत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## विश्व कल्याण हेतु 13वें श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ, तृतीय दिवस यज्ञशाला में अग्नि प्रकट कर शुरू हुआ पूजन



मितौली-खीरी। विकासखंड मितौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत दतेली कलां स्थित प्राचीन सदाशिव लीलाधारी बाबा जंगलीनाथ शिव मंदिर परिसर में विश्व कल्याण और जनमानस की सुख-समृद्धि के उद्देश्य से आयोजित 13वें श्री रुद्र महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का धार्मिक वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आयोजन के तीसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञशाला में अग्नि प्रकट कर विधिवत पूजन-अर्चन का शुभारंभ कराया गया। यज्ञाचार्य ज्ञानेश पांडे ने बताया कि यह महायज्ञ 25 मई से प्रारंभ होकर 31 मई तक चलेगा तथा अंतिम दिन पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार 13 वर्षों से श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सरायन नदी के उत्तरायण प्रवाह के कारण यह स्थल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। महायज्ञ में दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र दीक्षित, पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश मिश्रा, श्रीप्रकाश मिश्रा, अनुराग दीक्षित, गौरव दीक्षित, रजनीश दीक्षित, राकेश अवस्थी, संगीत मिश्रा, राकेश दीक्षित, रामशंकर मिश्रा, श्यामू मिश्रा, शिवसेवक मिश्रा, योगेश दीक्षित सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं।

## आयुष आपके द्वार शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, आयुर्वेदिक परामर्श व योगाभ्यास से मिला स्वास्थ्य लाभ

- डॉ. अमन ने स्वस्थ दिनचर्या और योग अपनाने के लिए किया जागरूक

ओयल, खीरी, समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखीमपुर-खीरी डॉ. सुमन्त कुमार के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार सिंह के संयोजन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ओयल द्वारा ग्राम परवानसिंह पुरवा में ÷आयुष आपके द्वार÷ निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और



आयुर्वेदिक परामर्श व योगाभ्यास का लाभ लिया। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर में दो अलग-अलग काउंटर बनाए गए। वृद्धजनों के लिए काउंटर-2 तथा सामान्य मरीजों के लिए काउंटर-1 की व्यवस्था की गई, जिससे लोगों को बिना परेशानी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाएं वितरित कीं। उन्होंने लोगों को संतुलित दिनचर्या अपनाने, प्राकृतिक जीवनशैली से जुड़ने तथा आयुर्वेद, मर्म चिकित्सा और योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग और सही खानपान से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर ओयल के अंशकालिक योग प्रशिक्षक (पुरुष) सौरभ राज ने ग्रामीणों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। योगाभ्यास के दौरान ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया और इसे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया। शिविर के सफल संचालन में चिकित्सालय कर्मचारी दुर्गा प्रसाद एवं अन्य स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## जिलाधिकारी ने गोड़े में स्थापित आंवला फंक्शनल पैक हाउस का किया निरीक्षण

प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विकास खण्ड सदर के अन्तर्गत ग्राम गोड़े में स्थापित आंवला फंक्शनल पैक हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंवला फंक्शनल पैक हाउस का उपयोग स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन का केंद्र बनाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाइयों को इससे जोड़ने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि जो महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कार्य करने की इच्छुक हैं अथवा जो लघु इकाइयां आंवला आधारित उत्पाद तैयार करना चाहते उन्हें आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि आंवले से मुरब्बा, कैंडी, जूस, पाउडर, अचार सहित अन्य उत्पाद तैयार कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के बेहतर अवसर



विकसित किये जा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि आंवला उत्पादों के विपणन एवं प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे उत्पादों को बाजार उपलब्ध हो सके और लोगों को स्थायी रोजगार मिल सके। निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत राय, उपायुक्त उद्योग एस.एस. रावत उपस्थित रहे।

## हम तुमसे मोहब्बत किया ठीक, अब तुम खुश रहो हमारे बिना- सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर युवक ने दी जान

निघासन-खीरी। सिंगाही थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जो घटना के बाद पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार सिंगाही कस्बा निवासी करीब 20 वर्षीय इरफान का प्रेम संबंध रचना नाम की एक विवाहिता महिला से चल रहा था। बताया जाता है कि दोनों की मुलाकात लगभग एक वर्ष पहले एक शादी समारोह में हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। परिजनों के मुताबिक पिछले कुछ समय से दोनों के रिश्तों में खटास आ गई थी और इसी



बात को लेकर इरफान काफी परेशान रहने लगा था। बताया जा रहा है कि रचना हाल ही में इरफान को छोड़कर अपने पति के पास वापस चली गई थी। इस बात से इरफान मानसिक रूप से टूट गया था। परिजनों का कहना है कि उसने रचना को वापस आने के लिए काफी मनाने की कोशिश की, लेकिन वह तैयार नहीं हुई। इसी तनाव में आकर मंगलवार देर रात इरफान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले इरफान ने करीब 1 मिनट 44 सेकेंड का एक वीडियो बनाया। वीडियो में वह भावुक होकर कहता नजर आया, ÷हम तुमसे मोहब्बत किया ठीकज अब तुम खुश रहो हमारे बिना।÷ साथ ही उसने यह भी कहा कि उसकी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराया जाए और रचना को कोई परेशान न करे। घटना की सूचना मिलते ही सिंगाही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि महिला के पति द्वारा पहले भी इरफान, उसके पिता और भाई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है और युवक द्वारा बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर विभिन्न वाहनों का हुआ पूजन



महराजगंज। नगर पंचायत आनन्दनगर कार्यालय पर आज नगर के साफ सफाई आदि कार्यों को लिए आये नये विभिन्न वाहनों का पूजन किया गया। जिससे कार्य अधिक से अधिक सुदृढ़ तरीके से सम्पन्न हो सके और पथ प्रकाश व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में सहयोग हो सके।आज नगर पंचायत कार्यालय परिसर पर नये कूड़ा कलेक्शन वाहन एवं लिफ्टर का विधिवत पूजन कराया गया। यह नई व्यवस्था नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उक्त पूजन नगर पंचायत आनन्दनगर के पूर्व चेयरमैन और चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल के देख रेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी अनुज भारती सहित सम्मानित सभासद एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## अवैध खनन माफियाओं पर प्रशासन का बड़ा प्रहार, 71 वाहन सीज, जिलेभर में मचा हड़कंप

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

जनपद में अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ पुलिस व प्रशासन ने अब तक की बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन माफियाओं पर जोरदार शिकंजा कसा है। एसपी शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत दो दिनों में कुल 71 वाहनों को सीज किया गया है। प्रशासन की इस कड़ी कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है और पूरे जिले में खनन माफियाओं के बीच भय का माहौल बन गया है। संयुक्त टीम द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों, नदी किनारों, निर्माणाधीन क्षेत्रों तथा खनन प्रभावित



इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से मिट्टी और बालू खनन तथा उनके परिवहन में लगे वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान जिन वाहन चालकों और स्वामियों से खनन अनुमति, परिवहन प्रपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगे गए, वे संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद नियमानुसार सभी वाहनों को सीज करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। अभियान के दूसरे दिन बुधवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 71 वाहनों को सीज किया। इनमें 32 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 5 लोडर, 2 जेसीबी मशीन, 5 डम्पर, एक ट्रक, एक पिकअप वाहन और एक दोपहिया वाहन शामिल हैं। इससे पहले मंगलवार को भी संयुक्त टीम ने 24 वाहनों पर कार्रवाई की थी, जिनमें 13 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 7 लोडर, 2 जेसीबी मशीन और 2 डम्पर शामिल थे। लगातार दूसरे दिन हुई इस ताबड़तोड़ कार्रवाई ने अवैध खनन कारोबारियों की नींद उड़ा दी है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान कई स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई और अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखी गई। एसपी शक्ति मोहन अवस्थी ने कहा कि अवैध खनन न केवल सरकार को राजस्व की भारी क्षति पहुंचाता है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और कानून व्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले में लगातार अभियान चलाकर ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें और अवैध खनन एवं अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। अधिकारियों का कहना है कि आगे भी इसी तरह लगातार अभियान चलाकर अवैध खनन माफियाओं के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जाएगा।

## ग्रामीण पत्रकारों के हक की लड़ाई और निष्पक्षता ही बालेश्वर लाल को सच्ची श्रद्धांजलि: लाल बहादुर

- ज्ञानानंद इंटर कॉलेज पड़री में मनाया गया ग्रामीण पत्रकारिता दिवस
- भाजपा जिलाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार सम्मानित

मीरजापुर, समृद्धि न्यूज।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी की पुण्यतिथि को ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में बेहद गरिमामयी ढंग से मनाया गया। सदर तहसील के अंतर्गत श्री ज्ञानानंद इंटर कॉलेज, पड़री में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में जिले के कोने-कोने से आए पत्रकारों और प्रबुद्धजनों ने स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मीरजापुर के जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने की।

**वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान:** इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, समाज को आईना दिखाने और ग्रामीण अंचलों की आवाज बुलंद करने वाले कई वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

**पत्रकार रत्न सम्मान:** प्रेस क्लब



के संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार अमरेश मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर राजेश मिश्रा और एक हिन्दी दैनिक के वरिष्ठ पत्रकार नितिन अवस्थी को उनकी दीर्घकालिक व उत्कृष्ट पत्रकारिता सेवाओं के लिए पत्रकार रत्न से नवाजा गया।

**ग्रामीण पत्रकार रत्न सम्मान:** वरिष्ठ पत्रकार विजय प्रताप सिंह और अरुण तिवारी को ग्रामीण अंचलों में बेबाक पत्रकारिता के लिए ग्रामीण पत्रकार रत्न से सम्मानित किया गया।

**मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष का ओजस्वी वक्तव्य:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज ने स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी के अवदान को याद करते हुए कहा- ग्रामीण पत्रकारिता देश के लोकतंत्र की वो बुनियाद है, जिसके बिना विकास की कल्पना अधूरी है। स्वर्गीय बालेश्वर लाल ने उस दौर में ग्रामीण पत्रकारों को संगठित करने का काम किया जब गांवों की आवाज दबा दी जाती थी। आज के समय में भी ग्रामीण पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में, बिना किसी सुख-सुविधा के, समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाते हैं। ग्रामीण पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ना और पत्रकारिता में निष्पक्षता बनाए रखना ही बालेश्वर लाल जी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमारी सरकार और संगठन हमेशा पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध है। आज सम्मानित होने वाले सभी पत्रकारों को मैं बधाई देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि वे ग्रामीण भारत की आवाज को इसी तरह बुलंद करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और सभी आगंतुक अतिथियों व पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सदर तहसील अध्यक्ष विभूति भूषण सिंह, जिला उपाध्यक्ष गौरव उमर, मंडल अध्यक्ष अशोक मौर्या, प्रधान संघ के प्रदेश सचिव राकेश यादव और प्रभारी रामदेव सरोज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर अभय तिवारी, सत्येंद्र विश्वकर्मा, अरविंद तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, अमित ओझा, कृष्ण कुमार सरल सहित भारी संख्या में स्थानीय पत्रकार और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।